जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**The man who rewrote Chinese History**

Despite losing some of the most precious of his manuscripts, when a monsoon storm broke just as he was crossing the Indus, Xuanzang was greeted as a returning hero on his return to Chang'an by the Tang Emperor, Taizong, himself.

**Oldest Known Complex Organic Molecules**

# अमित मालवीया ने राहुल की स्मृति ईरानी के मुतल्लिक की गई टिप्पणी को झूठा व सहानुभूति बटोरने का प्रयास बताया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जुलाई। अमेठी के घाव अभी भरे नहीं हैं और राहुल गांधी तर्क और शान्ति के स्वर में बोल रहे हैं।

एक ट्वीट में राहुल गांधी ने कहा है – "जीत और हार तो जीवन में होती ही रहती है।"

"मेरा सभी लोगों से कहना है कि हार–जीत को लेकर स्मृति ईरानी या अन्य किसी नेता के लिये अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने तथा अप्रिय (शब्दों का प्रयोग करने) से बचें।"

"लोगों को नीचा दिखाना तथा उन्हें अपमानित करना कमज़ोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।"

अमेठी से लोकसभा चुनाव हार जाने के बाद, स्मृति ईरानी ने लुटियन्स दिल्ली, का मन्त्रियों वाला अपना सरकारी बँगला कल खाली कर दिया। सोशल मीडिया पर उन्हें बहुत ज्यादा ट्रोल किया गया। ऐसा करने वाले ज्यादातर कांग्रेसजन तथा राहुल के प्रति सहानुभूति रखने वाले लोग थे।

इस ट्रोलिंग की प्रतिक्रिया में राहुल गांधी ने यह ट्वीट किया।

भाजपा के अलावा हर व्यक्ति द्वारा राहुल गांधी के इस ट्वीट को उनकी सद्भावना व उदारता के रूप में देखा जा रहा है। पर भाजपा राहुल गांधी की आलोचना कर रही है।

एक दूसरे को नीचा दिखाने के इस खेल में, राहुल गांधी एक सहिष्णु स्वर के रूप में उभरे हैं, जबकि भाजपा उस समय अपनी खुशी एवं उत्साह को नहीं छुपा सकी थी, जब 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी सीट पर स्मृति ईरानी से हार गए थे।

उस समय राहुल का भारी मज़ाक उड़ाया गया था तथा उन्हें पराजित एवं "नॉन परफॉर्मर" बताया गया था।

पर 2024 में स्थितियाँ उलट गई हैं। राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़े, जबकि गांधी परिवार के एक समर्थक के.एल. शर्मा ने अमेठी से स्मृति ईरानी को हरा दिया।

स्मृति ईरानी की हार का उत्सव भाजपा कार्यकर्ताओं तक ने मनाया था, जिसका कारण सम्भवतः ईरानी की हेकड़ी एवं अहंकार था।

भाजपा राहुल के इस ट्वीट से असहज दिखाई दे रही है। अमित मालवीय ने तो इसे एक कपटपूर्ण मैसेज की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने स्मृति ईरानी, जिन्होंने राहुल गांधी को अमेठी छोड़ने के लिये मजबूर कर दिया था, के खिलाफ पार्टी के लोग भेड़ियों के झुन्ड की तरह खुले छोड़ रखे थे।

इस बार, मन, वचन और कर्म–सब कुछ राहुल गांधी के पक्ष में रहा है तथा उन्होंने, इस तथा अन्य मुद्दों पर, भाजपा के उन्माद (हिस्टीरिया) के प्रदर्शन के बजाय, एक धीर–गम्भीर परिपक्व व्यक्ति की तरह व्यवहार किया है।

- "एक तरफ तो कांग्रेस ने स्मृति ईरानी को तंग करने के लिये, पीछा करने के लिये सोशल मीडिया पर, कांग्रेस समर्थकों की भीड़ छोड़ रखी है, दूसरी ओर राहुल गांधी सहानुभूति दिखाते हुए ट्वीट करते हैं।"
- अमित मालवीया कुछ भी कहें, पर, राहुल गांधी की टिप्पणी को भारी समर्थन मिला, आम जनता से तथा यह राउण्ड निःसंदेह राहुल गांधी के पक्ष में गया है।
- स्मृति ईरानी ने लूटियन्स दिल्ली का सरकारी बंगला, जो उन्हें निवास हेतु आवंटित था, आज खाली कर दिया।
- राहुल, एक दूसरे को नीचा दिखाने की इस प्रवृत्ति के युद्ध में विजयी नज़र आए, अपना बडप्पन दिखाकर। क्योंकि, 2019 में जब राहुल गांधी अमेठी संसदीय चुनाव, स्मृति ईरानी के मुकाबले में हार गये थे तो उनकी बहुत खिल्ली उड़ायी गयी थी तथा राहुल गांधी को कभी न जीत सकने वाला पप्पू व राजनीति में कुछ हासिल ना करने की क्षमता रखने वाला अयोग्य राजनीतिज्ञ बताया था।

## 25 जून, संविधान हत्या दिवस घोषित

- सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जुलाई। देश के आम चुनावों में चुनावी नुकसान के बाद कांग्रेस के प्रति प्रतिशोधात्मक कार्यवाही करते हुए मोदी सरकार ने आज एक अधिसूचना जारी कर 25 जून को "संविधान हत्या दिवस" के रूप में मनाने की घोषणा की, वर्ष 1975 में इसी दिन आपातकाल घोषित किया गया था।

इसकी शुरुआत के बारे में घोषणा करते हुए, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विशेष रूप से कांग्रेस का उल्लेख करते हुए कहा कि "संविधान हत्या दिवस" को मनाने से व्यक्तिगत स्वतंत्रता की शाश्वत लौ ज्वलंत बनाए रखने में तथा प्रत्येक भारतीय के भाव जीवित बनाए रखने में मदद मिलेगी, इस प्रकार से कांग्रेस जैसी तानाशाही वाली ताकतों को "दुबारा भयाक्रांत" करने से रोका जा सकेगा।

- केन्द्रीय गृह मंत्री ने विशेष रूप से कांग्रेस का उल्लेख करते हुए यह घोषणा की। इस संबंध में शुक्रवार को गज़ट अधिसूचना जारी की गई।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना में उल्लेख किया गया है कि आपातकाल की घोषणा 25 जून, 1975 को की गई थी, परिणामस्वरूप उसके बाद के दिन से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'राजनीति में हार-जीत तो लगी ही रहती है'

## राहुल गांधी ने ट्वीट कर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व नेताओं से अपील की कि स्मृति ईरानी के लिये ओछी भाषा का उपयोग न करें और न ही गंदी व चुभने वाली टिप्पणियाँ लिखें

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जुलाई। प्रतिशोध और कलह से भरे हुये राजनैतिक दौर में एक दुर्लभ भाव–भंगिमा का परिचय देते हुये, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लोगों से अपील की है कि वे पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रति "अप्रिय" टिप्पणी करने से बचें। ज्ञातव्य है कि स्मृति ईरानी ने 2019 में अमेठी सीट पर राहुल को 55,000 वोटों से हराया था तथा उसके बाद, इस साल हुये आम चुनाव में वे गांधी परिवार के वफादार किशोरी लाल शर्मा से 1.61 लाख से अधिक वोटों से हार गई थीं। उल्लेखनीय है कि शर्मा का यह पहला ही चुनाव था।

राहुल गांधी की इस सद्भावनापूर्ण मुद्रा का महत्व इस तथ्य के चलते और बढ़ जाता है कि 2019 में ईरानी ने उन पर कटाक्ष करते हुये कहा था कि "भाजपा की एक साधारण कार्यकर्ता ने गांधी परिवार का बोरिया–बिस्तर गोल कर दिया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आज की राजनीति के संकीर्ण तथा अंध भक्ति वाले स्तर से ऊपर उठ कर विपक्ष के नेता ने अपने शब्दों के द्वारा एक बड़ी रेखा खींच दी है और उनके ये शब्द उनके आचरण एवं व्यवहार से मेल खा रहे हैं।

आज "एक्स" पर ट्वीट करते हुये गांधी, जो इस समय लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, ने लिखा है, "जीत और हार" तो जीवन में होती रहती है। मैं प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह करता हूँ कि स्मृति ईरानी या किसी भी अन्य नेता के प्रति अपमानजनक भाषा तथा अप्रिय शब्दों का प्रयोग न करें।"

यहाँ यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी इस अपील के पीछे कौन सी विशिष्ट घटना रही, लेकिन राहुल गांधी की यह अपील उनके इस रूख के अनुरूप ही है कि वे राजनीति के एक वैकल्पिक अर्थात भिन्न ब्रॉन्ड के पक्षधर हैं। उन्होंने कई बार कहा है कि घृणा एवं द्वेष के इस वातावरण में "मोहब्बत की दुकान" खोलना चाहते हैं।

चुनावों से पहले यह चर्चा जोरों पर थी कि राहुल गांधी 2024 के अपने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- स्मृति ईरानी ने गांधी परिवार के पुराने वफादार किशोरी लाल शर्मा को कांग्रेस द्वारा अमेठी में उम्मीदवार बनाने पर, कहा था कि यह घटना सबूत है कि कांग्रेस ने अमेठी में हार स्वीकार कर ली, मतदान से पहले ही।
- राहुल गांधी के रायबरेली व वायनाड से चुनाव लड़ने पर, स्मृति ईरानी ने कहा था, यह दूसरी बार है कि राहुल गांधी अमेठी से भागे हैं। वे पहली बार 2019 में भी अमेठी से हार कर भाग गये थे।
- 2019 की जीत के बाद, स्मृति ईरानी ने गांधी परिवार पर व्यंग कसा था कि "भाजपा के एक साधारण कार्यकर्ता ने गांधी परिवार को, सामान पैक करके, घर जाने को मजबूर कर दिया है।"

## 'हैडलाइन बटोरने की कवायद'

-सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जुलाई। कांग्रेस ने आज मोदी सरकार की 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में घोषित करने की कड़ी आलोचना की और इस कदम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा "समाचारों की सुर्खियां बटोरने का एक पाखंड" बताया है।

कांग्रेस की यह प्रतिक्रिया केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इस घोषणा के बाद आई है कि सरकार ने 25 जून, जिस दिन वर्ष 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी, को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है, ताकि उन लोगों को "विशाल योगदान" को याद किया जा सके जिन्होंने उस अवधि के दौरान अमानवीय कष्टों को सहन किया था।

कांग्रेस महासचिव (प्रभारी, सूचना) जयराम रमेश ने इस पर तंज कसा कि "अब यह "नॉन बायोलॉजिकल" प्रधानमंत्री के द्वारा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- कांग्रेस ने, मोदी सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने पर उक्त टिप्पणी की और कहा कि भविष्य में चार जून को "मोदी मुक्ति दिवस" मनाया जाएगा।

# रीट पेपर लीक के मास्टर माइंड ने कई राज़ उगले

## आरोपी हनुमान मीणा ने पुलिस को बताया कि उसने रीट, लिपिक, पटवारी व एस.आई. परीक्षा में डमी प्रत्याशी बिठाए थे

टोंक, 12 जुलाई (निसं)। रीट परीक्षा में डमी कैन्डिडेट बैठाए जाने के मामले में स्पैशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) ने कोटा में तैनात रहे राजस्वकर्मी और टोंक जिले के बिलौता गांव के निवासी हनुमान मीणा को चार दिन के रिमांड पर लेकर कई राज़ उगलवाए हैं।

जानकारी के अनुसार, हनुमान मीणा ने टोंक में बिलौता निवासी राम लाल मीणा की जगह डमी कैन्डिडेट की व्यवस्था की थी, जिसे लेकर टोंक में प्रकरण भी दर्ज हुआ। एस.ओ.जी. पिछले चार दिनों से इस मामले में पूछताछ कर रही है, जिसमें सामने आया है कि उसने रीट ही नहीं बल्कि लिपिक, पटवारी और एस.आई. भर्ती परीक्षा में भी डमी कैन्डिडेट बैठाया है।

जांच अधिकारी द्वारा दस्तावेज जांच के दौरान फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद आर.पी.एस.सी. के अनुभाग अधिकारी ने अजमेर के सिविल लाइन्स थाने में ज़ीरो एफ.आई.आर. दर्ज कराई थी, जिसका प्रकरण टोंक जिला मुख्यालय स्थित कोतवाली थाने में दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी रामलाल मीणा की गिरफ्तारी होने के बाद हनुमान मीणा की भूमिका का भी खुलासा हुआ था। जांच अधिकारी और ए.एस.पी. गीता चौधरी ने बताया कि दर्ज प्रकरण को लेकर रिमांड पर चल रहे हनुमान मीणा का जालौर व सांचौर कनैक्शन भी सामने आया है। रामलाल के लिए जिस डमी कैन्डिडेट को टोंक के दरबार स्थित परीक्षा केंद्र पर बिठाया गया था, वह सांचौर का रहने वाला प्रवीण विश्नोई था। यह भी खुलासा हुआ है कि प्रवीण विश्नोई के लिये बिचौलिये का काम जालौर निवासी महेंद्र विश्नोई ने किया था।

आरोपी हनुमान मीणा की 4 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद सी.जे.एम. कोर्ट में पेश किया गया था, जहां कोर्ट ने उसे पुनः चार दिन की रिमांड पर भेज दिया। गौरतलब है कि एस.ओ.जी. ने हनुमान मीणा की गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था।

- हनुमान मीणा ने टोंक में बिलौता निवासी रामलाल मीणा की जगह डमी प्रत्याशी बिठाया था।
- रामलाल मीणा की गिरफ्तारी के बाद हनुमान मीणा की भूमिका सामने आई और पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की।

# भाजपा ने चुनाव के पूर्व गूगल पर विज्ञापन पर 116 करोड़ खर्च किये, कांग्रेस ने केवल 39 करोड़

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जुलाई। जिस बात पर प्रायः संदेह व्यक्त किया जा रहा था, वह अब हाल ही जारी गूगल एड्स ट्रांसपैरेंसी रिपोर्ट से पुष्ट हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार हाल ही सम्पन्न लोकसभा चुनावों में गूगल एड्स पर्चेज़ करने के मामले में भाजपा ने कांग्रेस से दो गुने से भी ज्यादा खर्च किया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि फरवरी और मई माह के दौरान गूगल पर 3,811 विज्ञापनों की तुलना में भाजपा ने गूगल के वीडियो औरा इमेज़ फॉर्मेट्स पर 1,84,247 विज्ञापन प्रसारित किए। इस अवधि में भाजपा ने गूगल एड्स पर 116 करोड़ रूपए व्यय किए जबकि कांग्रेस ने मात्र 39 करोड़ रूपए व्यय किए।

मजेदार बात यह है कि सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन्स (सी.बी.सी.), जिसे पूर्व में डी.ए.वी.पी. के नाम से जाना जाता था ने, भी लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने पूर्व भारी व्यय किया। सी.बी.सी. ने 1 जनवरी से 16 मार्च तक 877 विज्ञापन जारी कर सरकार की योजनाओं और नीतियों का आक्रामक प्रचार किया।

डिजीटल स्पेस पर भाजपा के प्रभुत्व को चुनौतियां भी मिलीं और गूगल के नीतिगत उल्लंघनों के कारण आठ विज्ञापन हटाने पड़े। उनमें से एक विज्ञापन तो एक विवादास्पद वीडियो एड से संबंधित है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को "मुस्लिम" नामक एक बड़े पक्षी को फण्ड्स की फीडिंग करते दिखाया गया था, जबकि अपेक्षाकृत छोटे पक्षियों का नाम एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. था, जिन्हें भूखा रहने दिया गया।

रिपोर्ट एक अन्य दिलचस्प पहलू के बारे में बताती है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और समाजवादी पार्टी जैसी महत्वपूर्ण राजनीतिक पार्टियों ने गूगल एड्स पर खर्चा नहीं किया, शायद इसलिए कि चुनाव प्रचार के परम्परागत तरीकों पर उन्हें ज्यादा भरोसा था। इस मामले में नवीन पटनायक का बीजू जनता दल (बी.जे.डी.) अपवाद रहा। डिजीटल एड्स पर खर्च के मामले में यह पार्टी तीसरे स्थान पर रही।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक प्रचार में एक बड़ा शिफ्ट देखने को मिला। कभी विज्ञापन के पूरक उपकरण के रूप में मानी जाने वाली डिजीटल एडवर्टाइज़िंग चुनाव प्रचार का प्रमुख माध्यम बनी। भविष्य के चुनावों में राजनीतिक पार्टियां ऑनलाइन एड्स के लिए अधिक धन का प्रावधान कर संभवतः डिजीटल प्लेटफॉर्म्स पर अपना फोकस बढ़ाकर वोटर्स को आकर्षित करेंगी।

- गूगल द्वारा जारी "गूगल एड्स ट्रांसपैरेन्सी रिपोर्ट" से यह भी उजागर हुआ कि क्षेत्रीय पार्टियों ने गूगल पर विज्ञापन बिल्कुल नहीं दिये
- केवल अपवाद थी, नवीन पटनायक की पार्टी बी.जे.डी. जो गूगल एड्स में विज्ञापन देने की दृष्टि से तीसरे नम्बर पर रही देश में।
- रिपोर्ट में यह भी जाहिर हुआ कि डिजिटल मीडिया का महत्व बढ़ रहा है, चुनावी विज्ञापनों की दृष्टि में।
- जैसा कि विदित ही है, अब तक डिजिटल एड्स (विज्ञापनों) को सहयोगी मीडिया की दृष्टि से देखा जाता था, पर, अब लग रहा है कि, भविष्य में डिजिटल एड्स की मुख्य भूमिका हो जायेगी, चुनावी विज्ञापन की दृष्टि से।

## लिलीपूल को लेकर देवराज और लालित्या पाबंद

जयपुर, 12 जुलाई (का.सं.)। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम–9 महानगर प्रथम ने सेंट्रल पार्क के पास स्थित लिलीपूल प्रोपर्टी को लेकर यथा स्थिति बनाये रखने के आदेश दिए हैं। अदालत ने पूर्व राजपरिवार के सदस्य देवराज और लालित्या को पाबंद किया है कि वह इस संपत्ति को गिरवी और बेचान सहित किसी अन्य व्यक्ति को किसी भी तरह अंतरित ना करें। अदालत ने यह आदेश मैसर्स रामबाग पैलेस होटल की ओर से दायर अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

- अतिरिक्त जिला न्यायालय ने राजमाता गायत्री देवी के पौत्र देवराज व पौत्री लालित्या को पाबंद किया है कि वे लिलीपूल को ना तो बेच सकते हैं ना गिरवी रख सकते हैं।

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता रामजी लाल गुप्ता ने बताया कि लिलीपूल परिसर प्रार्थी रामबाग पैलेस होटल प्रा.लि. का है और लाइसेंस डीड के अनुसार इस संपत्ति का स्वामित्व प्रार्थी कंपनी को मिला हुआ है। यहां तक की पूर्व राजमाता गायत्री देवी भी इसके उपयोग के बदले मासिक तीन हजार रुपए बतौर लाइसेंस फीस अदा करती थीं। गायत्री देवी की मृत्यु के बाद देवराज और लालित्या ने लिलीपूल पर अवैध कब्जा कर लिया है। अब वे दोनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## लोक अदालत का आयोजन आज

जयपुर, 12 जुलाई (का.सं.)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का शुभारंभ राजस्थान हाईकोर्ट में सुबह दस बजे किया जाएगा। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने इस शुभारंभ कार्यक्रम का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- राजस्थान हाई कोर्ट एवं अधीनस्थ न्यायालयों में शनिवार को लोक अदालत लगेगी। इसका उद्घाटन सुबह दस बजे हाई कोर्ट में होगा। लेकिन हाई कोर्ट बार एसोसिशन ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार करने की घोषणा की है।

# भाजपा नेता यासीन खान पर सड़क के बीचों बीच जानलेवा हमला

## गंभीर रूप से घायल यासीन की इलाज के दौरान एस.एम.एस. अस्पताल में मौत हो गई

नारायणपुर, 12 जुलाई (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के एक नेता पर बदमाशों ने सड़क के बीचों बीच कुल्हाड़ी व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। हमले में भाजपा नेता बुरी तरह से घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जयपुर लाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार भाजपा यासीन खान गुरुवार को एक अन्य भाजपा नेता परमेंद्र शर्मा और एडवोकेट जितेंद्र शर्मा के साथ किसी काम से जयपुर गए थे। काम निपटाने के बाद शाम को तीनों अलवर के लिए रवाना हो गए थे। इसी दौरान विजयपुरा गांव के पास बोलेरो और थार जीप में सवार करीब 12 बदमाशों ने इनकी कार को बीच सड़क पर रोक लिया। बदमाशों ने यासीन खान को कार से बाहर घसीट लिया और मारना शुरु कर दिया। हमलावर इतनी बेरहमी से यासीन खान को मार रहे थे कि उनके साथ मौजूद उनके दो साथी भी उन्हें बचाने की हिम्मत नहीं कर पाए। बदमाशों ने खान को करीब 15 से 20 मिनट तक बेरहमी से पीटा। इस दौरान उन्होंने हाथ–पैर और कमर पर कई वार किए जिससे वहां की हड्डियां टूट गई। यासीन गंभीर रुप से घायल हो गए तब हमलावर यासीन को वहीं छोड़कर फरार हो गए। घायल यासीन को उनके साथी जयपुर के सवाई मानसिंह (एस.एम.एस.) हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस बारे में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। हालांकि, इस घटना के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है। यासीन का ट्रांसपोर्ट का बिज़नेस है और वे पिछले 20 साल से भाजपा से जुड़े हुए थे।

स्थानीय निवासियों के अनुसार 23 नवंबर 2023 को यासीन के भतीजे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- घटना कोटपूतली-बहरोड़ जिले के विजयपुरा गांव की है जहाँ बीच सड़क पर बदमाशों ने यासीन की कार रूकवा कर उन्हें बाहर खींच लिया और उनके साथ मारपीट की।
- बदमाशों की संख्या लगभग 12 थी, वे थार और बोलेरो में आए थे और उनके पास कुल्हाड़ी व अन्य धारदार हथियार थे।
- यासीन को बदमाश इतनी बुरी तरह पीट रहे थे कि यासीन के साथ गाड़ी में मौजूद उनके दो साथी, भाजपा नेता परमेन्द्र शमी व वकील जितेन्द्र शर्मा भी उन्हें बचाने की हिम्मत नहीं कर पाए।
- यासीन को अधमरी हालत में छोड़कर बदमाश भाग गए और यासीन के साथियों ने उन्हें एस.एम.एस. अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ इलाज के दौरान यासीन ने दम तोड़ दिया।
- मृतक यासीन का ट्रांसपोर्ट का बिज़नैस है और वे पिछले 20 साल से भाजपा में हैं।



*अलवर के भाजपा नेता यासीन खान पर जानलेवा हमला, एस.एम.एस. अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।*

## विचार बिन्दु

उदय होते समय सूर्य लाल होता है और अस्त होते समय भी। इसी प्रकार संपत्ति और विपत्ति के समय महान पुरुषों में एकरूपता होती है।

–कालिदास

# बढ़ते शहरीकरण के साइड इफेक्ट

मानव इतिहास में संभवत: यह पहला मौका होगा जब गांवों की तुलना में शहरों में निवास करने वालों की आबादी अधिक हो गई है। एक समय था जब हमारे देश के लिए के बारें में तो कहा ही यह जाता था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। आज दुनिया के देशों की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। शहरीकरण की कमोबेस यह स्थिति दुनिया के अधिकांश देशों में हो रही है। गांवों से शहरों की और पलायन से आज दुनिया का कोई देश अछूता नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण का पैमाना विकास को माना जाता है। आज वैश्विक आबादी 8.1 अरब हो गई है। इसमें से आधी से भी ज्यादा यानी कि लगभग 56 प्रतिशत आबादी शहरों में निवास करने लगी है। इसमें हमें स्वीकारना ही होगा कि जब भी शहरों में कोई नई कालोनी विकसित होती है तो यह साफ हो जाता है कि किसी ना किसी गांव की कुर्बानी उसमें छिपी होती है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य षिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती है। पर इसके साथ ही यह सुविधाएं उस मायने में सभी को नसीब भी नहीं होती। रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुतायत में लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों, या एक से दो कमरें की मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाएं तो बहुत होती हैं पर सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र में खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। देखा जाए तो लाख सुविधाओं के बावजूद बढ़ती जनसंख्या और अन्य कारणों से शहरों में रहना दुभर ही होता जा रहा है।

दरअसल शहरीकरण के समय अन्य पहलूओं की और ध्या नही नहीं दिया जाता है। प्राकृतिक जल स्त्रोत समाप्त कर दिये जाते हैं तो पानी के संग्रहण के सारे रास्ते बंद हो जाते हैं। आबादी के घनत्व के कारण वातावरण प्रभावित होता है और जिस तरह से पर्यावरण को लेकर के समास्याओं से दो चार होना पड़ रहा है और मौसम में बदलाव देखा जा रहा है, कंक्रिट के जंगलों के कारण तापमान नित नया रेकार्ड बनाता जा रहा है वहीं पेयजल की समस्या, प्रदूषित वायु, सड़कों पर निर्बाध आवागमन की समस्या, अत्यधिक आवागमन साधनों के कारण प्रतिदिन की जाम की समस्या, नित नई बीमारियों का प्रकोप, प्रदूषित हवा पानी, अपषिष्टों के निस्तारण की समस्या और अपशिष्टों के कारण नित नए आकार लेते पहाड़, और तो और बिजली की अत्यधिक मांग के कारण आये दिन विद्युत संकट, अस्पतालों में लगती भीड़ जो बीमारी के ईलाज के स्थान पर बीमारी का कारण बनती जा रही है। माल्स कल्चर के कारण छोटे दुकानदारों और वैण्डर्स के सामने रोजगार की समस्या के साथ ही माल्स से भी मोहभंग होने के कारण घोस्ट माल्स में तबदील होत माल्स आदि ऐसी समस्याएं हैं जिनके कारण आम आदमी की सामान्य जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शुद्ध हवा पानी तो अतीत और कल्पना की बात हो चुकी है। शहरीकरण का एक दूसरा रुप हर जरुरत का बाजारीकरण के रुप में देखा जा सकता है। चारों तरफ दुकाने ही दुकाने दिखाई देती है चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो या फिर खान–पान का क्षेत्र हो। फास्ट फूड जिसके बारे में जानते हैं कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है पर जानकार ही सबसे ज्यादा इसे पसंद करते हैं और उपयोग करते हैं। दरअसल शहरीकरण के चलते रिश्ते नाते, खान–पान, रहन–सहन सबकुछ बदल गया है और उसके परिणाम सामने आने लगे हैं।

**माल्स कल्चर के कारण छोटे दुकानदारों और वैण्डर्स के सामने रोजगार की समस्या के साथ ही माल्स से भी मोहभंग होने के कारण घोस्ट माल्स में तबदील होत माल्स आदि ऐसी समस्याएं हैं जिनके कारण आम आदमी की सामान्य जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शुद्ध हवा पानी तो अतीत और कल्पना की बात हो चुकी है। शहरीकरण का एक दूसरा रुप हर जरुरत का बाजारीकरण के रुप में देखा जा सकता है। चारों तरफ दुकाने ही दुकाने दिखाई देती है चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो या फिर खान पान का क्षेत्र हो। फास्ट फूड जिसके बारे में जानते हैं कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है पर जानकार ही सबसे ज्यादा इसे पसंद करते हैं और उपयोग करते हैं।**

यदि नियोजित तरीके से शहरीकरण होता है, शहरों का विस्तार होता है, आबादी के घनत्व को ध्यान में रखा जाता है, जहां नई कॉलोनी विकसित की जाती है वहां आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है और प्राकृतिक स्त्रोतों को ताल–तलैयाओं को संरक्षित किया जता है तो समस्या का कुछ हद तक समाधान देखा जा सकता है। पर ऐसा हो नहीं रहा है। प्रबुद्ध नागरिक इसको लेकर चिंतित रहते हैं और अनियोजित शहरी विकास को नियोजित विकास का रुप दिलाने के लिए न्यायालयों तक का दरवाजा खटखटाने लगे हैं। हांलाकि आज ग्रामीण पर्यटन जैसे नए कंसेप्ट आने लगे हैं। लोग एकाध दिन गांवों में गुजारना चाहते हैं। ग्रामीण संस्कृति और रहन–सहन से रुबरु होना चाहते हैं। इस दिशा में भी केवल व्यावसायिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ जाने से परिणाम अपेक्षित प्राप्त होंगे, इस पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है।

शहरीकरण के साइड इफेक्ट हमारे सामने आने लगे हैं। ऐसें में हमें गंभीर विचार करना होगा और इस तरह के प्रयास करने होंगे जिससे प्रकृति और विकास में समन्वय बना रह सके। विकास प्रकृति को विकृत करने का माध्यम ना बन सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 13 जुलाई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, सप्तमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, हस्त नक्षत्र सायं 7:15 तक, शिव योग रविवार प्रातः 6:15 तक, वणिज करण दिन 3:06 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–वृष, बुध–कर्क, गुरू–वृष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से सायं 7:15 तक रहेगा। भद्रा दिन 3:06 से रात्रि 4:16 तक रहेगी। आज सूर्य पूजा, मत्थर दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:27 से 9:09 तक, शुभ 12:32 से 2:14 तक, लाभ–अमृत 2:14 से 5:37 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:45, सूर्यास्त 7:19

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों का विस्तार हो सकता है और व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**सिंह**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर–परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का भय बना रहेगा।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# विद्यार्थी अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र और समाज के विकास के साथ मानव कल्याण में करें'

## राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने जोधपुर में एम.बी.एम. विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में शिरकत की




**राज्यपाल कलराज मिश्र ने समारोह में विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए।**

**जोधपुर,** (कासं)। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा कि प्रौद्योगिकी शिक्षा के तहत विश्वविद्यालय युवाओं को नवाचारों से जोड़ते हुए शोध की मौलिक भारतीय दृष्टि से संपन्न करें। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचान कर उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र और समाज के विकास के साथ ही मानवता के कल्याण में करें। राज्यपाल मिश्र जोधपुर स्थित एम.बी.एम. विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने 19 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए, जिसमें 13 गोल्ड मेडल यूजी के विद्यार्थियों को, 4 गोल्ड मेडल पीजी के विद्यार्थियों को एवं 2 गोल्ड मेडल एमसीए के विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। साथ ही वर्ष 2022 एवं 2023 में उत्तीर्ण 680 विद्यार्थियों को स्नातक में उपाधियां प्रदान की। इसी प्रकार कुल 167 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर में, 28 विद्यार्थियों को बी आर्किटेक्चर में, 52 विद्यार्थियों को एमसीए में एवं 11 विद्यार्थियों को पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की गई। समारोह को संबोधित करते हुये राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रबंधन करना हमारी प्राथमिकता है। इस पहल के तहत सभी विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विशेष कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय समय पर दीक्षांत समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को समय पर उपाधियां प्रदान करें। इससे विद्यार्थी भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ अपना सर्वस्व देने के लिए तत्पर रहेंगे। मिश्र ने कहा कि शिक्षण में जो भी प्रौद्योगिकी विकसित करें वह युगानुकूल हो। उसका उपयोग मानव कल्याण के लिए करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी वैदिक भारत के सिद्धांतों को आधार बनाकर ऐसे नवाचार करें जो प्रकृति के अनुकूल हो। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों का समावेश करें, जिससे विद्यार्थी न केवल भविष्य के लिए अच्छे इन्सान और बेहतर नागरिक बनेंगे, बल्कि सांस्कृतिक रूप में भी और अधिक संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति देश को कौशल विकास से जोड़ने के साथ ही मौलिक शोध एवं अनुसंधान के लिए प्रेरित करने वाली है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स) का है, इसका उपयोग मानवता के कल्याण से जुड़े विषयों में हो। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे धरती पर जलवायु परिवर्तन अन्य विभिन्न प्रकार के संकटों को सुलझाने में अपना योगदान दें। साथ ही, "नेट ज़ीरो" के लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें, इस पर भी तकनीकी शिक्षा आधारित हो। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप चक्रवात, सुखा, बाढ़, भूस्खलन जैसे संकटों में अभियांत्रिकी के उपयोग से आपदाओं के समुचित प्रबंधन में संवाहक बनें।

मिश्र ने कहा कि यह विश्वविद्यालय देश के चुनिन्दा विश्वविद्यालय की सूची में शामिल हैं, जहां पेट्रोलियम में स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ हुआ है। यह अच्छी पहल है। इससे पेट्रोलियम रिफाईनरी में भी युवाओं को अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में केन्द्र सरकार की परियोजना के सामरिक दृष्टि के महत्व के तहत 5जी स्पेक्ट्रम प्रयोगशाला प्रारम्भ की गयी है। उन्होंने कहा कि 5जी से सम्बंधित नये नवाचारों, डिजिटल क्रांति में 5जी के प्रयोगों का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। साथ ही, विश्वविद्यालय में गैर पारम्परिक ऊर्जा के स्त्रोतों के अध्ययन के लिए "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" की स्थापना की गई, ताकि परम्परागत पाठ्यक्रमों के साथ–साथ तकनीकी क्षेत्र में होने वाले नये पाठ्यक्रमों से भी विद्यार्थी जुड़ सकेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा लूणी तहसील के डोली गांव को गोद लेकर उसके विकास के लिए किए गए कार्य को अनुकरणीय बताया। दीक्षांत समारोह में एम.बी.एम. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजय कुमार शर्मा ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के नए परिसर में स्थित नवनिर्मित संविधान स्तम्भ का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केएल श्रीवास्तव, कुलसचिव ओपी जैन, वित्त नियंत्रक, सिंडीकेट व सीनेट सदस्य, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, निदेशक, अधिकारी सहित कर्मचारीण उपस्थित रहे।

- **दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने 19 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए**

# क्रीटी टेक्नोलॉजीज और यूईएम जयपुर ने भारत का पहला एलीक्सिर लैब स्थापित किया



**क्रीटी टेक्नोलॉजीज, बैंगलोर ने यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट ( यूईएम ), जयपुर के साथ मिलकर भारत का पहला एलीक्सिर लैब स्थापित किया है।**

**जयपुर।** शैक्षणिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के अंतर को पाटने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, क्रीटी टेक्नोलॉजीज, बैंगलोर ने यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर के साथ मिलकर भारत का पहला एलीक्सिर लैब स्थापित किया है। इस अत्याधुनिक सुविधा का उद्देश्य छात्रों को एलीक्सिर में कौशल प्रदान करना है, जो एक फंक्शनल प्रोग्रामिंग भाषा है और आजकल पूरे विश्व में काफी लोकप्रिय हो रही है। इस लैब का मुख्य उद्देश्य यूईएम जयपुर के छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है, उन्हें एलीक्सिर में व्यावहारिक अनुभव और दक्षता प्रदान करना है, ताकि वे शीर्ष कंपनियों में अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकें।

नव स्थापित एलीक्सिर लैब का उद्देश्य भारत में प्रोग्रामिंग को सिखाने और सीखने के तरीके में क्रांति लाना है। क्रीटी टेक्नोलॉजीज और यूईएम जयपुर एलीक्सिर पर ध्यान केंद्रित करके छात्रों को आज उपलब्ध सबसे उन्नत और कुशल प्रोग्रामिंग भाषाओं तक पहुंच प्रदान कर रहे हैं। एलीक्सिर अपनी स्केलेबिलिटी, फॉल्ट टॉलरेंस और कॉन्करंट प्रोसेसिंग क्षमताओं के लिए जाना जाता है, जो उच्च–प्रदर्शन वाले अनुप्रयोगों के विकास के लिए इसे आदर्श बनाता है। यूईएम जयपुर के कुलपति, डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने परियोजना के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। हम क्रीटी टेक्नोलॉजीज के साथ इस अग्रणी एलीक्सिर लैब की स्थापना में भागीदारी करके बहुत उत्साहित हैं। हमारा मिशन हमारे छात्रों को सर्वोत्तम संभव शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे वे आधुनिक कार्यबल की चुनौतियों के लिए अच्छी तरह से तैयार हो सकें। यह लैब न केवल उनकी तकनीकी क्षमताओं को बढाएगा बल्कि उनके करियर के अवसरों के नए मार्ग भी खोलेगा।

यूईएम जयपुर में एलीक्सिर लैब एआई और एमएल मॉड्यूल शामिल करेगी, जिससे छात्रों को इन परिवर्तनीय तकनीकों की व्यापक समझ प्राप्त होगी। एलीक्सिर की क्षमता कॉन्करंट प्रोसेसिंग को संभालने की इसे एआई और एमएल अनुप्रयोगों के विकास के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है। एलीक्सिर तेजी से उभरती हुई एक सबसे मूल्यवान प्रोग्रामिंग भाषाओं में से एक बन रही है, न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर। अगले कुछ वर्षों में, एलीक्सिर के अगले पीढ़ी के अनुप्रयोगों के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद है, विशेष रूप से एआई और एमएल में। रिएक्ट लैब की सफलता व्यावहारिक, हाथों–हाथ प्रशिक्षण की प्रभावशीलता को उजागर करती है, जो छात्रों की तकनीकी क्षमताओं और रोजगार क्षमता को बढाती है। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर एक प्रमुख संस्थान है, जो उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। व्यावहारिक शिक्षा और उद्योग सहयोग पर जोर देने के साथ, यूईएम जयपुर अपने छात्रों के भविष्य को आकार देने और उन्हें सफल करियर के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने विश्वविद्यालय की छात्र सफलता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और बताया कियूईएम जयपुर में, हम अपने छात्रों को सर्वोत्तम संभव शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने में विश्वास करते हैं। एलीक्सिर लैब की स्थापना में क्रीटी टेक्नोलॉजीज के साथ हमारा सहयोग नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। क्रीटी टेक्नोलॉजीज और यूईएम जयपुर द्वारा भारत का पहला एलीक्सिर लैब का शुभारंभ शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। छात्रों को एलीक्सिर प्रोग्रामिंग में उन्नत कौशल और एआई और एमएल के साथ इसके एकीकरण से लैस करके, यह पहल प्रोग्रामिंग को सिखाने और सीखने के तरीके मेंक्रांति लाने के लिए तैयार है। जैसे–जैसे एलीक्सिर वैश्विक स्तर पर प्रमुखता प्राप्त कर रहा है, इस भाषा में प्रशिक्षित छात्र शीर्ष प्लेसमेंट प्राप्त करने और अगली पीढ़ी के अनुप्रयोगों के विकास में योगदान देने के लिए अच्छी स्थिति में होंगे। यूईएम जयपुर की उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करती है कि उसके छात्र आधुनिक तकनीकी उद्योग की चुनौतियों और अवसरों के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

- **इस अत्याधुनिक सुविधा का उद्देश्य छात्रों को एलीक्सिर में कौशल प्रदान करना है, जो एक फंक्शनल प्रोग्रामिंग भाषा है और आजकल पूरे विश्व में काफी लोकप्रिय हो रही है**

# सोशल मीडिया के मिशन कन्यादान से गरीब बेटी की शादी सम्पन्न



**सामान सहित नकद राशि वधु की माताजी के हाथों परिवारजनों को सौंपा।**

**धौलपुर,** (निसं)। हर लड़की की चाहत होती है कि उसकी शादी धूमधाम से हो, शादी में अच्छे गिफ्ट मिले, लेकिन आज भी कुछ गरीब परिवार ऐसे हैं जिनके घर में बेटियों की शादी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण समय पर नहीं हो पाती है। वहीं धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड क्षेत्र के खानपुर मीना गांव के युवाओं की टीम हर घर शिक्षा ने गांव की बेटी ललिता जाटव के कन्यादान के लिए मिशन कन्यादान अभियान सोशल मीडिया पर चलाया तो लोगों ने दिल खोलकर सहयोग किया। जिसके चलते 70 हजार रुपए नकद के साथ ही अनेक घरेलू सामान भी कन्यादान स्वरूप प्राप्त हुए, जिसके चलते एक गरीब बेटी की शादी काफी धूमधाम से संपन्न हुई।

जानकारी के अनुसार ललिता का परिवार शादी को लेकर सक्षम नहीं होने के चलते खानपुर गांव की टीम हर घर शिक्षा और युवाओं ने मिशन कन्यादान अभियान की शुरुआत की। क्षेत्र के युवाओं ने आर्थिक तंगी को देखते हुए सोशल मीडिया पर मिशन कन्यादान के नाम से अभियान चलाया तो लोगों ने दिल खोलकर गरीब परिवार की मदद में सहयोग किया। ललिता के पिता भगवान दास जाटव की 14 साल पहले टीबी की बीमारी से मौत हो गई थी। इनके परिवार में 4 बहनों के बीच एक छोटा भाई है, वह भी अधिकतर समय बीमार रहता है। पिता की मृत्यु के बाद परिवार पर मातम छा गया। लेकिन जैसे–तैसे माताजी ने मजदूरी करके अपने परिवार का भरण–पोषण किया।

दो बच्चियों की शादी इनके पिताजी अपने जीवन काल में ही कर गए थे और विगत दिवस ललिता की शादी 11 जुलाई को पुरैनी गांव निवासी श्रीरामनिवास अजमेरिया के पुत्र भोला के साथ धूमधाम से संपन्न हुई, जिसके चलते ललिता के छोटे भाई एवं परिवार जनों ने अभियान की शुरुआत करने वाले युवाओं एवं शादी में सहयोग करने वाले लोगों का आभार जताया।

मिशन कन्यादान के सूत्रधार रोहित मीणा ने बताया कि सामान के बिल सहित नकद राशि को उनकी माताजी के हाथों परिवार जनों को सौंप दिया है। इस कान्यदान में टीम के सक्रिय सदस्य सौरव के साथ भूरी सिंह, अजमेर सिंह, बल्लू, नीरज और हर घर शिक्षा छात्रों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय बाड़ी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष काजल परमार, भाजपा महिला पदाधिकारी वंदना शिवहरे, भगवान सिंह मीना, रामू चौधरी, मौहर सिंह मीना, रन सिंह, हाकिम मीना, मोहन सिंह सैन, उदयभान, हरकिशन, रामविलास, जादौन, खेम सिंह आदि मौजूद रहे।

साथ ही शादी को यादगार बनाने के लिए वर–वधु द्वारा एक फलदार पौधा लगाया गया। जो भविष्य में होने वाली खानपुर गांव की बहनों की प्रत्येक शादी में टीम के सहयोग से लगाया जाया करेगा। जिसे उसकी मां उस पेड़ को अपनी बेटी समझ कर पौधे का पालन पोषण करके भविष्य में फल प्राप्त करेगी। जिससे पर्यावरण भी बचेगा और यादगार पल भी बनेगा।

- **70 हजार रुपए नकद के साथ ही अनेक घरेलू सामान भी कन्यादान स्वरूप प्राप्त हुए**

# UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT

UEM श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs

## IEM - UEM Group | Jaipur and Kolkata

**IEM & UEM Institutions are Founded and Managed by IITians and Majority of Faculty are IITians**

Global Ratings · Times Higher Education Impact Rankings 2024 · GU GLOBAL UNIVERSITY RANKINGS · nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK · SHALBY ACADEMY · AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION MEMBER · UGC · AICTE APPROVED · NAAC ACCREDITED · AIU MEMBER

## UEM Jaipur is Ranked in The Top Position in North India under Institutions Innovation Council by Ministry of Education, Govt. of India

INDUSTRY ASSOCIATED DUAL DEGREE PROGRAM

**Admissions Open - 2024-25**

APPLY ONLINE: www.uem.edu.in

CSE DATA SCIENCE - SAS | CSE CLOUD COMPUTING & VISUALIZATION - IBM | BBA DIGITAL BUSINESS - IIDE

"Students may opt for Dual Degree Programs - for example, a student may select Civil Engineering as major degree with CSE as minor degree or vice-versa"

## B.TECH
- CSE - ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING (AIML)
- COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING WITH SPECIALIZATION
- Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
- Block Chain Technology
- Big Data Analytics | Cloud Computing
- Cyber Forensic & Internet Security
- ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGINEERING (ECE)
- Robotics & Artificial Intelligence
- VLSI Design & Technology
- Minor in Compute Science
- ELECTRICAL ENGINEERING (EE)
- Electrical & Computer Engineering
- Electrical & Electronics Engineering
- MECHANICAL ENGINEERING (ME)
- Automobile Engineering
- CIVIL ENGINEERING (CE)
- Sustainable Construction Engineering

## M.TECH
WITH SPECIALIZATION
- COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING
- Big Data Analytics
- Cloud Computing
- Data Science
- Information Security
- ELECTRICAL ENGINEERING (EE)
- Power System Engineering
- Power Electronics & Drives
- Control System Engineering
- ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGINEERING (ECE)
- Communication Engineering
- Micro-Electronics & VLSI
- Radio Frequency & Microwave Engineering
- MECHANICAL ENGINEERING (ME)
- Production Engineering
- Thermal Engineering
- CIVIL ENGINEERING (CE)
- Structural Engineering

## BBA/MBA
- BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
- MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION
- MBA with Dual Specialization
- Marketing • Finance • Human Resource
- Business Analytics

## MBA Hospital & Healthcare Management
## MBA Executive

## BPT/MPT
- BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY
- MASTER OF PHYSIOTHERAPY
- Cardiopulmonary | Neurology
- Pediatrics | Orthopaedics
- Musculoskeletal
- Sports

## POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA

## BCA/MCA
- BACHELOR OF COMPUTER APPLICATION
- Data Science • Cloud Computing
- Big Data Analytics
- Block Chain Technology
- Cyber Forensic & Information Technology
- Artificial Intelligence & Machine Learning
- MASTER OF COMPUTER APPLICATION

## M.Sc. in Computer Science

## Ph.D
Last Date to apply: 15th July,2024
Entrance Test on : 22nd July,2024
- Computer Science & Engineering
- Electrical Engineering • Civil Engineering
- Mechanical Engineering • Management
- Electronics & Communication Engineering
- Physics • Chemistry • Mathematics
- Humanities • English

ZEE राजस्थान — Awarded for — Zee Rajasthan Awards in Education Excellence 2024

NEWS 18 राजस्थान — Awarded for — Outstanding Placement in Engineering & Management - Domestic & International

1st इंडिया NEWS — Awarded for — Excellent Placements in Engineering and Management - Domestic & International

INDIA न्यूज़ — Awarded for — Most Trusted University with Skill Based Quality in Education and Best Placements in Rajasthan

Outlook — Ranked #45 — amongst TOP Private University in all over India

INDIA TODAY — Ranked #19 — for BCA - All India Private & Government Colleges

MORE THAN 300+ Patents

500+ RESEARCH PAPERS

₹ 5 CRORES+ WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED TO THE MERITORIOUS STUDENTS

₹ 72 LPA HIGHEST ANNUAL SALARY OFFERED

UEM JAIPUR has Highest Funded Patents in Rajasthan from Govt. of India

One of the Best PLACEMENT RECORDS of the Country
Placements at UEM Jaipur Continues till the last willing student is placed

NUMBER OF Students Placed 2375

NUMBER OF JOB OFFERS 3564+

COMPANIES VISITED 600+




5 LABORATORIES ESTABLISHED BY INDUSTRY

**Academic Partners:** tcs TATA CONSULTANCY SERVICES · IBM · sas · IIDE THE DIGITAL SCHOOL · CAMBRIDGE

**FOREIGN UNIVERSITY COLLABORATIONS:** UNLV · GIIM · Brunel University London · RICHARD A. CHAIFETZ SCHOOL OF BUSINESS SAINT LOUIS UNIVERSITY · RENNES SCHOOL OF BUSINESS

**MORE THAN 8000+ CERTIFICATION:** HARVARD BUSINESS SCHOOL · edX · LinkedIn Learning · CAMBRIDGE · coursera Education for Everyone

STUDY ABROAD PROGRAM
USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE

One of the Leading University for 6G Projects, Government of India

PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2024 EXAM TO AVAIL EXCELLENT SCHOLARSHIPS

यू.ई.एम. जयपुर द्वारा राजस्थान की छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना

Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, Sikar Road, 6 Kms. from Chomu, Jaipur - 303807 (Raj.)
City Office: 210-212, IInd Floor, Apex Tower, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur | M: 9887933330
9887313330, 9887806930
9887413330, 9887613330

# बारातियों से भरा वाहन पलटा, दूल्हे के चाचा सहित दो की मौत, 14 घायल

## घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया, दो गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर शहर के सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की रात को पचगांव गांव के पास भरतपुर हाईवे पर बारातियों से भरा एक डीसीएम वाहन पलट गया। हादसे में दो बारातियों की मौत हो गई तथा 14 बाराती घायल हो गए। वहीं कुछ बाराती चोटिल भी हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया, जहां से दो घायलों को गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया। जैसे ही घटना की जानकारी वर व वधु पक्ष के घर पहुंची तो मातम छा गया और सन्नाटा पसर गया।

जानकारी के अनुसार धौलपुर जिले के दिहौली थाना क्षेत्र के मरैना कस्बे से 11 जुलाई की शाम को एक बारात सैंपऊ थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव जा रही थी। रास्ते में रात करीब साढ़े आठ बजे धौलपुर शहर के नजदीक स्थित पचगांव गांव के पास अचानक डीसीएम वाहन का टायर फट गया, जिस कारण अनियंत्रित होकर डीसीएम वाहन पलट गई। जिससे एक बाराती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे ने उपचार के लिए ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पचगांव चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, जिसने लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल धौलपुर भिजवाया, जहां दूल्हे के चाचा सुरेश (50) पुत्र रतिराम जाटव को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जिसका शव पुलिस ने जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवा दिया। वहीं घटना में घायल हुए 14 लोगों में से दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर से जयपुर रेफर किया गया, लेकिन घायल राजू (40) पुत्र जनवेद की रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं 12 घायलों का जिला अस्पताल धौलपुर के ट्रॉमा वार्ड में इलाज किया जा रहा है।



घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया।

- जैसे ही घटना की जानकारी वर व वधु पक्ष के घर पहुंची तो मातम छा गया और सन्नाटा पसर गया

जानकारी के अनुसार डीसीएम वाहन में सवार सभी बाराती मरैना कस्बे से सतीश पुत्र विरमा लाल की बारात में शामिल होने के लिए पुरैनी गांव की ओर जा रहे थे, जो रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। शुक्रवार सुबह पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। वहीं मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

घटना में 4 बच्चों सहित ये लोग हुए घायल : बारात में जाते समय हुए हादसे में 4 बच्चे भी घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार घटना में राकेश (30) पुत्र प्रताप सिंह, राजवीर (33) पुत्र ओमप्रकाश, पप्पू (35) पुत्र रामदास, टीटू (30) पुत्र बाबूलाल, कालीचरण (60) पुत्र सेवाराम, बृजमोहन (30) पुत्र डालचंद, प्रवेश (8) पुत्र अवतार, मुन्नालाल (65) पुत्र रामकिशन, अविनाश (8) पुत्र रिंकू, मुकेश (35) पुत्र घूरेलाल, मोहित (15) पुत्र रामू और धोनी (12) पुत्र राजू घायल हुए हैं। जिनका इलाज डॉक्टरों की देखरेख में जिला अस्पताल धौलपुर के ट्रॉमा वार्ड में रहा है।

घटना के बाद शादी वाले घरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। वर और वधु पक्ष में घटना को लेकर गहरा दुख है। शुक्रवार सुबह सतीश के घर में दुल्हन आनी थी। जिसके स्वागत को लेकर कई दिन से घर में तैयारियां चल रही थी और परिजनों में उल्लास था, लेकिन घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। इसलिए दुल्हन आने के कार्यक्रमों की तो महज पूर्ति की गई, क्योंकि यहां दूल्हे के चाचा का शव कानूनी कार्यवाही पूरी होने के बाद पहुंचना था। ऐसे में सभी लोग बेहद दुखी थे।

# ढाई करोड़ रुपए का डोडा-चूरा पकड़ा, एक गिरफ्तार

- पशु आहार की आड़ में मध्यप्रदेश से पंजाब ले जाया जा रहा था डोडा-चूरा

**कोटा,** (निसं)। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के कोटा उपायुक्त कार्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए मंडाना टोल नाके पर एक ट्रक से बड़ी मात्रा में डोडा-चूरा के खेप बरामद की है। यह डोडा-चूरा 1724 किलो 200 ग्राम था जिन्हें 86 प्लास्टिक के काले बैग में भरकर अवैध रूप से ट्रक के जरिए तस्करी कर मध्यप्रदेश से पंजाब ले जाया जा रहा था। तस्कर इसे पहले पशु आहार खल और मटर के छिलके की चूरी बता रहे थे लेकिन नारकोटिक्स के अधिकारियों ने आखिर सच पकड़ लिया। जब्त डोडा-चूरा की कीमत करीब ढाई करोड़ है।

सीबीएन की सुपरिटेंडेंट रंजना पाठक ने बताया कि उन्हें मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि मध्यप्रदेश से डोडा-चूरा पशु आहार की आड़ में ले जाया जा रहा है। एसएमएस सीबीएन निवारक दल के निरीक्षक अभिमन्यु शर्मा, जीएस खान, पंकज कुमार, विक्रम कुंडू, नरवीर व अजय सिंह सहित अन्य के दल को मंडाना टोल नाके पर तैनात किया गया। सूचना के आधार पर जैसे ही ट्रक मंडाना टोल नाके पर आया उसे शक के आधार पर रुकवाया गया। ट्रक की जब जांच की गई जिसमें ड्राइवर ने बिल्टी पेश की। यह इंदौर से पंजाब ले जाने की बिल्टी थी जिसमें पशु आहार खल-चूरी भरा हुआ बताया। टीम ने ड्राइवर की बात नहीं मानते हुए इस ट्रक की जांच शुरू की जिसमें खल-चूरी के नीचे 86 कट्टे अवैध डोडा-चूरा मिला, जिन्हें पुलिस ने सीज कर लिया। रंजना पाठक ने बताया कि इस मामले में आरोपी ड्राईवर पंजाब निवासी जसवंत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही आरोपी को न्यायालय में भी पेश किया जाएगा। उसके खिलाफ सीबीएन ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

## युवक ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में देर रात्रि एक दोस्त के गम में परेशान दोस्त ने फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मालियों का मोहल्ला भाटिया की माताजी के पास रहने वाले कन्हैयालाल पुत्र कैलाश माली ने रस्सी का फंदा डालकर अपने कमरे में सुसाइड कर लिया। सुसाइड की उसके भाई को पता चलने पर घर में हाहाकार मच गया। परिजनों ने कन्हैयालाल को फंदे से उतारा और मांडल उप जिला चिकित्सालय लेकर गये। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

No. :- RHB/PC/2024-25/454 Dated :- 11/07/2024

**NIB : 02/2024-25**

Bid for the work of Renovation, Modification & Modular furniture work of Food & Civil Supplies Department at Food Building, Secretariat Jaipur is invited from interested bidders from 16.07.2024 6:00 PM to 26.07.2024 up to 6:00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state & **http://urban.rajasthan.gov.in/rhb** department website. **UBN No. :- RHB2425WSOB00092**

Raj.Samwad/C/24/2224 Director (Project), Jaipur



**Livestock Research Station, Kodemdesar**

Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner

E-mail : lrskodemdesar@gmail.com Mob. 9784834172

No F()LRS/Kodemsar/2024-2025/110 Dated :- 11.07.2024

**ई-निविदा (E-NIB No. 02/2024-25) सूचना**

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पशुधन अनुसंधान केन्द्र, कोडमदेसर में कृषि कार्य के अनुबंध हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । आवेदन केवल eproc.rajasthan.govt.in के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगें। ऑनलाईन फॉर्म जमा कराने तथा डी.डी व अन्य आवश्यक दस्तावेज कार्यालय पशुधन अनुसंधान केन्द्र, कोडमदेसर बीकानेर में जमा कराने की अन्तिम तिथि 01.08.2024 को शाम 5.00 बजे तक रहेगी। तकनीकी निविदा 02.08.2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। निविदा संबंधी सूचना www.rajuvas.org पर भी देखी जा सकती है। **NIB CODE-VAU2425A0041 & UBN NO.-VAU2425WSOB00042**

राज.संवाद/सी/24/2201 प्रभारी अधिकारी



**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लि.**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

एसबीयू एण्ड पीसी-लाईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001(राज.)

फोन नम्बरः (0291)2511031/2516199 फेक्सः (0291)2511029 Email-jodhpur.rsmml@rajasthan.gov.in

**संशोधित निविदा सूचना. 01** दिनांक 11.07.2024

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम./ एसबीयू एण्ड पीसी-एल.एस/ जीजीएम-एलएस/ संविदा- 04/2024-25 दिनांकः- 13.06.2024 UBN No. MML2425WSOB00032 | एस.बी.यू. एवं पी.सी.-लाईमस्टोन, जोधपुर में हेल्पर की सेवायें किराये पर ऐजेन्सी के माध्यम से दिये जाने अकुशल प्रकृति के श्रमिकों की सेवायें अनुबन्ध के आधार पर उपलब्ध करवाने हेतु (श्रमिकों की संख्या लगभग 09)। अनुमानित मूल्य (रू.) 18,60,000 लाख, धरोहर राशि (रू.) - 37200/-, निविदा राशि- 1180/- निविदा प्रस्तुत करने की संशोधित तिथि 25.07.2024 को सांय 3.00 बजे तक, निविदा के तकनिकी प्रस्ताव खुलने की संशोधित तिथि 26.07.2024 को सांय 3.30 बजे। |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/2188 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)


## प्रॉपर्टी डीलर का शव खेत में मिला

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में हत्या का मामला सामने आया है। मृतक पेशे से प्रोपर्टी डीलर था। वह रात को अपने खेत पर गया था, वहीं मृत मिला। परिजन ढूंढते हुए पहुंचे तो वह खेत पर अचेत अवस्था में मिला। सिर पर लकड़ी से चोट के निशान थे। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। ऐसे में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज जांच पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वाड टीम भेजी गई।

बोरखेड़ा थाना अधिकारी राम लक्ष्मण को गुर्जर ने बताया कि 44 वर्षीय सत्यप्रकाश अपने घर से किराने का सामान लेने निकला था। इसके बाद वह अपने खेत पर चला गया। इस बीच वह अपने खेत पर ही अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे अस्पताल लेकर आ गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार सुबह देखने पर उसके सिर पर चोट का निशान मिला है। ऐसे में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और इस संबंध में मुकदमा भी दर्ज कर लिया। मृतक के ताऊ के बेटे दीपक मालव का कहना है कि रात 10 बजे अंतिम बार उनकी पत्नी से बात हुई थी। तब उन्होंने कहा था कि वह खेत पर है और मोटर चल रही है।

यहां से फ्री होकर घर आ जाएंगे। काफी देर बाद भी जब सत्यप्रकाश नहीं आया तब उनकी पत्नी ने दोबारा फोन किया। उस समय उनका मोबाइल स्विच ऑफ आया। इस पर परिवार के लोग तलाशते हुए खेत पर पहुंचे जहां वे चोटिल अवस्था में मिले। उनके सिर पर किसी लकड़ी या अन्य हथियार से चोट पहुंचाई गई थी। कार मौके पर ही खड़ी थी लेकिन उसकी चाबी और मोबाइल गायब था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आठ माह से फरार नकबजन गिरफ्तार

**मनोहरपुर,** (निसं)। थाना पुलिस ने आठ माह से फरार चल रहे एक नकबजन को गिरफ्तार किया। आरोपी कस्बे में सुनार की दुकान का शटर तोड़कर नकबजनी करने में वांछित था। आरोपी पर 1500 रुपए का ईनाम भी घोषित था। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण शांतनू कुमार सिंह ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर अनिल कुमार टांक द्वारा चलाये जा रहे वांछित/फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) हरिप्रसाद सोमानी व वृत्ताधिकारी शाहपुरा उमेश कुमार निठारवाल के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये एक ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 4 नवंबर 2023 को परिवादी सर्वेश कुमार सोनी पुत्र सागर मल सोनी निवासी खोरालाडखानी हाल निवासी नानूवाला ने रिपोर्ट दी थी कि मेरी ज्वैलर्स की दुकान छीपों के मोहल्ले में है। जिसको मैं 3 नवंबर को रात्रि 7.30 पर बन्द करके गया था। उसके बाद रात्रि में अज्ञात चोरों ने मेरी दुकान के शटर का ताला तोडकर आलमारी व काउंटर में रखा सोने-चांदी का सामान लेकर फरार हो गये। दुकान के अन्दर काउंटर में 40 से 50 हजार रुपये का सामान था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने विभिन्न जगहों पर तलाश के दौरान मंजीत मीणा पुत्र गिरधारी लाल निवासी तातारपुर थाना तातारपुर जिला खैरथल तिजारा मुण्डावर से गिरफ्तार किया।



मनोहरपुर पुलिस ने फरार नकबजन को गिरफ्तार किया।

- नकबजन पर 1500 रूपये का ईनाम घोषित था
- पूर्व में भी गंभीर प्रवृति के अपराधों में गिरफ्तार हो चुका है

पुलिस ने बताया कि पूर्व में प्रकरण में टीम द्वारा शातिर नकबजन बहादुर उर्फ भादरिया पुत्र मालीराम मीणा निवासी ढाणी नौलखा तन सांवलपुरा शेखावतांन पुलिस थाना अजीतगढ जिला नीमकाथाना व बीर सिंह पुत्र ज्ञानीराम मीणा निवासी वार्ड न. 08 मीणो का मौहल्ला तन ततारपुर पुलिस थाना ततारपुर जिला कोटपुतली बहरोड को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 लोहे की आलमारी, चांदी के पेच चांदी का तार व 3- चांदी के लोकेट बरामद किये गये है। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में शेष फरार शातिर अभियुक्त पप्पू मीणा व अन्य की तलाश जारी है। आरोपी को पकडने में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार, एएसआई कश्मीर सिंह, हैड कांस्टेबल लीलाधर, कांस्टेबल सुरज्ञान पुलिस टीम के सदस्य रहे।


**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT SIRANA**
**P.S. SAYLA (JALORE)**

No.ग्रा.प.सि/2024-25/63 Date:25/06/2024

**Notice Inviting Bid**

Bid for Material Supply Work are invited from interested bidders upto 15.07.2024 Date 06.00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office. The approximate value of the procurement is Rs. 60.00 Lakh.

UBN- ZJR2425GLRC00111

Sarpanch Gram Panchayat Sirana DIPR/C/5802/2024 Village Gram Panchayat Sirana



**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001, दूरभाष सं. :- 0294-2421255, 2420013, Helpline No. 0294-2426262, वेबसाइट - www-udaipurmc.org

क्रमांक :- निविजा/2024-25/ई-07 दिनांक :- 15/07/2024

**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 07/2024-25**

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु. 329.61 लाख के कुल 14 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 15.07.2024 एवं अंतिम तिथि 24.07.2024 तथा निविदा खुलने की तिथी 25.07.2024 रहेगी। निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखे जा सकते है। **UBN No.: UNP2425WSOB00033**

राज.संवाद/सी/24/2170 अधीक्षण अभियन्ता नगर निगम, उदयपुर


## कंक्रीट भरा ट्रक दो महिलाओं पर पलटा, एक की मौत

**गजसिंहपुर/श्रीगंगानगर,** (निसं)। भ्रमण पर निकली दो महिलाओं के उपर कंक्रीट से भरा ट्रक पलट गया। कंक्रीट से भरे ट्रक के नीचे दबने से महिला की मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर घायल हो गई। महिला कुशलदीप कौर पत्नी परमजीत सिंह वार्ड 10 व पाल कंवर पत्नी शंकर लाल राजपूत निवासी वार्ड नं. 10 सड़क के किनारे पैदल चल रही थी। तभी अचानक कंक्रीट से भरा हुआ ट्रक तेज गति से रायसिंहनगर की तरफ से आया। महिलाओं के नजदीक आते ही ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटते ही पैदल भ्रमण कर रही महिलाएं इसके नीचे दब गई। दोनों महिलाओं को राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने कुशलदीप कौर को मृत घोषित कर दिया जबकि पाल कंवर को श्रीगंगानगर रैफर कर दिया गया। मृतका के पुत्र हरनूर सिंह ने पुलिस में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

# नकली नोट सप्लाई करने वाला मास्टरमाइंड पटियाला से गिरफ्तार

- पुलिस ने मौके से 53 हजार 700 हजार रुपए के नकली नोट भी बरामद किए, आरोपी ने अपने घर पर नकली नोट का पूरा प्लांट बना रखा था
- गिरोह के साथ मिलकर राजस्थान के सभी जिलों में नकली नोट सप्लाई करता था

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर की सरदारपुरा पुलिस ने प्रदेश में नकली नोट सप्लाई करने वाले मास्टरमाइंड को पटियाला से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने घर पर नकली नोट का पूरा प्लांट बना रखा था। वहां से यह अपने गिरोह के साथ मिलकर राजस्थान के सभी जिलों में नकली नोट सप्लाई करता था। आरोपी के ठिकाने से पुलिस ने नकली नोट बनाने वाला सामान, जिनमें कम्प्यूटर, लोहे की मशीन, नोट का पेपर सहित मशीन को जब्त किया है। पुलिस ने मौके से 53 हजार 700 हजार रुपए के नकली नोट भी बरामद किए हैं। इसमें 500, 200 व 100 के नोट शामिल हैं।

सरदारपुरा थाने की एसआई रीना कुमारी ने बताया कि नकली नोट मामले में गुरजीत सिंह (35) पुत्र हंसराज सिंह निवासी कसाबिया वाला मोहल्ला, सोनार, पटियाला (पंजाब) को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नकली नोट बनाने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड है। एसआई ने बताया कि आरोपी ने लाखों रुपए के नकली नोट राजस्थान के अलग-अलग जिलों में चला दिए। पुलिस आरोपी को गुरुवार रात को जोधपुर लेकर आई। इस पूरी चेन के खुलासे के लिए पुलिस ने कोर्ट में पेश कर उसे 5 दिन के रिमांड पर लिया है। जोधपुर में माता का थाना पुलिस ने 3 जुलाई को 5 युवकों को नकली नोटों के साथ पकड़ा था। इनसे पूछताछ के बाद ही पुलिस मास्टरमाइंड तक पहुंची। जोधपुर की माता का थाना पुलिस ने 3 जुलाई को 80 फीट रोड पर दबिश देकर एक गाड़ी से नकली नोट का बंटवारा करते युवक श्याम, सूरजाराम, राकेश, सुनील और अशोक को 45 हजार 500 हजार के नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद सरदारपुरा पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लोहावट के कुशलावा निवासी एक नाबालिग से 37 हजार 500 हजार के नकली नोट बरामद किए थे। इन आरोपियों ने ही पूछताछ में मास्टरमाइंड गुरजीत सिंह का नाम बताया था।

पुलिस ने बताया कि गुरजीत सिंह ने अपने गांव के घर में अपना नकली नोट बनाने का प्लांट लगा रखा था। इसने एक इंस्टाग्राम चैनल बना रखा था, जिसमें प्रदेशभर के युवाओं को जोड़ रखा था, जो नकली नोट अपने जिले के लिए खरीदते थे। नकली नोट के मामले में गुरजीत को पहले भी श्रीगंगानगर पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। वहां से छूटने के बाद इसने फिर से यह काम शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि गुरजीत सभी जिलों के युवाओं को 25 हजार के असली नोट के बदले 1 लाख के नकली नोट दिया करता था। इन नकली नोट को युवा अपनी मौज-मस्ती के लिए भीड़ वाली दुकानों पर चला देते थे।

## जम्मूतवी एक्सप्रेस का इंजन फेल, दो घंटे रुकी रही ट्रेन

**बीकानेर,** (निसं)। जम्मूतवी से चलकर जोधपुर जाने वाली जम्मूतवी-भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन का नोखा स्टेशन से पहले इंजन फेल हो गया। इसके बाद मूंडवा से दूसरा इंजन मंगवाया गया और उसे जोड़कर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस दौरान ट्रेन करीब दो घंटे लेट हुई। जानकारी के अनुसार जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन बीकानेर से रवाना होकर नोखा पहुंचने वाली थी, इससे पहले नवली गेट पर एक गाय को बचाने के लिए लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए, उसके बाद ट्रेन का इंजन फेल हो गया। इसकी जानकारी नोखा स्टेशन पर दी गई, फिर मूंडवा से दूसरा इंजन आया और उसे बदलकर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

स्टेशन अधीक्षक अरुण सिंह ने बताया कि जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन का नोखा स्टेशन पर पहुंचने से पहले अचानक इंजन फेल हो गया। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई और मूंडवा, मेड़ता से दूसरा इंजना मंगवा कर उसे जोड़कर शाम 6 बजकर 50 मिनट पर रवाना किया गया। उधर, नवली गेट पर इंजन फेल होने से रेलवे फाटक भी बंद रहा, जिससे फाटक के दोनों तरफ वाहनों का कतार लगी रही।


**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक- निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ERCC X)/2024/ई-07192

**ई-नीलामी विज्ञप्ति संख्या- ERCC (X/2024)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञप्ति से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारी लाईसेसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क/अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 28 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

(भगवती प्रसाद)IAS निदेशक

DIPR/C/5759/2024



राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/नीलामी (ML Bajri-VIII)/2024/ई-07250

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आवंटन के लिए 12 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती हे। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| क्र.सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पाली | माण्डल (रानी दिवान्दी (रोहट), दादाई (देसूरी) | बजरी | 4 |
| 2 | जोधपुर (ग्रामीण) | बाला झांक (बिलाड़ा) | बजरी | 2 |
| 3 | भीलवाडा | गुवारडी (हमीरगढ़) | बजरी | 1 |
| 4 | टोंक | पालड़ा, बोरदा (टोंक) | बजरी | 3 |
| 5 | सिरोही | अवाड़ा, डिडवनाखेड़ा (रेवदर) | बजरी | 1 |
| 6 | शाहपुरा | अभयपुरा (बागूदार) | बजरी | 1 |

**विशेष नोट**-प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाई www.mines.rajasthangov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेट फार्म प्रदाता कंपनी (MSTC Ltd. की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

DIPR/C/5959/2024 (भगवती प्रसाद) IAS निदेशक


# चिड़ावा पंचायत समिति प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को झटका लगा

- पंचायत समिति की दो महिला सदस्यों के पति थानों में पहुंचे
- पंचायत समिति सदस्य रोहिताश्व के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दी

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले की चिड़ावा पंचायत समिति की प्रधान इंदिरा डूडी के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को झटका लगा है और इस मामले में बड़ा खेला होने की तैयारी हो गई है। अविश्वास प्रस्ताव की अगुवाई कर रहे पंचायत समिति सदस्य रोहिताश्व धांगड़ के खिलाफ दो महिला सदस्यों के पतियों ने अपने अपने इलाके के थानों में रोहिताश्व धांगड़ के खिलाफ उनकी पत्नियों का अपहरण कर बंधक बनाने की रिपोर्ट दी है। ये दोनों महिलाएं रोहिताश्व धांगड़ के साथ बाड़ेबंदी में बताई जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार चिड़ावा पंचायत समिति के वार्ड नंबर पांच से निर्दलीय सदस्य सुधा देवी के पति खुडाना निवासी जगदीप कटेवा ने बगड़ थाने में तथा वार्ड नंबर 17 से भाजपा सदस्य शीला के पति किशोरपुरा निवासी राजेश डारा ने सुल्ताना थाने में रोहिताश्व धांगड़ के खिलाफ रिपोर्ट दी है। दोनों ने अपनी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि छह जुलाई को उनके घर से एक बैठक होने की बात कहकर रोहिताश्व धांगड़ उनकी पत्नियों को ले गया था। जिसके बाद से ना तो उनकी पत्नी वापिस लौटी है और ना ही उनसे बातचीत हो रही है। दोनों ने अपहरण कर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। संबंधित थानाधिकारी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने कहा है कि दो जगहों पर परिवाद मिले हैं। जिनकी जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक होनी है। जिसमें अभी भी एक हफ्ते का समय है। यदि अविश्वास प्रस्ताव के लिए की गई बाड़ेबंदी में मौजूद सदस्य बाहर आते हैं तो अविश्वास प्रस्ताव का मामला खटाई में पड़ सकता है। हालांकि चिड़ावा प्रधान की कुर्सी रहती है या फिर नहीं। यह तो 18 जुलाई को ही पता चलेगा, लेकिन दो सदस्यों के पतियों द्वारा दी गई रिपोर्ट के बाद सियासी गलियारों में खलबली मच गई है।

गुरूवार रात को सुलताना थाने में रिपोर्ट देने के बाद भी कार्रवाई ना होने पर चिड़ावा पंचायत समिति के वार्ड नंबर 17 की पंचायत समिति सदस्य शीला देवी का पति राजेश कुमार शुक्रवार को झुंझुनूं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और पंचायत समिति सदस्य रोहिताश धांगड़ पर अपहरण और जबरन बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले सुलताना थाने में भी लिखित रिपोर्ट दी थी, लेकिन अभी तक ना तो पुलिस ने मामला दर्ज किया है और ना ही कोई कार्रवाई की है। इसलिए राजेश डारा कार्रवाई करवाने की गुहार लेकर एसपी और कलेक्टर के पास पहुंचा है।

अविश्वास प्रस्ताव पर 18 जुलाई को चर्चा होनी है। जिसमें अभी हफ्तेभर का समय है। प्रधान के खिलाफ बने धड़े को 16 सदस्यों की दरकार है। ऐसे में छह-सात दिनों तक सदस्यों को बांधे रखना इस धड़े के लिए बड़ी चुनौती है। वहीं राजेश डारा की पत्नी शीला भाजपा से सदस्य है। उनके द्वारा दी गई रिपोर्ट के बाद यह भी सामने आ गया है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से धीरे धीरे भाजपा ही पीछे हट रही है।


**कार्यालय-सदस्य सचिव एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, सामान्य चिकित्सालय, करौली**

क्रमांक-रामेरिसो/निविदा/2024-25/129 दिनांक-12.07.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

कार्यालय सामान्य चिकित्सालय करौली में उपयोग हेतु सर्विस प्रदाता एजेन्सी से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मुहरबंद ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा के नियम एवं शर्ते, स्पेसिफिकेशन, विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र एवं संबंधित दस्तावेज वेबसाईट Gem portal पर देखें एवं प्राप्त किए जा सकेंगे। एवं Gem portal पर ही ऑनलाईन अपलोड किये जाने है।

| निविदा संख्या | सामान/कार्य का विवरण | अनु.लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा जमा कराने की अंतिम तिथी एवं समय | निविदा खोलने की तिथी एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/2024-25 UBN NO. | सुरक्षा गॉर्ड, हैल्पर सफाईकर्मी स्वास्थ्य मार्गदर्शक, कम्प्यूटर ऑपरेटर्स मशीन विद मैन, फार्मासिस्ट, ब्लड बैंक काउन्सलर, इलेक्ट्रीशियन, वाहन चालक एवं प्लम्बर आदि Gem/2024/B/5078751 MHS2425SLOB00858 | 149 | 1000 | 13.07.2024 1.00 पी.एम. | 13.07.2024 1.00 पी.एम. | 13.07.2024 1.30 पी.एम. |

**नोट**-उक्त निविदा दिनांकों में यदि कोई राजकीय अवकाश/अन्य अवकाश, आकस्मिक रूप से घोषित होता है तो उक्त दिवस से सम्बन्धित निविदा कार्यवाही आगामी कार्य दिवस को सम्पन्न की जायेगी।

सदस्य सचिव एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सामान्य चिकित्सालय, करौली

DIPR/C/6004/2425

# 'आबादी के बीच संचालित इंडस्ट्रियल एरिया शहर से बाहर शिफ्ट करे सरकार'

## मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने जयपुर में 22 गोदाम, सुदर्शनपुरा, करतारपुरा और सुदर्शनपुरा विस्तार औद्योगिक क्षेत्र को शिफ्ट करने का मुद्दा विधानसभा में उठाया

**जयपुर** (विसं) । मालवीय नगर से भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने जयपुर शहर में आबादी के बीचोंबीच संचालित 4 इंडस्ट्रियल एरिया को शहर से बाहर शिफ्ट करने की मांग उठाई। सराफ ने विधानसभा में पर्ची के माध्यम से यह प्रकरण उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि वर्ष 1965 में रीको ने जयपुर में 90 साल की लीज पर 22 गोदाम, सुदर्शनपुरा, करतारपुरा और सुदर्शनपुरा विस्तार औद्योगिक क्षेत्र को विकसित किया था, लेकिन अब ये सभी औद्योगिक क्षेत्र जयपुर शहर की घनी आबादी के बीच आ चुके हैं। उस समय करतापुरा में 28.85 एकड़ जमीन पर 180 इकाइयां लगी थीं। सुदर्शनपुरा में 17.07 एकड़ जमीन पर 95 इकाइयां, सुदर्शनपुरा विस्तार में 14.71 एकड़ जमीन पर 150 इकाइयां और 22 गोदाम में 30 एकड़ जमीन पर 184 इकाइयां लगी थीं।

- **उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि ''इन औद्योगिक क्षेत्रों को शिफ्ट करना इतना आसान नहीं है। हम सभी औद्योगिक ईकाइयों का परीक्षण करवाकर और वहां मौजूद सभी स्टेक हॉल्डर्स के हितों का ध्यान रखते हुए समाधान का प्रयास करेंगे।''**

सराफ ने कहा कि ये औद्योगिक इकाइयां सघन आबादी के बीच आने के कारण कच्चे और तैयार माल के आने-जाने में बहुत समस्या आती है। क्योंकि सुबह 6 से रात 11 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही शहरी सीमा में प्रतिबंधित रहती है। जिस समय ये औद्योगिक इकाइयां बनी थी, उस समय सड़कों की चौड़ाई 30 फीट से भी कम रखी। यहां जब भी आगजनी की घटना होती है। यहां फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस के पहुंचने में बहुत समस्याएं होती हैं। इसे देखते हुए अब इन इकाइयां को शहरों से बाहर बसे औद्योगिक क्षेत्रों में शिफ्ट किया जाना जरूरी है।

विधायक कालीचरण सराफ ने इन औद्योगिक क्षेत्रों को शिफ्ट करने के बाद यहां खाली जमीन का कॉमर्शियल कन्वर्जन करने की मांग की। इस पर उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने जवाब देते हुए कहा कि, इस सबसे बड़ी चुनौती ये है कि जमीन रीको के पास लीज पर आती है। इसके कारण रीको पर भू-उपयोग परिवर्तन को लेकर पाबंदी है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने भी एक प्रकरण में रीको पर भू-उपयोग परिवर्तन पर रोक लगाई हुई है। ऐसे में चारों औद्योगिक क्षेत्रों को यहां से शिफ्ट करना इतना आसान नहीं है। हम सभी औद्योगिक ईकाइयों का परीक्षण करवाकर और वहां मौजूद सभी स्टेक हॉल्डर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए समाधान का प्रयास करेंगे।

# महापौर सौम्या ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से 100 संस्थाओं को जोड़ा

## नवदुर्गा की तर्ज पर ग्रेटर नगर निगम द्वारा संधारित किए जा रहे उद्यानों में लगाए जाएंगे 9 औषधीय पौधे



महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को ग्रेटर नगर निगम में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ उद्यान समिति की चेयरमैन राखी राठौड़ समेत कई लोग मौजूद थे।

**जयपुर** । प्रधानमंत्री के आव्हान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने 100 से अधिक संस्थाओं और व्यापार मंडलों को जोड़ा है।

शुक्रवार को ग्रेटर निगम मुख्यालय के सभासद भवन में विशेष बैठक बुलाई गई, जहां इन संस्थाओं व समाजजनों ने इस मानसून में ग्रेटर निगम के साथ वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। पौधे लगाने वाली संस्थाओं को पर्यावरण मित्र संरक्षण पुरस्कार भी दिया जायेगा। महापौर ने पौधे का पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। महापौर डॉ. सौम्या व उद्यान विकास एवं पर्यावरण समिति की अध्यक्ष राखी राठौड़ ने आम का पौधा भी लगाया तथा आमजन को पौधे एवं जूट के बैग भी वितरित किये।

महापौर ने कहा कि जीवन में मां का दर्जा सर्वोपरि होता है उनके सम्मान में पेड़ लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते है। ग्रेटर निगम ने इस बार जोन स्तर पर 11 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, इसके साथ ही आमजन को पौधा वितरण किया जायेगा। महापौर ने सभी लोगों से संकल्प पत्र भरवाया तथा उपस्थित संस्थाओं, विकास समितियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, व्यापार मण्डलों के प्रतिनिधियों को पर्यावरण सरंक्षण की शपथ दिलवाई।

महापौर ने बताया कि वर्षा ऋतु में कम से कम एक पेड़ घर के आगे या सार्वजनिक स्थानों पर लगाये तथा उसकी सार संभाल भी करें तथा इस पुनीत कार्य के लिये कम से कम 100 लोगों को प्रेरित करें। नगर निगम के सभी पार्कों में नवदुर्गा की थीम पर 9 औषधीय पौधे लगाये जाएंगे। बैठक में 100 से भी अधिक संस्थाओं ने भागीदारी निभाई। माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष केदार भाला ने 1 लाख पौधे लगाने के लिये सहमति दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण प्रकोष्ठ के अशोक शर्मा, बैठक में चैयरमेन एवं पार्षद उद्यान विकास एवं पर्यावरण समिति अध्यक्ष राखी राठौड़, जितेन्द्र श्रीमाली, महेश सांघी, महेन्द्र शर्मा, शेर सिंह, दामोदर मीणा, गणेश नारायण जाट सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी से फर्जी डिग्री बनवाने में सहयोग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए चित्तौड़गढ़ स्थित मेवाड़ यूनिवर्सिटी से फर्जी डिग्री बनवाने में सहयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से एसओजी मुख्यालय में पूछताछ चल रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एटीएस और एसओजी वीके सिंह ने बताया कि आरोपित मनोहर लाल (28) पुत्र बाबूलाल सांचौर का रहने वाला हैं। दो अभी सांचौर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाब में पुस्तकालय अध्यक्ष के पद पर पोस्टेड है। वहीं शनिवार को आरोपित को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।



आरोपी मनोहर लाल

सिंह ने बताया कि एसओजी यूनिट अजमेर और जोधपुर, सांचौर जिला पुलिस ने आरोपित मनोहर लाल बिश्नोई को झाब से डिटेन किया। आरोपित के खिलाफ अजमेर के सिविल लाइंस थाने में फर्जी डिग्री को लेकर एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसकी जांच एसओजी के द्वारा किया जा रही थी। जानकारी के अनुसार आरोपित मनोहर लाल बिश्नोई ने कमला कुमारी के नाम से फर्जी डिग्री बनाने में सहयोग किया था। आरोपित पूर्व में गिरफ्तार कमला का भाई दलपत सिंह व अन्य के साथ मिलकर मेवाड़ यूनिवर्सिटी से एमए हिन्दी की फर्जी डिग्री लेने में सहयोगी है। पुलिस पूछताछ में और भी कई चौकाने वाले खुलासे होने की सम्भावनाएं है।

# राव राजपूत महासभा का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह कल

**जयपुर** । अखिल भारतीय राव राजपूत महासभा समाज के बैनर तले 14 जुलाई को बिड़ला ऑडिटोरियम में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक महासभा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। शुक्रवार को महासभा के पदाधिकारियों ने बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजन की तैयारियों का जायजा लेकर पोस्टर का विमोचन किया। अखिल भारतीय राव राजपूत महासभा के अध्यक्ष राव प्रहलाद सिंह देवपुरा ने बताया संकल्प लिए जाएंगे। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी होंगी। सम्मेलन में महासभा की मुख्य कार्यकारिणी और युवा कार्यकारिणी को राष्ट्र हित और समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई जाएगी। सम्मेलन 350 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।बिड़ला ऑडिटोरियम में तैयारियों का जायजा लेने के दौरान मुख्य संरक्षक लादू सिंह ठिकरिया, महासचिव हेमन्त सिंह फतेहपुर, कोषाध्यक्ष उम्मेद सिंह मारोठपुरा, कार्यकारिणी सदस्य, युवा कार्यकारिणी के संरक्षक सुरेन्द्र सिंह, अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, महासचिव देवराज सिंह, कोषाध्यक्ष गगन सिंह, अजय सिंह, दिनेश सिंह, बने सिंह, गोपाल सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कक्षा 10, 12, स्नातक व स्नातकोत्तर, एमबीबीएस, आईआईटी, पीएचडी, आईआईएम, सीए, जिला या राज्य खिलाड़ियो का सम्मान होगा।

## मांस की दुकानें सीज

**जयपुर**। नगर निगम हैरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने शुक्रवार को बिना लाइसेंस और खुले में मीट बेचने वाली 4 दुकानों को सीज किया। पशु प्रबंधन उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि हैरिटेज निगम की ओर से बिना लाइसेंस और खुले में मांस बेचने पर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को निगम टीम ने पठानों का चोक, ब्रह्मपुरी, काग़दीवाड़ा, रामगढ़ मोड में औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की।

## सार-समाचार

### मधुबाला को पत्रकारिता में गोल्ड मैडल



**जयपुर** । वर्धमान महावीर खुला विश्विद्यालय, कोटा द्वारा आयोजित 16वें दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने मधुबाला को पत्रकारिता में गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया। उन्होंने मधुबाला को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गोचर भूमि पर चारा उगाएं : जीवाराम

**जयपुर** (विसं)। निर्दलीय विधायक जीवाराम चौधरी ने सदन में कहा कि हर साल गायों के लिए चारे की कमी होती है। सरकार को चाहिए कि वे प्रदेश में जितनी भी गोचर भूमि खाली पड़ी है, उन पर स्थानीय स्तर पर चारा उगाने की परमिशन दे ताकि गायों के लिए भरपूर चारा हो सके। उन्होंने सरकार के बजट में किए गए कई प्रावधानों की प्रशंसा भी की।

### चार लाख नौकरियां कैसे देंगे : मेहर

**जयपुर** (विसं)। कांग्रेस के टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर ने सदन में कहा कि बजट में 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरियां देने की घोषणा की गई है। लेकिन जब इतने पद ही रिक्त नहीं होंगे तो सरकार इतनी भर्तियां कैसे करेगी। भाजपा, कांग्रेस सरकार पर पेपरलीक के आरोप लगाती है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर नीट का पेपरलीक हो गया। एक ही बारिश में एयरपोर्ट, राममंदिर की छत, तेरह पुल लीक हो गए। मोदी ने ईआरसीपी पर प्रदेश आकर तब राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का वायदा किया था लेकिन गुमराह करते रहे। अब ईआरसीपी पर समझौता हुआ है और उसकी डीपीआर बना ली गई है तो उसे सदन में क्यों नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने मंदिरों के विकास की योजना में करौली के मदनमोहन जी और कैला देवी मंदिरों के विकास कार्यों को भी जोड़ने की मांग की।

### 'सड़कों का 5 साल का रोडमैप दिया'

**जयपुर** (विसं)। अजमेर के केकड़ी के भाजपा विधायक शत्रुघ्न गौतम ने विधानसभा में बजट बहस के दौरान कहा कि कांग्रेस केवल चुनाव में वायदे करती है, उस पर कोई काम नहीं होता है। कांग्रेस ने पिछले 5 साल में प्रदेश को केवल 7 हजार करोड़ की सड़कें दी। जबकि भजनलाल सरकार ने 154 करोड़ रूपए का सड़कों का जाल बिछाने का रोडमैप अभी ही जारी कर दिया है। कांग्रेस ने बिजली कंपनियों को डूबोया। पहले पूर्व भाजपा सीएम रही वसुन्धरा राजे ने 60 हजार करोड़ का कर्ज उतारा, लेकिन कांग्रेस की गहलोत सरकार ने फिर से इस कर्ज को 80 हजार करोड़ तक पहुंचा दिया। वहीं भाजपा विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि कांग्रेस राज में भाजपा के विधायको के साथ पक्षपात हुआ। विधायको के क्षेत्र में विकास काम नहीं हुए। विधायको को विकास पथ नहीं दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान भी नहीं बने। नंदी गौशालाएं नहीं खोली गई। यहां तक कि विधायकों का फंड तक रोका गया।

### कांग्रेस राज में गुंडाराज था : संदीप शर्मा

**जयपुर** (विसं)। कोटा से भाजपा विधायक संदीप शर्मा ने बजट बहस के दौरान सदन में कहा कि कांग्रेस राज में गुंडाराज, माफिया राज, गैंग ने जमकर लूट मचाई। पुलिस भी उस वक्त सिंडिकेट बनाकर मादक पदार्थों को सप्लाई करती थी। गैंगस्टर खुले में घूमते थे। भजनलाल सरकार ने आते ही एंटी गैंगेस्टर टॉस्क फोर्स बनाई। गुंडे और गैंग्स अब 6 माह में ही राजस्थान से भाग गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के वक्त भाजपा विधायको से पक्षपात किया जाता था। उनके क्षेत्रों में काम नहीं होते थे, लेकिन भजनलाल सरकार ने बजट में सभी क्षेत्रों के लिए विकास कार्य करवाने का ऐलान किया है। कांग्रेस ने प्रदेश को सर्वाधिक कर्ज में डूबोया, केवल फ्री की योजनाएं लाए। प्रदेश को हर साल 25 हजार करोड़ रूपए तो केवल ब्याज में ही देने पड़ते हैं। पेट्रोल-डीजल को सस्ता करने के लिए कांग्रेस ने वैट कम नहीं किया, लेकिन भाजपा सरकार आते ही वैट कम कर इन्हें सस्ता किया गया।

### 'बजट घोषणाओं के लिए पैसा कहां?'

**जयपुर** । चूरू के तारानगर से कांग्रेस के विधायक नरेन्द्र बुढानिया ने कहा कि भजनलाल सरकार ने बजट में 1005 घोषणाएं की है लेकिन इन्हें पूरा कैसे किया जाएगा। राजस्थान के पास पैसा ही नहीं है। प्रदेश की आय 2.64 लाख करोड़ हैं जबकि बजट 3 लाख करोड़ रु. से अधिक का है। बजट पूरा करने के लिए 70 हजार करोड़ रूपए कहां से आएंगे। आर.बी.आई. ने भी सरकार को नोटिस दे रखा है, ये घोषणाएं कभी पूरी नहीं होंगी। उन्होंने किसानों की स्थिति सुधारने के लिए केरल मॉडल की स्टडी कराने, किसानों को बाजरे पर एम.एस.पी. पर बेचान का विकल्प देने की मांग की। बुढ़ाणिया ने आरोप लगाया कि पिछले 2 माह में पानी और बिजली का भयंकर संकट रहा और सरकार इसे ठीक करने में पूरी तरह फैल रही।

### 'कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर स्वतंत्र भारत को गुलाम बनाने का अधम प्रयास किया था'

**नई दिल्ली/जयपुर**। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर स्वतंत्र भारत को फिर से गुलाम बनाने का 'अधम प्रयास' किया था। शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर शेखावत ने लिखा कि भारत सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय उन असंख्य देशभक्तों का सम्मान है, जिन्होंने भारत को तानाशाही से मुक्त कराने के लिए अपने प्राण तक दांव पर लगा दिए। उन्होंने लिखा कि कोटिशः स्वागत है इस मर्म स्पर्श करते निर्णय का। इससे वही असहमत होगा, जिसे एक परिवार की गुलामी से एतराज न हो।

# छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर विधानसभा में हंगामा

## विधायक अभिमन्यू पूनिया ने बहस के दौरान सदन में लहराये पोस्टर

**जयपुर** (विसं)। छात्रसंघ चुनाव की मांग विधानसभा में उठाते हुए संगरिया के कांग्रेस विधायक अभिमन्यू पूनिया ने पोस्टर लहराए। अभिमन्यु द्वारा सदन में ''छात्रसंघ चुनाव बहाल करो'' के पोस्टर दिखाने के बाद हंगामा मच गया। सत्ता पक्ष के विधायकों और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने विरोध इसका विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह सदन है, कोई कॉलेज-यूनिवर्सिटी नहीं है। अभिमन्यू पूनिया पोस्टर दिखाते हुए अपनी सीट छोड़कर आगे आ गए। इस पर सभापति संदीप शर्मा ने कहा कि आपका यह तरीका ठीक नहीं है। आप अपनी जगह पर जाइए। आप अभी नए सदस्य हैं, आपको इस तरह करने का कोई लाभ नहीं मिलेगा।

- **इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच भी नोंकझोंक हुई**

भाजपा विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अपने सदस्यों को बताए कि छात्रसंघ चुनाव किसने रद्द किए थे। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि सदन में साबित हो रहा है कि विपक्ष का कोई भी सदस्य नेता प्रतिपक्ष की नहीं मानता हैं। ये बार-बार रोक रहे है, लेकिन इनकी कोई नहीं सुन रहा है। विपक्ष के सदस्यों को लग रहा है कि इन्हें नेता प्रतिपक्ष गलत बना दिया हैं। गोविंद सिंह डोटासरा को नेता प्रतिपक्ष बनाना चाहिए था। इनकी खुनस यहां निकल रही हैं।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि यह गंभीर विषय हैं। सदस्य ने अपना विरोध जताया हैं, यहां भी नहीं कहेंगे तो कहां कहेंगे। इस पर मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि चुनाव बंद किसने कराए थे, सत्ता पक्ष के विधायकों ने कहा कि चुनाव अशोक गहलोत ने बंद कराए थे। टीकाराम जूली ने कहा कि हमने चुनाव स्थगित कराए थे। बंद आपकी सरकार ने कराए है।

हंगामे के दौरान विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि अगर डोटासरा यहां होते तो यह स्थिति नहीं होती। टीकाराम जूली ने कहा कि कृपलानी को मंत्री बना दो। जिससे यह बार-बार उठना बंद कर दे। अभिमन्यू पूनिया आज सदन में छात्रसंघ चुनाव शुरू कराने की मांग का कुर्ता पहनकर भी आए थे।

# सी.आई.डी. में तैनात बाबू ने प्रेमिका व बच्चे का गला रेता

**जयपुर** । सीआईडी एसएसबी उदयपुर में तैनात बाबू ने रुपयों की बढ़ती डिमांड से परेशान होकर अपनी प्रेमिका और उसके बच्चे का गला रेत किया। फिलहाल मां-बेटे का अस्पताल में उपचार जारी है। हरमाड़ा पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी को पकड लिया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह इत्तला मिली कि हरमाड़ा इलाके के नींदड पहाड़ी के जंगल में एक महिला और बच्चा घायल अवस्था में पड़े है। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को कांवटिया अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने हमलावर सीआईडी उदयपुर में तैनात बाबू को टोंक रोड सांगानेर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले में गिरफ्तार खड़क सिंह काशी नगर का रहने वाला है। आरोपित घायल विधवा गीता देवी और उसके बेटे को मकान दिलाने के बहाने जयपुर लाया था। ट्रेन से उतरने के बाद ऑटो रिक्शा कर उन्हें जमीन से गड़ा सोना निकालने का बहाना कर नींदड बैनाड़ के जंगल में ले गया। वहां पर आरोपित ने पहले गड्ढा खोदा, फिर धोखे से महिला के गले को आगे व पीछे से और बच्चे के गले को आगे से रेत दिया। महिला व बच्चे ने बचने के लिए आरोपित से काफी संघर्ष किया। बच्चे ने अपने बचाव में पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इस पर आरोपित दोनों को घायल छोड़कर भाग निकला। महिला व बच्चे को घायल पड़ा देखकर राहगीर ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने बताया कि मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल मां-बेटे को तुरंत ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अस्पताल भेजा। चाकू से गला रेतने के कारण दोनों का काफी खून बह गया था। हमले में घायल गीता देवी और उसके बेटे 9 वर्षीय आशीष का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने बताया कि उदयपुर से पहले खड़क सिंह की बांसवाड़ा में पोस्टिंग थी। इसी दौरान अंबापुर बांसवाडा निवासी गीता देवी पत्नी स्व तोलाराम मीणा खड़क सिंह के सम्पर्क में आई थी। दोनों में दोस्ती हुई, जो अवैध सम्बंधों में बदल गई। आरोपित का तबादला उदयपुर हुआ तो महिला भी पीछे-पीछे उदयपुर आ गई। अब वह उससे लगातार पैसो की डिमांड कर रही थी।

# 'राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट मील का पत्थर साबित होगा'

## प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने दिसंबर में होने वाले इस आयोजन की तैयारियों के निर्देश दिए



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में निवेश बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए दिसम्बर माह में ''इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2024'' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक ली और प्री-इन्वेस्टमेंट समिट व कार्ययोजना बनाए जाने पर चर्चा की।

रविकांत ने कहा की सभी नगर निकाय निवेशकों का चिन्हीकरण करें। साथ ही अप्रवासी राजस्थानियों से संवाद स्थापित करें, जिससे की इन्वेस्टमेंट समिट को ओर व्यापक बनाया जा सकें। उन्होंने स्टेक हॉल्डर्स के साथ कन्सलटेशन व नोलेज पार्टनरशीप पर भी अपना ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश दिये। बैठक में अरबन सेक्टर के अन्तर्गत विभिन्न सबसेक्टर यथा टूयूरिज्म, मेडिकल, उद्योग, वेयरहाउस तथा क्षेत्र विशेष के अनुरूप विशिष्ठ सेक्टर के चिन्हीकरण को प्राथमिकता दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान आवासन मंडल, विकास प्राधिकरणों, नगर निगमों, नगर नियोजन विभाग, जयपुर मैट्रो, नगरीय विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नाम हस्तांतरण, नक्शा पास, भूखंड़ विभाजन और पुनर्गठन की प्रक्रिया सरल होगी : जितेन्द्र श्रीमाली

## प्रत्येक 15 दिन में ग्रेटर निगम में होगी भवन मानचित्र समिति की बैठक, ताकि लंबित प्रकरण खत्म कर सकें

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम में करीब 3 साल बाद भवन मानचित्र समिति की बैठक चेयरमैन जितेन्द्र श्रीमाली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। श्रीमाली ने पट्टा वितरण, नाम हस्तांतरण, भूखंड़ उपविभाजन और पुनर्गठन के लंबित प्रकरणों को लेकर नाराजगी जताई। साथ ही उन्होंने पिछले 3 साल में लंबित तमाम प्रकरणों की रिपोर्ट भी अधिकारियों से मांगी।



ग्रेटर नगर निगम में करीब 3 साल बाद भवन मानचित्र समिति की बैठक शुक्रवार को चेयरमैन जितेन्द्र श्रीमाली की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

- **जोन अथवा मुख्यालय पर 2 माह से अटकी फाइलों को समिति की बैठक में प्रस्तुत करना होगा, ताकि लोगों के काम बेवजह नहीं अटकें**
- **'आयोजना शाखा अब किसी फाइल को सीधे निरस्त करने का फैसला नहीं लेगी, ऐसे प्रकरण समिति की बैठक में रखे जाएंगे'**

चेयरमैन जितेन्द्र श्रीमाली ने बताया कि अगर आमजन को भूखंड़ों के नक्शे पास करवाने, भवन निर्माण की स्वीकृति लेने, भूखंड़ उपविभाजन अथवा पुनर्गठन के लिए बेवजह नगर निगम के ऑफिस में चक्कर कटवाए जाते हैं तो इससे शहर में अवैध निर्माणों की संख्या बढ़ती है। अब प्रत्येक 15 दिन में भवन मानचित्र समिति की बैठक बुलाई जाएगी, ताकि आयोजना शाखा में लंबित चल रहे प्रकरणों को निस्तारित किया जा सके।

श्रीमाली ने बताया कि ग्रेटर नगर निगम में नाम हस्तांतरण, नक्शा पास, भूखंड़ विभाजन व पुनर्गठन की प्रक्रिया भी सरल की जायेगी। प्राय: शिकायतें मिलती है कि नगर निगम में लोगों को उनके कार्यों के लिए बेवजह चक्कर कटवाए जाते हैं, ऐसा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अगर जोन कार्यालय अथवा मुख्यालय पर 2 माह से ज्यादा समय से कोई फाइल अटकी हुई है तो उसे भवन मानचित्र समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। आयोजना शाखा के अधिकारी अब किसी फाइल को सीधे निरस्त करने का फैसला नहीं लेंगे, ऐसे प्रकरण समिति की बैठक में रखे जाएंगे। अगर किसी प्रकरण में कोई कागजात की कमी मिलती है तो आवेदनकर्ता को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जायेगा। श्रीमाली ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह में 3 दिन सोमवार, मंगलवार और बुधवार को जनसुनवाई की जायेगी। अगर आमजन को जोन कार्यालय अथवा मुख्यालय में किसी तरह की कोई परेशानी है तो वह समिति की जनसुनवाई में भी अपनी शिकायत दे सकेगा।

वहीं दूसरी ओर उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने भवन मानचित्र समिति की बैठक के बाद चेयरमैन जितेन्द्र श्रीमाली की कार्यशैली की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नगर निगम द्वारा पिछले 9 माह में मात्र 9 पट्टे जारी होना, ग्रेटर नगर निगम की लालफीताशाही को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि बी.पी.सी. ने चेयरमैन जितेन्द्र श्रीमाली के नेतृत्व में अच्छा कार्य शुरू किया है, वह आगामी 4 माह में तमाम लंबित प्रकरणों को निस्तारित करके आमजन को राहत देंगे।

## शुभम् राखी एग्जिबिशन शुरू

**जयपुर** । शुभम सोसाइटी की ओर से बिड़ला ऑडिटोरियम में राखी और लाइफस्टाइल एग्जिबिशन का आयोजन किया गया है। यहां सावन की सुहानी झड़ी के बीच महिलाओं का शॉपिंग में ख़ासा रुझान देखने को मिला। जहां ट्रेंड्स, फैशन और स्टाइल की रौनक़ और त्यौहार की चमक जयपुराइट्स ने ख़ासा इंजॉय की।

चेयरपर्सन मोनिका आर्या ने बताया कि लोग डिज़ाइनर ज्वैलरी से लेकर कस्टमाइज्ड गिफ्ट तक सब ख़रीदना पसंद कर रहे है। शुभम् क्लब के 40वें एग्जिबिशन में पैन इंडिया से आई विमन आंत्रप्रिन्योर ने होम डेकॉर, लेडीज, मेन्स व किड्स वियर, हैंड बैग्स, क्लच, लखनवी कुर्ती, गोटा साड़ी आदि के क़रीब 150 स्टॉल्स लगाए है। 13 जुलाई तक रहने वाली दो दिवसीय इस दौरान शुभम् सोसाइटी की फाउंडर माला खेतान, वृंदा रुंगटा और सरोज गोयल के साथ ही शुभम सोसाइटी की 24-25 चेयरपर्सन मोनिका आर्या और सचिव प्राची अग्रवाल भी उपस्थित रही। कार्यक्रम की वर्किंग कमिटी में सुजाता डागा, विमला सोमानी, पल्लवी पाटनी, राधा माहेश्वरी, ज्योति जैन, स्नेहा काबरा, वसुंधरा काबरा, शशि केडिया, सारिका मुंद्रा, उपासना बजाज, कोमल बागड़ा और राशि गादिया ने महिला सशक्तिकरण का नमूना पेश किया।



## World Rum Day

Rum has a history that dates back at least several centuries. Distilled from either the molasses or juice that comes from sugarcane, rum is a deliciously sweet liquor that is enjoyed the world over. With a reputation that is related to pirates and revolutions, rum brings with it a unique and fascinating background. *World Rum Day* celebrates the rum itself and its somewhat sordid past, as well as the community of makers, bartenders and drinkers, whose lives are made a little better by rum!




#SCIENCE

# Oldest Known Complex Organic Molecules

Observing the galaxy as it was 1.5 billion years after the big bang





An international team of astronomers have used the James Webb Space Telescope to detect organic molecules in the most distant part of the universe to date. The kind of molecules discovered are abundant on Earth in the form of smoke, soot and smog.

The researchers used the Webb telescope to find organic molecules in a galaxy that is more than 12 billion light years away, according to the University of Texas A&M. Since the galaxy is that far, it means that the light took 12 billion years to reach the telescope. This means that astronomers are observing the galaxy as it was at the time, when the universe was less than 1.5 billion years old.

Apart from the impressive prowess of the Webb telescope, the researchers also got a little help from a phenomenon called *gravitational lensing*. When you are observing a distant cosmic object, if there is a massive galaxy in between that and you, the foreground galaxy will bend and distort the light from behind it, effectively creating a lens that will allow you to see the distant object better.


In this particular case, the light from the background galaxy is stretched and magnified into a round-ish shape known as an *Einstein ring*. Albert Einstein originally predicted the phenomenon of gravitational lensing in his theory of relativity.

In the data from Webb, researchers found the signature indicating the presence of large organic molecules like that found in smog and smoke.

"These big molecules are actually pretty common in space. Astronomers used to think they were a good sign that new stars were forming," said Justin Spilker, lead author of the article.

But the new research shows that this idea may not always be true, according to Spilker. In the high-definition images from Webb, the researchers saw a lot of regions with 'smoke,' but no star formation and others with new stars forming, but no smoke.






# The man who rewrote Chinese History

PART:2

While Xuanzang was away, the new Emperor Taizong had consolidated the power of the Tang dynasty with the aid of the Buddhist Shaolin fighter-monks. In recognition of this, at his inauguration, he invited Buddhist monks to the Imperial Palace to conduct a seven-day service, which included the ordination of 3000 monks. Now, he greeted Xuanzang like a returning hero, personally going out to meet him at the city limits of Chang'an amid great fanfare.



Chang'an, the capital of the Tang dynasty.

Tang Emperor, Taizong.



Statue Xuanzang, Big Wild Goose Pagoda, Xian.




Maj. Chandrakant Singh VrC *(Retd)*
*Military Historian*


Seventh century Chinese pilgrim and scholar-monk Xuan Zang, also known as Hsüan-Tsang, is a traveller-historian, familiar to Indians.

The Chinese Consulate General in Kolkata has decided to use his work at a public event here to explain the depth of China's relationship with India over the last 1400 years, and focus on 'cooperation.'

The themed seminar on 'Xuan Zang and China-India Friendly Interactions' traces the philosopher's role 'in strengthening Indo-China relations.' It has been organised by the Consulate in association with Nalanda University. Ma Zhanwu, the Consul General said that India and China have a long history of 'shared interests' and the time is just right to discuss them. "We should not focus on differences and overlook shared interests and (should not) ignore the possibility of cooperation. We are having this seminar to send this message to the people in India."

This Chinese pilgrim is the core reference to a lot of what we know of India, through his journals. His is a very interesting personal life, and little has been public, but here are some details. Xuanzang belonged to a class of elite public officials, who served the emperors. His grandfather had been the head of the Imperial University at Beijing, and the reigning Emperor had endowed the family with the revenues of a medium-sized town. But Xuanzang was born into a world

> According to Xuanzang's biographer, "The streets were filled with bleached bones and the burned ruins of buildings. At this time, the books of Confucius and the sacred pages of Buddha were forgotten, everyone was occupied with the arts of war." Despairing of life in his homeland, Xuanzang became a Buddhist monk and in 629, set off on a pilgrimage to the Buddhist Holy Places in India.

that was descending into anarchy, as violent resistance brought about the collapse of the Sui Dynasty.

According to Xuanzang's biographer, "The streets were filled with bleached bones and the burned ruins of buildings. At this time, the books of Confucius and the sacred pages of Buddha were forgotten, everyone was occupied with the arts of war." Despairing of life in his homeland, Xuanzang became a Buddhist monk and in 629, set off on a pilgrimage to the Buddhist Holy Places in India, hoping to seek out the intellectual centre of his faith at Nalanda.

Xuanzang wanted to go west to India to learn more about Buddhism, but at the time, the emperor had forbidden travel outside China. Xuanzang respected authority and he struggled with a decision on whether or not to make the journey. Xuanzang, a brilliant and devout man, in the end believed that going to India was the only way to answer questions that troubled Chinese Buddhists. He started a seventeen-year journey that year, much of it spent as a fugitive and travelling under the cover of darkness.

Xuanzang travelled along what we now know as the Silk Road. He survived the dangerous Taklamakan Desert and continued through the high and harsh

#CONNECTIONS



Hiuen Tsang.



White Goose Pagoda.

mountains of Tian Shan (literally, mountains of the heavens or sky). The Silk Road took him through countries ruled by powerful leaders, who, sometimes, wanted to keep him in their kingdom rather than allow him to travel on. His intelligence and calm devotion to Buddhism convinced these leaders to help him in this quest to reach India. He was to have many adventures, as he worked his way through India, on to Nepal, the home of the Buddha, and then to Nalanda, where he spent many years living with the greatest teachers and thinkers of this time. Before he returned home, Xuanzang had converted pirates, who meant to rob and kill him, survived deadly typhoons, and won a Great Debate in front of thousands of wise men in India.

Xuanzang reached the *mahavihara*, or Great Monastery, after two years of adventures and several near-fatal encounters with brigands and robbers. On arrival, he performed an emotional circumambulation of the *sutra* depository and library, a round, stupa-like structure at the centre of the university complex. He then visited the eight lecture halls, numerous stupas, five temples and three hundred individual apartments,

> Recently, a movie called *Xuanzang*, a 2016 Chinese-Indian historical adventure film that dramatizes the life of Xuanzang (602-664), depicting his arduous nearly two-decade overland journey to India during the Tang dynasty, on a mission to bring Buddhist scriptures to China, was made and aired in China, although, it did only moderately well. The film is directed by Huo Jianqi.

which housed the ten thousand monks and scholars, who at any one time, gathered there. Between them, they studied the texts of the different schools of *Mahayana* and *Hinayana* Buddhism, as well as the *Vedas*, logic, grammar, philosophy, medicine, mathematics, Sanskrit, astronomy, literature and magic. Water clocks kept track of the time and gongs were beaten to announce the hours of prayer and study.

"The priests, to the number of several thousands, are men of the highest ability and talent," wrote Xuanzang. "Their distinction is very great at the present time. The rules of this convent are severe and all the priests are bound to observe them. The day is not sufficient for asking and answering profound questions. From morning until night, they engage in discussions, the old and the young mutually help each other."

In 643, after more than a decade in India, Xuanzang finally announced his intention to return to China, to the bafflement of his colleagues at Nalanda. But Xuanzang's mind was made up. A local Buddhist ruler provided the funds for a major return expedition across Central Asia, that carried 657 books bound in 520 cases, plus a large collection of statues and relics, each of which would, in time, become a shrine of its own in China. The following year, Xuanzang began the dangerous two-year return journey, with his precious caravan, full of ancient texts, all of which were then unknown in China. The return trip was no less difficult and he slowly made his way back studying, teaching, and learning about the cultures of the people whom he met along the way. Xuanzang was still officially a fugitive in his homeland, China, because he had left without permission. Xuanzang wrote a letter to the emperor describing what he had learned. Despite losing some of the most precious of his manuscripts, when a monsoon storm broke just as he was crossing the Indus, he was greeted as a returning hero on his return to Chang'an by the Tang Emperor, Taizong, himself. The emperor not only welcomed him back, but appointed him a court advisor.

While Xuanzang was away, the new Emperor Taizong had consolidated the power of the Tang dynasty with the aid of the Buddhist Shaolin fighter-monks. In recognition of this, at his inauguration, he invited Buddhist monks to the Imperial Palace to conduct a seven-day service, which included the ordination of 3000 monks. Now, he greeted Xuanzang like a returning hero, personally going out to meet him at the city limits of Chang'an amid great fanfare.

In the months that followed, the Emperor questioned the monk closely on his travels, and even invited him to join the government, but Xuanzang declined. Instead, he settled in the great Ci'en royal monastery in the capital and on the Emperor's instructions, began writing memoirs of his Indian journey, Records of the Western World. He also established an Institution for *Sutra* Translation in the Monastery with a team of assistants that he recruited specially with the Emperor's patronage, twelve versifiers, nine stylists, a philologist and specialist in Indian languages and literature. He also successfully petitioned the Emperor for a Nalanda-like Tower of Sanskrit Scriptures to protect the manuscripts that he had brought back with him. The result was the *Great Wild Goose Pagoda*, a spectacular *sutra* library that still stands today.

In his last years, Xuanzang was appointed Chief Monk of the Ci'en monastery and played an important role in bringing Buddhism more closely into the heart of Chinese court life. His greatest ally in this process was somewhat unexpected, a humble, 5th ranking concubine, who had just joined the imperial harem. Their alliance would transform Buddhism into a Chinese religion.

Recently, a movie called *Xuanzang*, a 2016 Chinese-Indian historical adventure film that dramatizes the life of Xuanzang (602-664), depicting his arduous nearly two-decade overland journey to India during the Tang dynasty, on a mission to bring Buddhist scriptures to China, was made and aired in China, although, it did only moderately well. The film is directed by Huo Jianqi and produced by Wong Kar-wai. It stars Huang Xiaoming as the titular character, and includes cameo or short performances by other accomplished actors including Kent Tong, Purba Rgyal, Sonu Sood and Tan Kai. It was released in China on 29 April 2016, with distribution in China by China Film Group Corporation. It was selected as the Chinese entry for the Best Foreign Language Film at the 89th *Academy Awards* but was not nominated. It won the Golden Angel Award Film and the best screenwriter categories at the 12th *Chinese American Film Festival* and was nominated in several categories at the 31st *Golden Rooster Awards*.


**Concluded.**


rajeshsharma1049@gmail.com


#ADDICTION

# Digital Multi-tasking


There are several things we can do to improve our concentration and to process information more slowly



Whether working or relaxing, we are immersed in nearly constant screen time, be it on TVs, computers, mobiles or tablets. Phones are especially hard to avoid. We take them everywhere, and use them to access basic services like banks or food shopping, as well as for videos, podcasts or games.

Technology is making it harder and harder for us to concentrate on long texts, and many of us give up after a few minutes. Instead, we find ourselves jumping from task to task, or from window to window on the computer, and struggle to find 'peace of mind' to concentrate on anything for more than a few minutes.

This is having an impact on our brains. We are becoming accustomed to what is known as 'bottom-up' attention, where emotions or interests are triggered by external simuli that we cannot control. Instead of voluntarily directing our attention (known as 'top-down' attention), digital media catches it, whether we want it to or not. The problem with so much 'bottom-up' attention is that it makes it difficult for us to attend to less immediately attractive tasks, or ones that require slower processing such as reading, analysing information or studying.



## Digital Multi-tasking

One characteristic of how we consume multimedia content is that it forces us to *multi-task*, we switch between different types of content and information without processing them slowly. This way of reading has a negative impact on school performance, and it creates dependency, it activates the same areas of our brains as an addiction. In other words, digital content 'hooks' us to the detriment of other tasks.

What's more, it is also affecting our quality of sleep, which is closely connected to our attention spans. Part of the problem is that we are used to being constantly connected to our devices, even when we go to bed. It has been shown that light from screens confuses our brain, making it think that it is daytime, preventing us from generating melatonin, the hormone that helps us fall asleep. Sleep is essential to stabilise memory and to perform attentively the next day.

It is, therefore, no coincidence that attention deficit issues are on the rise. In order to stay focused, we need to not be constantly connected to the internet. Indeed, there is debate about banning or limiting the use of devices in workplaces and classrooms.


## Fighting the Effects

There are several things we can do to improve our concentration and to process information more slowly.




- **Reduce** screen time and disconnect when you need to focus on other tasks. Minimise children's screen time, and limit them to educational content, when they do have access to these devices.
- **Spend** time outdoors and in nature. This has scientifically proven benefits for our attention spans, and even for our overall intellectual capacity.
- **Do exercise**. Physical activity is beneficial for both physical and mental health. It is especially good for our attention spans, memory, emotional regulation and mood.
- **Ensure** that you have good sleep hygiene by reducing stimulation before bedtime.
- **Follow** a balanced diet, paying attention to antioxidants and minerals, which are essential to proper brain function.
- **Build** routines that discourage you from being drawn in by digital distractions. This can include meditation, listening to music, or reading.

**Adapt** to your environment. If you work from home, for example, keep a separate space for work, and keep anything work-related out of sight unless it is being used. More generally, use timers to carry out longer tasks and take short breaks. You can then gradually, but consciously, increase the time you spend concentrating on a task. The order of tasks is also important. Do the activities that require more attention or efforts first, and then finish with easier ones as our attention tends to wane as we get tired.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# खेतड़ी क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

## ग्रामीणों ने पोलो ग्राउंड से एस.डी.एम. कार्यालय तक विरोध रैली निकाली

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने एडीजी पर अपने प्रभाव से क्षेत्र के लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने व पद का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया है।

एसडीएम सविता शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि पुलिस विभाग में एडीजी के भाई की ओर से खेतड़ी क्षेत्र में अवैध रूप से खनन कार्य किया जा रहा है। मांइस नियमों के अनुसार लीज में छह मीटर की बैंच होनी चाहिए, जो इनकी लीजों में नहीं है। नियमानुसार एक दिन में एक शिफ्ट काम करने की अनुमति है, लेकिन इनके द्वारा दिन-रात खनन कार्य करवाया जा रहा है। ढाणी मोल्याला के राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल के पास लीज लगाकर खनन किया जा रहा है। लीज में होने वाली ब्लास्टिंग के कारण बच्चे स्कूल आने से डरते हैं तथा ब्लास्टिंग के पत्थर स्कूल परिसर में गिरते हैं।


ग्रामीणों ने एसडीएम सविता शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि मनोज घुमरिया की मांइस में कई बार हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद भी उनका भाई पुलिस विभाग में उच्च पद पर अधिकारी होने के कारण प्रशासन पर दबाव बनाकर कार्रवाई नहीं की जाती है। गाडराटा पंचायत के प्रतिभानगर में सरकारी भूमि पर कब्जा कर मलबा डालकर पहाड़ बना रखा है। ढाणी शिशवाला में छह बीघा भूमि पर मलबा डालकर अतिक्रमण कर रखा है। खेतड़ी क्षेत्र में एडीजी व उसके भाई का आतंक बढ़ने से जनता पर अत्याचार किया जा रहा है। जिसके चलते लोगों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

- **ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अवैध खनन पर कार्रवाई की मांग की**


इस दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार की ओर से जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र की जनता की ओर से आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक हजारीलाल गुर्जर, रामसिंह गुर्जर, रोहिताश गुर्जर, संजय देव, दयाराम गुर्जर, सुभाष तातीजा, महिपाल सिंह निर्वाण, सुभाष कुमावत, डॉ सोमदत्त भगत, कैलाश स्वामी, निखिल शर्मा, सोनू अग्रवाल, हरेंद्र सिंह, छगनलाल जांगिड़, छोटेलाल पहलवान, बबलू अवाना, अजीत सिंह, रामनिवास लादी, प्रमोद स्वामी, मनीराम, सत्यवीर चिरानी, प्रभू गुर्जर, सुरेंद्र काजला सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# तीन महिने से फरारी काट रहा बदमाश गिरफ्तार

## आरोपी तीन माह से अपनी मौसी के घर पर रहकर फरारी काट रहा था, डकैती सहित आठ मामले दर्ज

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पुलिस ने गुरूवार देर शाम को ग्वारिया बस्ती में तीन महिने से मौसी के घर रहकर फरारी काट रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी बहरोड़ क्षेत्र का वांटेड हैं, जिस पर डकैती, फायरिंग सहित अन्य मामले दर्ज हैं।

थानाधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि भगतों का मौहल्ला सिंघाना निवासी जितेंद्र नायक ने रिपोर्ट दी कि रेलवे क्रॉसिंग के पास राजू जोगी के घर रहने वाले संदीप ने उसके साथ मारपीट की। सूचना पर एचसी झाबरमल मय पुलिस जाब्ते ने राजू जोगी के घर जाकर पूछताछ की तो संदीप पुलिस के साथ उलझने लगा, उसको काफी समझाइश की, लेकिन वह नहीं माना। इस दौरान पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ की तो वह सिंघाना थाने में दर्ज एक मामले का गिरफ्तारी वारंटी निकला।


सिंघाना पुलिस ने तीन महिने से फरार बदमाश को गिरफ्तार किया।

आरोपी कोटपूतली थाने के डकैती व हत्या के प्रयास के मुकदमे का वांटेड है। आरोपी के खिलाफ 2018 में कुठानियां निवासी भगवती प्रसाद ने गुजरवास निवासी सेढिया उर्फ दलीप व संदीप उर्फ कटारा सहित छह सात अन्य लोगों के खिलाफ घर में घुसकर फायरिंग कर उसकी पुत्रवधु का अपहरण करने का मामला दर्ज करवाया था। गिरफ्तार आरोपी बास पहाड़ी बहरोड़ निवासी संदीप उर्फ कटारा पुत्र भागीरथ जोगी पिछले कई सालों से कोर्ट पेशी से फरार चल रहा था। आरोपी एक अपराधिक प्रवृति का है, जिसके खिलाफ कोटपूतली, बहरोड़, नीमराणा, शाहपुरा ग्रामीण व सिंघाना थाने में हत्या का प्रयास, डकैती, राजकार्य में बाधा, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम के आठ मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी कई मामलों में फरार चल रहा था। आरोपी पुलिस से बचने के लिए पिछले तीन महिने से चिड़ावा बाइपास के पास ग्वारिया मौहल्ले में अपनी मौसी के घर में रहकर फरारी काट रहा था।

# नाबालिग बच्चियों से हैवानियत करने वाले हेड मास्टर को आजीवन कारावास

- **कोर्ट की टिप्पणी : टीचर होकर शिक्षा के पवित्र मंदिर को कलंकित करने का काम किया**
- **बच्चियों को मगरमच्छ के सामने फेंकने का डर दिखाता था आरोपी हेड मास्टर**

**डूंगरपुर,** (निसं)। आरोपी ने एक टीचर होकर अपने ही स्कूल की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म कर शिक्षा के पवित्र मंदिर को कलंकित करने का काम किया है। इसलिए कोर्ट आरोपी हेड मास्टर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास टिल डेथ की सजा सुनाती है। साथ ही 3.14 लाख रुपए जुर्माना भी लगाती है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली 6 नाबालिग बच्चियों से हैवानियत करने वाले हेड मास्टर को एक साल बाद डूंगरपुर जिले के स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को यह सजा सुनाई।

सरकारी वकील योगेश जोशी ने बताया कि 31 मई 2023 को सदर थाने में नाबालिग बच्चियों के परिजनों की ओर से मामला दर्ज कराया गया था। रिपोर्ट में बताया था कि 8 से 12 साल की छोटी 6 बच्चियां सरकारी स्कूल में पढ़ती हैं। उसी स्कूल के हेड मास्टर रमेशचंद्र कटारा पुत्र उदयराम कटारा निवासी ददोदिया ने उनके साथ हैवानियत की। आरोपी हेड मास्टर बच्चियों को खेलने के बहाने बुलाता था। इसके बाद बच्चियों को स्कूल के कमरों में ले जाकर उनके साथ हैवानियत की वारदात को अंजाम देता था। आरोपी छुट्टी के दिन भी बच्चियों को स्कूल बुलाता और उनके साथ हैवानियत करता। वह कभी-कभार बच्चियों को अपने साथ घर ले जाकर भी उनके साथ गलत काम करता था। मामले में पुलिस ने जांच कर कई सबूत जुटाए। पुलिस की ओर से कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई। मामले में स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के जज ने सुनवाई पूरी करते हुए शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी हेड मास्टर रमेशचंद्र कटारा को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार दिया है।

बच्चियों ने पुलिस को ये भी बताया था कि हेड मास्टर उनके साथ हैवानियत कर फेल करने की धमकी देता। जिस वजह से बच्चियां चुप रहती। वहीं उन्हें चॉकलेट और 10-20 रुपए भी देता। इस वजह से बच्चियां चुप रहती। वहीं बच्चियों के विरोध करने पर वह उन्हें अपनी लग्जरी कार से घुमाने के बहाने डूंगरपुर गैपसागर झील लाता। यहां पानी में मगरमच्छ होने और पानी में फेंकने के लिए डराता। डर की वजह से बच्चियां अपने परिवार के लोगों को बताने से भी कतराती थी।

आरोपी हेड मास्टर ने बच्चियों को घर ले जाकर उनके साथ हैवानियत के फोटो भी खींचे थे। मामला उजागर होने के साथ ही हेड मास्टर ने सभी फोटो मोबाइल से डिलीट कर दिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद मोबाइल को बरामद किया था। उसके मोबाइल की जांच करवाई गई, जिसमें बच्चियों के साथ हैवानियत करने वाले फोटो रिकवर किए गए थे।

# कालवा टोल पर चालक के साथ मारपीट

**बोरावड़,** (निसं)। स्टेट हाईवे 2बी पर ग्राम पंचायत कालवा बड़ा की सीमा में टोलकर्मी नशे में चूर रहते हैं तथा टोल को लेकर गाली-गलौच व मारपीट किये जाने की बात आम हो गई है।

टोलकर्मियों द्वारा कालवा निवासी प्रकाश सैन पुत्र रतनलाल सैन के स्थानीय निवासी होने के बावजूद टोल को लेकर मारपीट कर बंदी बनाने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। कालवा ग्रामवासियों को इस बाबत जानकारी मिलने पर कालवा बड़ा सरपंच दिलीपसिंह राठौड़ के साथ टोलनाके पर पहुंचकर प्रकाश सैन के साथ मारपीट किये जाने की घटना पर रोष प्रकट किया। वहीं आये दिन स्थानीय लोगों के साथ टोलकर्मियों द्वारा किये जा रह दुर्व्यवहार व टोलबूथ पर बैठकर नशा किये जाने पर एतराज प्रकट किया। इस दौरान मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक श्रीराम भींचर ने घटना के सम्बंध में जानकारी लेते हुए टोलकर्मियों के अनुचित व्यवहार पर असन्तोष व्यक्त किया तथा इस सम्बंध में ग्रामवासियों के साथ उचित व्यवहार करने के लिए टोलकर्मियों को निर्देश दिए।


कालवा ग्रामवासियों ने सरपंच के साथ टोल नाके पर रोष प्रकट किया।

**टोल की पर्ची पर नहीं लिखते हैं वाहन के नम्बर :-** कालवा के टोल प्लाजा पर टोलकर्मियों द्वारा की जा रही हेराफेरी से इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन चालक परेशान हैं तथा इससे सरकार को भी चूना लगाया जा रहा है। इस सम्बंध में डॉ. मनोहर सिंह राठौड़ ने बताया कि वे अनेक बार इस टोल प्लाजा से गुजरते हैं, मगर टोल की रशीद पर उनके वाहन के नम्बर नहीं लिखे जाने पर बार-बार एतराज करने के बावजूद वे अपनी इस अनियमितता को दूर करना तो दूर उनके साथ अभद्रता करने से भी नहीं चूकते हैं। इसी प्रकार टोल प्लाजा पर आने जाने के लिए अलग-अलग लाइन व बैरियर के स्थान पर बिना बैरियरों के ही सिंगल लाइन से ही वाहनों के आने व जाने की व्यवस्था कर रखी है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा आये दिन दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

- **चालक के स्थानीय निवासी होने के बावजूद टोल को लेकर मारपीट कर बंदी बनाने का प्रयास किया**

उल्लेखनीय है कि कालवा टोल प्लाजा पर वाहन चालकों के लिए प्रशाधन व अन्य प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। टोल प्लाजा पर टोलकर्मियों द्वारा टोल ठेकेदार के मंत्री विजय सिंह चौधरी के भांजे होने का हवाला देते हुए कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकने की बात कहते हैं, जिससे अधिकांश वाहन चालक टोलकर्मियों के अनुचित व्यवहार के बावजूद बिना किसी कार्यवाही के चल देते हैं।

# युवाओं ने प्रदर्शन किया

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। प्रदेश सरकार की ओर से थर्ड ग्रेड भर्ती परीक्षा में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा के बाद उनियारा उपखंड के भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा शुक्रवार को सड़कों पर उतर आए। बीएसटीसी की तैयारी कर रहे युवाओं ने महिलाओं को मिले आरक्षण के खिलाफ भारी आक्रोश फूटा। आरक्षण से व्यथित आक्रोशित बेरोजगारों ने देहलवाल मंदिर परिसर में सद्‌बुद्धि यज्ञ किया। यज्ञ में देहलवाल भगवान को आहुंतियां देकर भगवान से राज्य सरकार के जन नायक भजनलाल शर्मा को सद्‌बुद्धि देने की कामना की। वही देहलवाल मंदिर से सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी के साथ जुलूस निकालते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर राज्य सरकार के जननायक व भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षित बेरोजगारों ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगे पूरी करने की मांग की।

# सरकारी स्कूल की भूमि से कब्जा हटाया

## पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया था, जेसीबी से किया ध्वस्त

**अजमेर,** (कासं)। शहर में बढ़ते अतिक्रमणों को लेकर अजमेर विकास प्राधिकरण और नगर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जयपुर रोड स्थित कांकरदा भूणाबाय गांव के सरकारी स्कूल की जमीन पर पक्का निर्माण कर किए गए अतिक्रमण को शुक्रवार को अजमेर विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। एडीए को शिकायत मिली थी, जिस पर दो दिन पहले अतिक्रमी को नोटिस जारी कर अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। एडीए इस कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का जाब्ता तैनात रहा।

अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारी निशान कुमार सवारियां ने बताया कि जयपुर रोड कांकरदा भूणाबाय गांव स्थित सरकारी विद्यालय को खेल मैदान के लिए खसरा नंबर 659/1684 की भूमि आंवटित की गई थी। स्कूल के पास रहे परिवार ने सरकार भूमि पर अतिक्रमण करना आरंभ कर दिया था। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूल के जमीन पर अतिक्रमण करने की सूचना पूर्व में मिली थी। स्कूल की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर अवैध दुकानों के साथ अन्य निर्माण कराए जा रहे थे।


जेसीबी मशीन की सहायता से स्कूल की भूमि से अतिक्रमण हटाया।

सूचना पर दो दिन पहले तहसीलदार ने मौका मुआयना करते हुए खेल मैदान की भूमि का सीमाज्ञान किया था और एडीए की टीम ने अतिकर्मी से समझाइश कर अतिक्रमण ध्वस्त करने की बात कही थी, लेकिन अतिकर्मी अतिक्रमी ने निर्माण कार्य को जारी रखा गया, जिस पर शुक्रवार को एडीए की टीम ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान जिला पुलिस का जाब्ता भी तैनात रहा।

# छेड़छाड़ के दोषी को 20 साल का कारावास

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं के पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में दोषी को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2011 के तहत पीड़िता को अर्थदण्ड की राशि 70 हजार देने के आदेश दिए है। झुंझुनूं निवासी मोहम्मद असलम उर्फ मुन्ना के खिलाफ 19 मार्च 2022 को नाबालिग बच्ची से छेडछाड़ का केस दर्ज हुआ था। अभियुक्त असलम पर 6 साल की बच्ची से अश्लील छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था। परिजनों ने बताया था कि अभियुक्त असलम उनका रिश्तेदार था। अपनी पत्नी के साथ उनके घर आया था। बच्ची को बहला फुसलाकर पशुओं के ढारे में ले जाकर घटना को अंजाम दिया था। चिड़ावा पुलिस ने पूरे मामले में बारीकी से अनुसंधान किया।

# आरटीओ कांस्टेबल को बाइक ने टक्कर मारी

- **नारेली बाईपास पर फ्लाइंग चेकिंग के दौरान हुई घटना**

**अजमेर,** (कासं)। जिला आरटीओ में कांस्टेबल के पद पर तैनात कन्हैयालाल को एक मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी।

इस घटना में कन्हैयालाल के पैर में फ्रैक्चर हो गया, जिसे उपचार के लिए जेएलएन अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान भर्ती कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार नारेली बाईपास पर फ्लाइंग चेकिंग के दौरान जिला परिवहन विभाग के गार्ड कन्हैयालाल दुर्घटना में घायल हो गया, घटना उस समय हुई जब एक मोटरसाइकिल सवार गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहा था, उसने कन्हैयालाल को टक्कर मार दी।

इस टक्कर से कन्हैया लाल के पैर में फ्रैक्चर हो गया। उन्हें तुरंत जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवहन विभाग के साथ कर्मचारी सूरज ने घायल कन्हैयालाल को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गये। दूसरी ओर टक्कर मारने वाले मोटरसाइकिल सवार युवक भी चोटिल हुआ है, उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

साथ कर्मचारी सूरज ने बताया कि हाईवे पर नियमित वाहनों की जांच के लिए सड़क किनारे खड़े थे, तभी एक बाइक सवार युवक ने गलत दिशा में आकर टक्कर मार दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर कार्यवाही की बात कही है।

# दिनदहाड़े चोरी की वारदात, सीसीटीवी में कैद हुये आरोपी


वारदात में शामिल शातिर चोरों की फोटो सीसीटीवी में कैद हो गई।

**बिजयनगर,** (निसं)। शुक्रवार प्रातः करीब 11:30 बजे दिनदहाड़े महावीर बोहरा कॉलोनी स्थित कमल भंडारी खामोर वाले के आवास पर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए शातिर चोर मौके से फरार हो गए। मकान मालिक कुछ समय के लिए बाहर थे।

इसी बीच मौके का फायदा उठाकर शातिर चोरों ने घर के भीतर प्रवेश किया। घर में रखे पांच हजार की नगदी सहित एक सोने की अंगूठी चुराकर फरार हो गए। चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुये आसपास से जानकारी जुटाकर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की। चोरी की वारदात में शामिल शातिर चोरों की फोटो सीसीटीवी में कैद हो गई। वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के नंबर सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट दिखाई दिए।

# पं.स. का कनिष्ठ सहायक निलंबित

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा पंचायत समिति कार्यालय में प्रशासनिक मद को लेकर अतिरिक्त भुगतान करने पर कनिष्ठ सहायक को निलंबित किया गया। मसूदा पंचायत समिति में नरेगा कार्यों को लेकर आवंटित राशि का प्रशासनिक मद को कनिष्ठ सहायक प्रकाश सैन द्वारा किसी फर्म को करीब 86 हजार रूपए का अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया। पंचायत समिति द्वारा किए गए भुगतान को लेकर अजमेर सीओ को जानकारी मिलने पर मामले को लेकर आवश्यक कारवाई करने को लेकर मसूदा विकास अधिकारी मधुसुदन को दिशा निर्देश दिए, जिस पर मसूदा विकास अधिकारी ने अतिरिक्त भुगतान किए जाने को लेकर कनिष्ठ सहायक को निलंबित कर दिया।

# संविदाकर्मी झुलसा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मांडल थाना क्षेत्र में विद्युत लाइन पर काम करते समय करंट की चपेट में आने से संविदाकर्मी झुलस गया। मांडल विद्युत ग्रिड पर कार्यरत संविदाकर्मी दुर्गेशसिंह विद्युत लाइन पर कार्य करते समय करंट की चपेट में आ गया। हादसे ने गंभीर घायल दुर्गेश को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

# पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों व महिलाओं ने प्रदर्शन किया

## ग्राम पंचायत पंडितपुरा का वार्ड संख्या एक है, जिसमें पेयजल की कोई सुविधा नहीं है

**पावटा,** (निसं)। सरकार व जिला प्रशासन के पेयजल की समस्या समाधान करने का अभियान धरातल पर नहीं उतर सका। विभागीय उदासीनता के कारण पावटा उपखंड के कई गांवों में आज भी अधिकांश घरों में पानी की सुविधा नहीं है। जिसके कारण लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। इस क्रम में शुक्रवार को पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्राम पंचायत पंडितपुरा के ग्रामीणों व महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे सोनू सैन, मोनू सैन, रोहित मीणा, बलबीर मीणा, मालीराम मीणा, सतवीर सिंह, भवानी सिंह, संतोष कंवर, तोफली मीणा, लीलु सैन, अनची मीणा, दशरथ मीणा, अनिता मीणा, मुन्नी देवी, सुणा देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पंडितपुरा का वार्ड संख्या एक है, जिसमे अभी तक पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। बताया कि पीएचईडी विभाग के तीन चापानल है वो चार साल से खराब पड़े हैं। गांव मे सब जगह पाइप लाइन बिछा दी गई लेकिन वार्ड नं. एक में अभी तक वो भी नहीं हुआ। उसी समस्या को लेकर ज्ञापन के लिए पहुंचे लोगों व महिलाओं ने कार्यालय पर जब ताला लगा देखा तो आक्रोश और बढ़ गया व ग्रामीणों एवं महिलाओं ने ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने एक घंटे तक धरना प्रदर्शन किया।


ग्राम पंचायत पंडितपुरा के ग्रामीणों व महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने बताया कि बारिश के चलते पानी की समस्या समस्या को लेकर भारी परेशानी हो रही है। बताया कि समस्या समाधान के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाए, लेकिन संबंधित पदाधिकारी कुछ सुनते नहीं हैं और सिर्फ आश्वासन देकर टाल देते हैं। इस दौरान सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौके पर नहीं पहुंचे। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत पंडितपुरा में पेयजल संकट पूरी तरह से गहराया हुआ है। पानी के लिए लोग त्राही-त्राही कर रहे हैं। पंडितपुरा ग्राम विकास के क्षेत्र में लगातार पिछडता जा रहा है।

# भाजपा की वृहद कार्यसमिति आज : सी.पी. जोशी

## 'केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम होंगे शामिल'



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि शनिवार को सुबह 9 बजे से जयपुर के सीतापुरा स्थिति जेईसीसी सभागार में ऐतिहासिक वृहद कार्यसमिति का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यसमिति ऐसे अवसर पर हो रही है जब देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने शपथ ली है, और प्रदेश में भाजपा की सशक्त भजनलाल सरकार है। कार्यसमिति में पंचायत राज के जनप्रतिनिधि, निकाय जनप्रतिनिधि, सासंद, विधायक, मंत्री मुख्यमंत्री और प्रदेश पदाधिकारियों सहित आठ हजार से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे। वहीं केंद्र की ओर से एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम उपस्थित रहेंगे।

जोशी ने कहा कि कार्यसमिति की तैयारियों के लिए बनाई गई व्यवस्था टोलियां प्रत्येक काम को बारीकी से कर रही है। दो सत्रों में होने वाली वृहद कार्यसमिति के दौरान प्रदेश से केंद्र सरकार में बनाए गए चार मंत्रियों का स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। वहीं भाजपा की आगामी कार्ययोजना का रूटमैप बनाया जाएगा। प्रेसवार्ता में भाजपा की प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे। जोशी ने कहा कि भाजपा की भजनलाल सरकार की ओर से पेश किये गये पूर्णकालिक बजट 2024-2025 में विकसित राजस्थान, सशक्त राजस्थान, अग्रणी राजस्थान और समग्र राजस्थान की परिकल्पना को साकार किया है। बजट में प्रदेश के हर वर्ग के चहुंमुखी विकास और सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर उस पर काम शुरू कर दिया गया है। बजट में सिंचाई से लेकर पेयजल समस्या के समाधान के लिए 15 हजार करोड की लागत से 25 लाख नल कनेक्शन देने की घोषणा की गई है। वहीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए 20370 करोड की 6 वृहद स्तरीय पेयजल योजनाएं लाई जाएंगी विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढाने के साथ आदर्श सौर ग्राम योजना के तहत दो लाख आठ हजार घरों को बिजली कनेक्शन दिये जाएंगे।

■ **'मंडल स्तर से लेकर पंचायत राज, निकाय , सांसद, विधायक, मंत्री और प्रदेश पदाधिकारियों सहित करीब 8 हजार जनप्रतिनिधि होंगे शामिल'**

## वित्त विभाग के आदेश से सभी नये काम रोके गये हैं : जूली

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक संजीव कुमार के भादरा के पेयजल प्रोजेक्ट से जुड़े सवाल पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि इसमें मंत्रीजी की कोई गलती नहीं है। गलती वित्त विभाग के 15 दिसंबर के उस आदेश की है जिसमें सभी नए कामों पर रोक लगा दी। उस आदेश के बाद प्रदेश भर में सभी नए काम रुक गए हैं। यह असंवैधानिक आदेश है, यह जब तक यह नहीं हटेगा तब तक नए काम और पुराने चल रहे प्रोजेक्ट अटके ही रहेंगे। इस पर मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में आरटीपीपी एक्ट के खिलाफ जाकर काम किया था। जो आरटीपीपी के नियमों के खिलाफ काम थे उन पर रोक लगाई है। यह पहली बार नहीं हुआ, आपके वक्त भी होता आया है। इससे पहले विधायक संजीव कुमार ने जलदाय मंत्री के जवाब पर सवाल उठाए। मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि समीक्षा के बाद जल्द फैसला किया जाएगा।

इस पर संजीव कुमार ने कहा कि भादरा क्षेत्र में पानी का संकट है, अमरसिंह लिफ्ट से 15 दिन में पानी आता है।

## सार-समाचार

### जयपुर मेट्रो विस्तार की डी.पी.आर. ट्रेफिक ट्रांसपोर्ट सलाहकार की नियुक्ति के बाद बनेगी : खर्रा

**जयपुर, (वि.सं.)।** नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि जयपुर शहर में मेट्रो विस्तार के लिए ट्रेफिक ट्रांसपोर्ट सलाहकार की नियुक्ति के बाद डीपीआर तैयार की जाएगी। झाबर सिंह खर्रा ने बताया कि संभावित मार्गों पर मेट्रो विस्तार के लिए सर्वे डीपीआर के लिए सलाहकार की नियुक्ति के लिए गत 6 जुलाई को निविदा जारी की जा चुकी है। खर्रा ने प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को भी इस डीपीआर में शामिल किया जाएगा। इससे पहले विधायक गोपाल शर्मा के मूल प्रश्न का नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जवाब दिया।

### किरोड़ीलाल पूरे सत्र नहीं आएंगे

**जयपुर, (वि.सं.)।** कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा पूरे बजट सत्र विधानसभा नहीं आएंगे। विधानसभा ने आज डॉ किरोड़ी को पूरे बजट सत्र सदन से अनुपस्थित रहने की अनुमति दे दी है। आज प्रश्नकाल खत्म होते ही स्पीकर ने डॉ किरोड़ी लाल मीणा के पूरे बजट सत्र से सदन से गैर हाजिर रहने की अनुमति पर वोटिंग करवाई, जिसकी ध्वनिमत से अनुमति दे दी गई। उल्लेखनीय है कि सत्र के दौरान अगर कोई भी विधायक सदन में नहीं आता है तो उसे लिखित में स्पीकर को सूचना देनी होती है, स्पीकर फिर सदन में वोटिंग करवाकर राय पूछते हैं, तब सदन की बैठकों से छुट्टी दी जाती है।

### खाली पदों को जल्द भरेंगे : प्रेमचंद बैरवा

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के सवाल के जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि कॉलेजों में 1936 खाली पदों को जल्द भरा जाएगा। इन पदों पर भर्ती का काम चल रहा है। बैरवा ने कहा कि प्रदेश के सरकारी कॉलेजों 555 लाइब्रेरियन, 555 पीटीआई के पद हैं, जिसमें , 535 लाइब्रेरियन और 540 पीटीआई के पद खाली चल रहे हैं। दोनों के 247-247 पदों पर भर्ती हो चुकी है। आक्या ने कहा कि जिन कॉलेजों में कोई शिक्षक नहीं है उनमें तो कम से कम शिक्षक लगा दो। इस पर मंत्री बैरवा ने कहा कि शीघ्र ही उन सबमें लगा दिया जायेगा।

### 'भाजपा ने आदिवासियों को नहीं बक्शा'

**जयपुर।** टोड़ाभीम से कांग्रेस विधायक घनश्याम मेहर ने कहा कि भाजपा आदिवासियों की बात करती हैं, लेकिन इन्होंने आदिवासी मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को ही नहीं बक्शा। किरोड़ी की वज़ह से ही भाजपा सत्ता में आई, लेकिन उनकी मुख्यमंत्री नहीं सुनते। उन्हें अपने कामों के लिए चीफ सैकेट्री के पास जाना पड़ता हैं। मेहर ने मंत्री बाबूलाल खराड़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि आदिवासी मंत्री यहां बैठे है। लेकिन इन्होने एक शब्द नहीं कहा। मंत्री जी आप स्विच ऑफ हो गए है। आप सदन में एयरोप्लेन मोड में बैठे रहते हो। आप ने एक भी शब्द नहीं बोला। आपके बगल में बैठे हुए मंत्री आदिवासियों का डीएनए टेस्ट कराने की बात कहते हैं। लेकिन आपने कुछ नहीं कहा।

### कर्नल राठौड़ के कार्यों की सराहना

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा के भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में महिलाओं के उत्थान व नारी शक्ति का जीवन आसान बनाने के लिए वैवेकिक अनुदान कोष से स्वीकृति प्रदान की है। महिलाओं ने वैवेकिक अनुदान कोष से स्वीकृति प्रदान करने पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का आभार व्यक्त करते हुए उनके जनसेवा कार्यों की सराहना की। कर्नल राठौड़ ने कहा कि हम महिला सशक्तिकरण एवं उनके विकास और उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। नारी सशक्तिकरण मोदी सरकार की प्राथमिकता है। मोदी सरकार की नीतियों से हमारी मातृशक्ति को आगे बढ़ने के अभूतपूर्व अवसर मिल रहे हैं। नारी सशक्तिकरण के संकल्प को लेकर मोदी सरकार लगातार देश की महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त करने का निरंतर प्रयास कर रही है। नारी शक्ति का सम्मान और उत्थान मोदी सरकार की खास पहचान है।

# वृक्षारोपण के आंकड़ों में गड़बड़ी का आरोप

■ **विपक्ष ने मंत्री संजय शर्मा के कमेंट पर विधानसभा में हंगामा किया**

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान वृक्षारोपण के आंकड़ों में गड़बड़ी को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। इस दौरान वन मंत्री संजय शर्मा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच हल्की नोकझोंक हो गई।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने वृक्षारोपण के आंकड़ों में हेरफेर को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे आंकड़े राउंड फिगर में कैसे हो सकते हैं। इन्होंने जांच करवाई तो यह तो हो नहीं हो सकता कि सब आंकड़े राउंड फिगर में आएं, कहीं पर 80, कहीं 99 भी तो होंगे। आंकड़े गुमराह करने वाले हैं इनकी जांच करवाई जाए, मंत्री स्पष्ट करें। इस पर वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को हर प्रश्न पर खड़े होने की आदत हो गई है। इस पर स्पीकर ने कहा कि यह काम मेरा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आदत नहीं यह अधिकार है, यह इस तरह नहीं चलेगा।

इस दौरान पक्ष-विपक्ष के बीच नोकझोंक होने लगी। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने बीच बचाव किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंत्री मेरी तरफ उंगली कर रहा है। कुछ देर नेता प्रतिपक्ष और मंत्री के बीच नोकझोंक हुई, कांग्रेस के कई विधायकों ने इस पर आपत्ति की। स्पीकर ने रोहित बोहरा सहित कई कांग्रेस विधायकों को बोलने की मंजूरी नहीं दी। स्पीकर ने कहा कि यह काम मेरा है, मैंने कह दिया और व्यवस्था दे दी।

## भीलवाड़ा में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए मंजूरी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भीलवाड़ा जिले में नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड (रीको) को भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुसार भीलवाड़ा जिले की आसींद तहसील में ग्राम मोड का निम्बाहेड़ा में 99.72 हैक्टेयर भूमि आवंटित की जाएगी। ये भूमि राजस्थान भू-राजस्व औद्योगिक क्षेत्र आवंटन नियम-1959 के तहत आवंटित की जाएगी।

## जयसमंद और सिलीसेढ़ में हो रहे हैं अतिक्रमण : जुबैर खान

■ **जुबैर खान ने कहा कि जल संसाधन मंत्री कह रहे हैं कि जयसमंद बांध में कोई अतिक्रमण नहीं है। कमेटी बनाकर जांच करा लो, अगर अतिक्रमण नहीं हुए तो मैं इस्तीफा दे दूंगा**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आज अलवर जिले के रामगढ़ विधायक जुबैर खान ने विधानसभा में जयसमंद बांध में अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। लेकिन, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर जुबैर खान ने कहा कि अगर उनकी बात गलत निकली तो विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। जुबेर खान के बयान पर वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधानसभा को आपकी जरूरत है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी जल संसाधन मंत्री के पास अधूरी जानकारी होने का मुद्दा उठाया। हालांकि, स्पीकर के हस्तक्षेप के बाद जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कमेटी बनाने का आश्वासन दिया।

जुबैर खान ने कहा कि जल संसाधन मंत्री कह रहे हैं कि जयसमंद बांध में कोई अतिक्रमण नहीं है। जिला प्रशासन ने जांच करके एक लिस्ट जारी की है, जिसमें सामने आया है कि भराव क्षेत्र में जिन गांवों की जमीन आती हैं, वहां अतिक्रमण है। सिलीसेढ़ की भराव क्षमता 28.9 इंच है, इन क्षेत्रों में बने होटलों में पानी भर जाता है।

विधायक खान के कहा कि जांच के लिए कमेटी बनाने की मांग करते हुए कहा कि कितने अवैध होटल चल रहे हैं। कमेटी सब कुछ पता लगा लेगी। अगर सिलीसेढ़ में बनीं होटलों में पानी नहीं भरता है तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। अधिकारियों के कहने पर जल संसाधन मंत्री गलत उत्तर देते हैं।

# जनसंख्या बढ़ोतरी के लिए एक समुदाय विशेष के लोगों को जिम्मेदार ठहराया जोगेश्वर गर्ग ने

## विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि समुदाय विशेष का पुराना तरीका है कि जनसंख्या बढ़ाओं और राज करो, जनसंख्या बढ़ाना उनका हथियार है

■ **उन्होंने कहा कि देश में जल्द ही दो बच्चों का कानून आएगा।**

■ **विधायक संदीप शर्मा ने भी गर्ग की बात का समर्थन करते हुए कहा कि एक समुदाय के लिए कानून अलग हो और दूसरे के लिए अलग हो। इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।**

■ **कांग्रेस के विधायक जुबेर खान ने पलटवार करते हुए कहा कि जनसंख्या ज्यादा वहां होगी, जहां गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी होगी। सरकार दो बच्चों का कानून बनाए, सब मुसलमान मानेंगे।**

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जनसंख्या दिवस के एक दिन बाद जनसंख्या बढ़ोतरी के लिए एक समुदाय विशेष के लोगों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि समुदाय विशेष का पुराना तरीका है कि जनसंख्या बढ़ाओं और राज करो। दुनियाभर में अशांति के मूल भी वहीं समुदाय है। जनसंख्या बढ़ाना उनका हथियार है। उन्होंने कहा कि देश में जल्द ही दो बच्चों का कानून आएगा।

गर्ग ने विधानसभा के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं पूरी दुनिया की बात कर रहा हूं। इसके कई तथ्य मिल जाएंगे। अशांति के मूल वे वहीं समुदाय है जिसकी जनसंख्या बेतहाशा बढ़ रही है। बिना रोक-टोक बढ़ रही है। इस पर सारी दुनिया को सोचना चाहिए, अन्यथा सब लोग अशांति के गर्त में चले जाएंगे और समस्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को सिर्फ भारत के संदर्भ में देखने से काम नहीं चलेगा। अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस व जर्मनी जैसे विकसित देशों के बारे में जानकारी प्राप्त कर लीजिए। जहां-जहां एक समुदाय विशेष की आबादी बढ़ती है, वहां-वहां समस्याएं खूब पैदा होती है। वहां अलगाववाद, भेदभाव पैदा होता है। इस पर पूरी दुनिया को चिंतन करना चाहिए। एक सामूहिक रणनीति बनानी चाहिए।

उन्होंने देश में दो बच्चों के कानून लागू करने के सवाल पर कहा कि दो बच्चों के कानून भी जल्द आ जाएगा, चिंता मत कीजिए। कोटा शहर के विधायक संदीप शर्मा ने फिर मीडिया बातचीत में कहा कि जनसंख्या को लेकर एक समुदाय तो पूरी तरीके से सजग है। उस समुदाय में एक दो से ज्यादा बच्चे बहुत कम लोगों के मिलते हैं। एक समुदाय विशेष है जिसके 10-12 और 20 बच्चे भी एक ही दंपति से होते हैं। बड़ा असंतुलन धार्मिक रूप से देखने में आता है। उस पर लगाम लगनी चाहिए। जिस देश में हम रहते हैं उसमें एक जैसी सुविधाएं हैं। एक जैसी योजनाएं हैं। यह नहीं हो सकता कि एक समुदाय के लिए कानून अलग हो और दूसरे के लिए अलग हो। इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

गर्ग और संदीप के बयान के बाद कांग्रेस के विधायक जुबेर खान ने पलटवार करते हुए कहा कि जनसंख्या ज्यादा वहां होगी, जहां गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी होगी। भाजपा के लोग धार्मिक आधार पर भेदभाव पैदा करने वाले बयान देते हैं। मेवात में जाकर तुलना करें। नगर-डीग में गुर्जरों और अलवर में मुसलमानों में अगर कोई जनसंख्या अनुपात में फर्क मिले तो बताइएगा। मेवात में गुर्जरों के भी उतने ही बच्चे मिलेंगे जितने मुसलमानों के होते हैं, क्योंकि लोग शिक्षित नहीं है। इस्लाम में वतन का कानून मानना फर्ज होता है। डीडवाना के निर्दलीय विधायक युनूस खान ने इस मुद्दे पर कहा कि जनसंख्या नियंत्रण पर सरकार अगर कानून लाती है तो उसे बिना भेदभाव के लाया जाए। 1975 में जब जनसंख्या नियंत्रण के लिए नसबंदी हुई थी, उसके खिलाफ सब बोलते हैं।

## पूर्व मंत्री की सभी याचिकाओं की सुनवाई एक साथ करने के आदेश

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया के खिलाफ बारां जिले के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज एक दर्जन से अधिक एफआईआर से जुडी सभी याचिकाओं की सुनवाई एक साथ करना तय किया है। इसके साथ ही अदालत ने हाईकोर्ट प्रशासन को कहा है कि वह लंबित सभी याचिकाएं 16 जुलाई को सुनवाई के लिए एक साथ सूचीबद्ध करें। वहीं अदालत ने बारां पुलिस अधीक्षक को कहा है कि वह रिकॉर्ड सहित वीसी के जरिए पेश हों। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश प्रमोद जैन भाया की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता राहुल तिवाडी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ बारां जिले के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन से अधिक एफआईआर दर्ज हुई हैं। इनमें से अधिकांश मामलों में एक समान या मिलते जुलते आरोप लगाए गए हैं। इन एफआईआर में याचिकाकर्ता के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों से टेंडर प्रक्रिया अपनाने, आचार संहिता में टेंडर खुलवाने और अपने चहेतों को भूमि आवंटन जैसे आरोप लगाए गए हैं।

## झांसा देकर एक करोड़ रुपए ठगे

**जयपुर ।** आईआईएफएल कम्पनी में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1.10 करोड़ रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार जगदम्बा नगर अजमेर रोड निवासी अंकित विजय ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक कैरियर काउंसलिंग कंपनी चलाता है। उसके पास एक वॉट्सअप कॉल आया।


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
पृथ्वीराज नगर (उत्तर) कार्यालय चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर।
क्रमांक-जविप्रा/उपा/पीआरएन-उत्तर (द्वितीय)/2024/डी 503 दिनांक-03.07.2024

**सार्वजनिक सूचना**

मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना भुवनेश्वरी वाटिका डी के भूखण्ड संख्या 38ए (क्षेत्रफल 90.27 वर्गगज) की लीजडीड/नाम हस्तान्तरण हेतु श्री ओमप्रकाश चौहान पुत्र श्री नंदाराम ने आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर अन्यथा आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड की लीजडीड/प्रतिस्थापन कर दिया जायेगा।

उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-II
जविप्रा, जयपुर



**S.K.N. COLLEGE OF AGRICULTURE**
(Sri Karan Narendra Agriculture University- Jobner)
JOBNER- 303329 Distt. Jaipur (Rajasthan)
Phone: 01425-254022 (O), +9414516628 (M)
Fax no. 01425-254022 e-mail: dean.skncoa@sknau.ac.in
No.F.114 /RKVY/Estt-I/SKNCOA/2024/728 Dated: 11.07.2024

**Walk-in-Interview**

Applications are invited for one temporary and contractual post of Test Engineer (Agriculture Engineering) and Two SRF (Hort.) on fixed emoluments of Rs. 31000/- + HRA as per rules in the **RKVY projects.** The walk-in-interview will be held on 25.07.2024 **at 10.00 AM** in the office of Dean, SKNCOA, Jobner. For details of application form, qualifications, experience and age, please visit the university website: **www.sknau.ac.in**
Raj.Samwad/C/24/2211 DEAN



**कार्यालय उपायुक्त पशु प्रबंधन नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
(पुराना पुलिस मुख्यालय बड़ी चौपड़, हवामहल जयपुर)
क्रमांक :-एफ- ( ) उपा.पशु.प्र हैरि.(सा.प्र)/न.निहै.ज./24/202 दिनांक :- 12/07/2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं. उपायुक्त (पशु प्रबन्धन) 04/2024-25**

नगर निगम, जयपुर द्वारा नगर निगम हैरिटेज जयपुर शहर से बीमार रूग्ण दुर्घटनाग्रस्त अपाहिज अन्य बिमारी से ग्रसित पशुओं को एम्बूलैंस द्वारा जयपुर शहर से उठवाकर गौ पुनर्वास केन्द्र हिंगोनिया में चिकित्सा सहायतार्थ हेतु पशु रोगी वाहन (एम्बूलैंस) कार्य के संबध में एनआईबी शर्तो के अनुरूप वार्षिक दर संविदा कार्य वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिकी अल्पकालीन ई-निविदा दिनांक 11.07.2024 को सांय 06 बजे से आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित शर्ते व अन्य जानकारी नगर निगम जयपुर हैरिटेज की वेबसाईट www.jaipurmcheritage.org व राजस्थान सरकार के पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

UBN No.:- JMC2425WSOB00286
राज.संवाद/सी/24/2218
उपायुक्त पशु प्रबंधन
नगर निगम जयपुर हैरिटेज



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक**
**जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)**
क्रमांक-7463-75 दिनांक- 12.07.2024

**निलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना कोतवाली, सवाई माधोपुर के द्वारा 38 पुलिस एक्ट में जब्त एवं राजसात किये गये दोपहिया वाहनों को वाहन स्वामी द्वारा निर्धारित अवधि में मुक्त नहीं कराने के कारण उक्त वाहनों को जहां जिस स्थिति में है दिनांक 29.07.2024 को प्रात 12.00 बजे गठित समिति द्वारा पुलिस थाना कोतवाली, सवाई माधोपुर के परिसर में नीलाम किया जावेगा। अतः ईच्छुक खरीद्दार/बोलीदाता को जरिये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला सवाई माधोपुर



**आवश्यकता**

**आवश्यकता है पार्ट टाइम कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की जो हिन्दी में पेजमेकर, क्वार्क और वर्ड में काम कर सकें।**
**कार्य समयः सांय 8.00 से 12.00**
**सम्पर्क करेंः अमित**
**मोबाईल नं.: 7905717804**
**राष्ट्रदूत**
**चमेली वाला मार्केट, जयपुर**


### 'सफाई कर्मियों की भर्ती में पैसे लेने की बहुत शिकायतें मिली थीं'

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने माना है कि सफाई कर्मियों की भर्ती में बड़े पैमाने पर पैसे के लेन-देन की शिकायतें मिलीं। सफाई कर्मियों की भर्ती को लेकर कांग्रेस विधायक रामनिवास गावड़िया ने यह प्रश्न किया था। खर्रा ने कहा कि 12 जून 2024 को एक सफाई कर्मी एसीबी के हत्थे चढ़ा, जो गारंटी के साथ भर्ती करवाने के नाम पर आवेदक से 1.75 लाख रुपए ले रहा था। इस प्रकार की शिकायत हमें बहुत मिली थीं, लेकिन उसमें से एक ही व्यक्ति जाल में फंसा, बाकी के लिए हम प्रयास कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि सफाई कर्मियों ने भर्ती के नियमों को लेकर हड़ताल की।


**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


# शिव सिंह और महिपाल मकराना के बीच देर रात झगड़े में हुई फायरिंग

## इस झगड़े में मारपीट से महिपाल घायल हुए, पुलिस ने फायरिंग में किसी के घायल नहीं होने की बात कही

■ **चित्रकूट इलाके स्थित राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह के कार्यालय में हुई वारदात, पुलिस मौके पर सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगाल रही**

■ **फायरिंग और मारपीट के घटनाक्रम के बाद महिपाल सिंह मकराना के समर्थकों ने देर रात चित्रकूट थाने का घेराव कर नारेबाजी की**

**जयपुर (कासं)।** राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत करणी सेना के महिपाल सिंह मकराना के बीच शुक्रवार देर रात विवाद हो गया। महिपाल सिंह मकराना और शिव सिंह शेखावत दोनों एक-दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि झगड़े और मारपीट में महिपाल सिंह घायल हो गए, उन्हें पहले निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, इसके बाद एस.एम.एस. अस्पताल ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि देर रात तक दोनों पक्षों ने कोई एफ.आई.आर. दर्ज नहीं करायी।

फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार और चित्रकूट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। डी.सी.पी. अमित कुमार का कहना है कि फायरिंग में किसी को चोट नहीं आई है, हालांकि मारपीट में महिपाल सिंह को चोटें आई है, उनका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। संपूर्ण घटनाक्रम के तथ्यों की पुष्टि और अग्रिम विधिसंघत कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत का आरोप है कि शुक्रवार देर रात 4 लोग उनके कार्यालय में घुसे। एक बदमाश ने उन पर फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली बगल से निकल गई। इस दौरान मेरे गनमैन ने बदमाश को कंट्रोल किया और उसे नीचे गिरा दिया। फायरिंग करने वाले से मैंने जब रिवॉल्वर छीनी तो वह सॉरी बोलने लगा। मेरा गनमैन फायर करने वाला था, लेकिन मैंने उसे रोक लिया।

उधर शिव सिंह शेखावत और महिपाल सिंह मकराना के बीच फायरिंग की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वहां मकराना घायल हालत में थे, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि शिव सिंह और महिपाल सिंह, दोनों के पास गनमैन है। गनमैन से भी घटना को लेकर पुलिस पूछताछ में जुटी है। इसके साथ ही राष्ट्रीय करणी सेना के कार्यालय में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। दूसरी ओर मारपीट और फायरिंग की घटना के बाद महिपाल सिंह मकराना के समर्थक देर रात चित्रकूट थाने पहुंचे और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

## डॉ. पूनिया ने हरियाणा प्रवासियों से संवाद किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के विजय संकल्प को लेकर हरियाणा के दो दिवसीय प्रवास पर विभिन्न जिलों में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की बैठकें लेने के बाद शुक्रवार को अहमदाबाद के बोपल में प्रवासी हरियाणा परिवार के प्रबुद्धजनों, उद्यिमयों एवं समाजसेवियों के साथ भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का आव्हान किया।

डॉ. पूनियां ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकसित बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी के ही दिखाए रास्ते पर चलकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनहित के काम कर रहे हैं। हरियाणा प्रवासियों से बातचीत करते हुए सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा की तरक्की और विकसित हरियाणा बनाने के लिए भाजपा सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2014 में हरियाणा की देश भक्त और राम भक्त जनता ने भाजपा सरकार चुनी। 2014 के बाद विकास की जो यात्रा शुरू हुई वह अब लगातार जारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी बिना भेदभाव किए विकास कार्यों को गति दे रहे हैं।

## राज्य का बजट 29 जुलाई को पारित होगा

**जयपुर, (वि.सं.)।** राजस्थान का बजट 29 जुलाई को पारित किया जायेगा। इस दिन वित्त और विनियोग विधेयकों पर विचार करने के बाद पारित किया जायेगा। आज विधानसभा में कार्य सलाहकार समिति के पांचवा प्रतिवेदन पेश किया गया। इसके अनुसार 24 से 29 जुलाई तक कार्यों का बंटवारा किया गया। इसके अनुसार 24, 25 व 26 को मांगों पर विचार व मतदान होगा। 26 को ही शेष मांगों को मुखबंद का प्रयोग कर पारित कर दिया जायेगा। इसके बाद 29जुलाई को बजट पास होगा।

## संक्षिप्त

### आशाराम का कोच प्रशिक्षण में चयन


आशाराम गुर्जर

**निवाई, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सैदरिया खुर्द के शारीरिक शिक्षक आशाराम गुर्जर का एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा में आल इंडिया 3 रैंक के साथ भारतीय खेल प्राधिकरण के केन्द्र बैंगलोर में खो-खो कोच प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। आशाराम गुर्जर उक्त प्रशिक्षण शिक्षा विभाग की अनुमति से पूर्ण वेतन पर करके आएंगे। वह आने वाले समय में टोंक जिले के खिलाडियों को खेल की बारिकियों का ज्ञान देंगे। इस उपलब्धि पर राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव देवनारायण गुर्जर, टोंक फिजिकल डिप्टी रामप्रसाद मीणा, प्रधानाचार्य अनुपा अथैया, सुरज्ञान तंवर, तौसीफ अहमद, हेवराज गुर्जर, अख्तर हुसैन, शिवदयाल गुर्जर हरभांवता ने शुभकामनाएं दी।

### सीएलजी सदस्यों की बैठक आज

**मनोहरपुर, (निसं)।** थाना परिसर में शनिवार को मोहर्रम पर्व को लेकर सीएलजी सदस्यों की मीटिंग आयोजित की जाएगी। पुलिस ने बताया कि आगामी मोहर्रम के पर्व को लेकर थाना परिसर में थाना प्रभारी राजेंद्र यादव के अध्यक्षता में व डीएसपी उमेश निठारवाल के मुख्य अतिथि में सीएलजी सदस्य ग्राम रक्षक पुलिस मित्र की मीटिंग आयोजित होगी। पुलिस ने बताया कि बिजली विभाग, नगर पालिका को भी मीटिंग में बुलाया गया ताकि आम रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए।

### अभियान के तहत पौधे लगाये

**शाहपुरा, (निसं)।** त्रिवेणी धाम खोजी पीठ के पीठाधीश्वर श्री राम रिछपाल दास महाराज व पुजारी रघुनंदन दास महाराज के सानिध्य में सामाजिक कार्यकर्ता राजेश मिश्रा (सांगानेर) ने" एक पेड मां " के नाम अभियान अंतर्गत त्रिवेणीधाम परिसर में 270 पेड का एवं महात्मा गांधी राउमावि देवीपूरा में 180 पेड पौधारोपण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा परदेश मंत्री गुड्डू सैनी, शिंभू गुर्जर, कन्हैया लाल यादव, गोरी शंकर आदि मौजूद थे।

### हीरालाल नागर कल टोंक आएंगे

**टोंक, (निसं)।** ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर रविवार 14 जुलाई को टोंक आएंगे। उनके विशिष्ट सहायक से प्राप्त जानकारी के अनुसार नागर प्रात: 10 बजे टोंक पहुंचेंगे जहां वे परिवर्तित बजट 2024-25 के संबंध में प्रेस वार्ता करेंगे। साथ ही, जिला प्रभारी सचिव एवं जिले के अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। इसके बाद श्री नागर "एक पेड मां के नाम" अभियान का शुभारंभ करेंगे।

### बंद पोर्टल को शुरू करने की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा को पत्र भेजकर विगत सात माह से बन्द पडे राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा पोर्टल को पुन: शुरू करवाये जाने की मांग की है। पत्र में पटेल ने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद से ही उक्त पोर्टल को पुन: शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे प्रदेश के करीब 15 लाख परिवार खाद्य सुरक्षा योजना में अपना नाम जुडवाने के लिये बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** एसएचओ राजेश शर्मा ने बताया कि पुलिस ने विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर 20 वर्षो से फरार चल रहे स्थाई वारन्टी स्थाई वारन्टी जमशेद पुत्र इश्बदीन जाति मेव मुसलमान निवासी ग्राम डुंगेजा, थाना पुन्हाना, जिला नूंह मेवात (हरियाणा) को गिरफ्तार किया है।

### जिला प्रमुख ने बचाई अपनी कुर्सी

**अलवर, (निसं)।** कांग्रेस छोडकर भाजपा में आए जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर की कुर्सी खींचने की तैयारी कर रहे कांग्रेस नेताओं का सपना शुक्रवार को अधूरा रह गया। जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने 21 जिला पार्षदों के साथ अपना समर्थन पत्र सीईओ जिला परिषद को सौंप दिया और अपनी कुर्सी पर मंडराते खतरे से निजात पाली है।

# नर्सिंग स्टाफ की कमी को अन्य जगह लगे कार्मिकों से पूरी करे : कलेक्टर

**दौसा, (निसं)।** जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को लवाण सीएचसी व खानवास आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएचसी, लवाण एसडीएम एवं तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, अंबेडकर भवन एवं दरी उद्योग कार्य तथा खानवास में मनरेगा साइट का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवाण एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानवास का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत दी जा रही सुविधाओं को देखा। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ की कमी को अन्य जगह कार्य में लगे हुए कार्मिकों से पूर्ति करने को कहा। इस दौरान उन्होंने केंद्र में ओपीडी, आईपीडी व उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दवा वितरण केंद्र में दवाईयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर स्टॉक को व्यवस्थित रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को मौसमी बीमारियों के मध्य नजर चिकित्सा के समुचित बंदोबस्त रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने लवाण थाने का निरीक्षण करते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था की जानकारी, अपराधों की प्रकृति एवं प्रतिदिन आने वाले परिवादों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि फरियादियों से संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें। जिला कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का अवलोकन करते हुए कन्वर्जन, सीमाज्ञान, म्यूटेशन रास्तों के अतक्रिमण हटाने संबंधित प्रकरणों के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में ई. फाइल प्रणाली को शत.प्रतिशत लागू करें। वहीं उन्होंने खानवास में मनरेगा साइट पर जेटीए व मेट से श्रमिकों की उपस्थिति एवं उनके कार्य मापन के बारे में जाना वहीं गाइडलाइन अनुसार नरेगा साइट पर माकूल आधारभूत व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने लवाण में दरी उद्योग कार्य को भी देखकर कुटीर उद्योग संचालकों एवं श्रमिकों से उत्पाद तैयार करने एवं मार्केट में मांग व आपूर्ति की व्यवस्था को जाना। उन्होंने दरी उद्योग को अभी मिल रही सरकारी सहायता की स्थिति के बारे में जानकर नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अंबेडकर भवन में पौधारोपण किया एवं आसपास में शैक्षणिक संस्थान होने के कारण भवन में छात्रों के लिए लाइब्रेरी स्थापना करवाने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम लवाण बद्रीनारायण मीणाए विकास अधिकारी कंचन बोहराए तहसीलदार मदन लाल मीणाए लवाण थानाध्यक्ष गोपाल लाल शर्माए नायब तहसीलदार राजेश रायए स्वास्थ्य केंद्रो के चिकित्सा प्रभारी सहित अन्य उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने लवाण थाने का निरीक्षण कर कानून व्यवस्था की जानकारी, अपराधों की प्रकृति एवं प्रतिदिन आने वाले परिवादों के बारे में जानकारी ली।

- सीएचसी, पुलिस थाना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएचसी खानवास का निरीक्षण
- लवाण में दरी उद्योग कार्य देखकर कुटीर उद्योग संचालकों एवं श्रमिकों से उत्पाद तैयार करने एवं मार्केट में मांग व आपूर्ति की व्यवस्था को जाना

## व्यापारी की हत्या कर डकैती करने वाले अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-1 महानगर द्वितीय ने पेट्रोल पंप संचालक की हत्या कर उससे करीब सात लाख रुपए की डकैती करने वाले अभियुक्तों चेतन सिंह, अभय सिंह, आईदान सिंह, शैतान सिंह, विनित सिंह और गौतम सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने सभी अभियुक्तों पर कुल 89 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक साजिया खान ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर मृतक के भाई ने 7 सितंबर, 2020 को विश्वकर्मा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसका बडा भाई निखिल गुप्ता का विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में पेट्रोल पंप है। रोजाना की बिक्री की राशि को निखिल खुद ही बैंक में जमा कराने जाते थे या बैंककर्मी आकर राशि ले जाता है। आज सुबह निखिल कैश जमा कराने के लिए सीकर रोड स्थित बैंक गया था। करीब 11 बजे उसके पास बैंक कर्मी ने फोन कर कहा कि निखिल के साथ कोई घटना हो गई और वह बैंक पहुंचे। जब वह बैंक पहुंचा तो निखिल कार पार्किंग में जमीन पर पडा था और उसकी पीठ पर गोली लगी हुई थी। आसपास के लोगों ने उसे बताया कि दो मोटरसाइकिल पर आए लडकें निखिल को गोली मारकर रुपए का बैग लेकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। अदालत की ओर से फैसला सुनाने के दौरान अभियुक्तों की ओर से कहा गया कि उनका यह पहला अपराध है और उन्हें अपने कृत्य पर पश्चाताप हो रहा है। ऐसे में उन्हें भुगती हुई पौने चार साल की सजा पर रिहा किया जाए। वहीं अपर लोक अभियोजक की ओर से अभियुक्तों को कडी सजा देने की गुहार की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने सभी छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## 'बजट में प्रत्येक वर्ग का हित'

**जयपुर ।** ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने बजट पर कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार का यह बजट "सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय" है। लोक कल्याण को समर्पित यह बजट सभी वर्गों के विकास का दस्तावेज है।

इस बजट में सिर्फ एक वर्ष ही नहीं बल्कि आने वाले 20 वर्षो के आगे की प्लानिंग की गई है। सर्वधर्म समभाव का भी मिश्रण देखने को मिला है। बजट में खाटूश्यामजी मंदिर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के तर्ज पर विकसित करने की घोषणा राज्य के करोडों श्रद्धालुओं को सुकून देने वाली है। प्रदेशाध्यक्ष पाठक ने आमजन की सुख-सुविधा और मजबूती को ध्यान में रखकर तैयार किए गए बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि बजट में राज्य सरकार की ओर से बताए गए संकल्प प्रदेश के नवनिर्माण की नींव रखेंगे। ये संकल्प समग्र, समृद्ध, विकसित और सुशासन के साथ प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाना, पानी, बिजली और सड़क का विकास, सुनियोजित शहरी विकास, किसानों का सशक्तिकरण, औद्योगिक विकास, विरासत भी विकास भी की सोच के साथ धरोहर संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सबके लिए स्वास्थ्य और मानव संसाधन विकास और वंचित परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा और गुड गवर्नेंस, परफॉर्म, रीफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के संकल्प के साथ अत्योंदय को समर्पित है।

# एएसआई को थप्पड़ मारने वाली एयरलाइन कंपनी की महिला कर्मी को जमानत

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट, सांगानेर ने एयरपोर्ट पर ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ के एएसआई गिरिराज प्रसाद को थप्पड मारने वाली एक निजी एयरलाइंस कंपनी की आरोपी महिला कर्मी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने यह आदेश आरोपी महिला की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिए।

जमानत अर्जी में अधिवक्ता दीपक चौहान ने अदालत को बताया कि एएसआई का निजी एयरलाइन कंपनी की महिला कर्मी के साथ किया गया कृत्य उसकी राजकीय ड्यूटी का हिस्सा नहीं था। वहीं महिलाकर्मी ने भी एएसआई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला की ओर से कहा कि जब वह गुरुवार सुबह 4.30 बजे एयरपोर्ट में एंट्री कर रही थी तब एएसआई गिरिराज प्रसाद मौके पर तैनात था और उसने उसे रोका। एएसआई ने उसे कहा कि ऐसे सीधे-सीधे कहां पर जा रही हो, हमारे पास रुक जाओ और हमें भी सेवा का मौका दो। जिस पर उसने कहा कि गेट पर कोई महिला स्टाफ नहीं है। आप किसी को महिला स्टाफ को बुलाए और अभद्र भाषा में बात नहीं करें। एएसआई ने कहा कि मेरा कहा मानोगी तो चैन पाओगी, एक रात का क्या लोगी, यह भी बताओ। यह बात सुनकर उसने वहां से जाने का प्रयास किया तो उसने दुबारा रोका और कहा कि रात का रेट तो बता दो। उसने लज्जा भंग करने के लिए उसे मानसिक व शारीरिक तौर पर परेशान किया और इसके चलते उसका मानसिक संतुलन बिगड गया। एएसआई का ऐसा करना उसकी ड्यूटी में नहीं था और उसने किसी राजकार्य में बाधा नहीं पहुंचाई है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। कोर्ट ने दलीलों से सहमत होकर उसे जमानत दे दी। गौरतलब है कि एएसआई ने महिला पर एंट्री के दौरान झगडा करने व राजकार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया था।

## आम रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटाने पर मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नीमकाथाना जिले की श्रीमाधोपुर नगर पालिका के आम रास्ते पर हुए अतिक्रमण को नहीं हटाने के मामले में मुख्य सचिव, प्रमुख नगरीय विकास सचिव, स्थानीय कलेक्टर, उपखंड अधिकारी और तहसीलदार सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश रामसिंह व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण होने की शिकायत के बावजूद भी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि श्रीमाधोपुर जिले के आम रास्ते पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने बीते कई सालों ने कब्जा कर रखा है। मानपुरिया फाटक से केशवदास मंदिर तक की यह भूमि राजस्व रिकॉर्ड में स्थानीय नगर पालिका और सार्वजनिक निर्माण विभाग के नाम दर्ज है। अतिक्रमण हटाने को लेकर स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन को कई बार लिखित में शिकायत दी है, लेकिन इसके बावजूद भी अब तक यहां से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। अतिक्रमण नहीं हटाने पर संबंधित अधिकारियों को लीगल नोटिस भी भेजा गया। इसके बावजूद भी अधिकारियों ने मौके से अतिक्रमण नहीं हटाया।

## 31 जुलाई तक करवा सकेंगे कृषक खरीफ फसलों का बीमा

**जयपुर ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल खराबे से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा खरीफ 2024 की फसलों के लिए बीमा कराने को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। इसके तहत फसलवार बीमा की प्रीमियम राशि भी घोषित कर दी गई है।

कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खरीफ फसलों के लिए बीमा अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसके अन्तर्गत अधिसूचित फसलें बाजरा, ज्वार, मक्का, मूंग, मोंठ, ग्वार, चंवला, उड़द, अरहर, सोयाबीन, तिल, धान, कपास और मूंगफली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करा सकते हैं। योजना में किसानों द्वारा खेतों में वास्तविक रूप से बोई गयी फसलों की सूचना 29 जुलाई तक लिखित में देनी होगी, ताकि वास्तविक बुआई अनुसार फसलों का बीमा सम्बन्धित बैंक या समिति द्वारा किया जा सके। जो ऋणी कृषक फसल बीमा नही कराना चाहते हैं वे 24 जुलाई तक बैंक में लिखित में सूचना देकर इस योजना से बाहर हो सकते है। कृषि आयुक्त ने कहा कि फसल बुआई से लेकर कटाई तक सूखा, लम्बी सुखा अवधि, बाढ, जलप्लावन, कीट एवं व्याधि, भू-स्खलन, बिजली गिरने से लगी आग, तूफान, ओलावृष्टि और चक्रवात सहित नुकसान जिसे नियंत्रित नही किया जा सकता, उसका पटवार मण्डल में 4 व तहसील क्षेत्र में न्यूनतम 16 फसल कटाई प्रयोगो से ज्ञात उत्पादन को गारण्टी उपज में से नुकसान का आंकलन कर बीमित राशि अनुसार फसल बीमा क्लेम निर्धारित किया जाता है। फसल कटाई के उपरान्त 14 दिन तक सूखने के लिए खेत में छोड़ी गई फसल को चक्रवात, चक्रवाती वर्षा, असामयिक वर्षा तथा ओलावृष्टि से हुए नुकसान का व्यक्तिगत आधार पर फसल बीमा क्लेम दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि बीमित राशि का खरीफ फसल के लिए 2 प्रतिशत, रबी के लिए 1.5 प्रतिशत और वाणिज्यिक व बागवानी फसलों के लिए 5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक द्वारा वहन किया जायेगा।

# आरयू में प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा

## छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर पैदल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया

**जयपुर।** छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर शुक्रवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन गया किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को रोकने के लिए मुख्य दरवाजा बंद कर दिया। वहीं, प्रदर्शनकारी छात्र मुख्य दरवाजे पर चढ़कर जेएलएन मार्ग पर जाने की कोशिश की। जिस पर पुलिस ने उन्हें हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा। पुलिस चार प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया है।

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र नेता शुभम रेवाड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र इकट्ठा हुए। करीब 12 बजे छात्र रैली निकालकर राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर पहुंचे। जहां कुछ देर बैठकर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। करीब साढ़े बारह बजे छात्र यूनिवर्सिटी का गेट लांघ कर विधानसभा की तरफ जाने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को रोका। प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस जबरदस्ती घसीट कर उठाने लगी। पुलिस ने शुभम रेवाड़ सहित चार छात्रों को हिरासत में ले लिया।

दरअसल, राजस्थान में फिर से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर प्रदेशभर में विरोध बढ़ता जा रहा है। विधानसभा से लेकर सड़क तक, छात्र नेता से लेकर विधायक और सांसद तक राजस्थान में एक बार फिर छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग कर रहे हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी समेत प्रदेश की विभिन्न यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने भी इसको लेकर सरकार को पत्र लिखे हैं।


- यूनिवर्सिटी का मुख्य द्वार लांघ कर विधानसभा की तरफ जाने की कोशिश करने लगे।
- पुलिस ने चार छात्रों को हिरासत में लिया

राजस्थान में छात्र नेताओं के साथ ही राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्र संघ अध्यक्ष रहे ज्ञान सिंह चौधरी, हुकुम सिंह, कालीचरण सराफ, हनुमान बेनीवाल, जितेंद्र श्रीमाली, रणवीर सिंह गुढ़ा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, अशोक लाहोटी, प्रताप सिंह खाचरियावास, राजेंद्र सिंह राठौड़, राजकुमार शर्मा, अखिल शुक्ला, मनीष यादव, अनिल चौपड़ा, कानाराम जाट, अंकित धायल व विनोद जाखड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लेटर लिख प्रदेश में फिर से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की हैं। राजस्थान में साल 2005 छात्रसंघ चुनाव के दौरान काफी हंगामा और हुड़दंग हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की गई थी। साल 2006 में कोर्ट ने छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दी थी। इसके बाद साल 2010 में एक बार फिर छात्रसंघ चुनाव की शुरुआत हुई थी।

हालांकि, साल 2020 और 2021 में भी कोरोना संक्रमण की वजह से छात्रसंघ चुनाव नहीं हो पाए थे। सरकार ने 29 जुलाई 2022 को एक बार फिर छात्रसंघ चुनाव कराने का फैसला किया था। लेकिन पिछले साल 12 अगस्त को कांग्रेस सरकार ने छात्र संघ चुनाव रद्द करने का फैसला किया था।

## सार-समाचार

### जगन्नाथ-जानकी वरमाला महोत्सव



**राजगढ , (निसं)।** कोटि-कोटि जन आस्था के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ मेले में आयोजित जगन्नाथ-जानकी वरमाला महोत्सव पर जानकी मैया जय जगदीश के उद्घोष से समूचा माहौल जगन्नाथ मय हो गया। अलौकिक क्षण के गंगाबाग स्थित मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष अनुपम क्षण को देखने के लिए डटे रहे। इधर गंगा बाग परिसर में वधू पक्ष के महंत प्रकाश दास महाराज ठिकाना गंगा बाग की ओर से भगवान जगन्नाथ एवं बारातियों के सम्मान में प्रतिभोज का आयोजन किया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।भगवान जगन्नाथ मेले में गंगा बाग परिसर में श्रद्धालु महिला पुरुषों सहित बच्चों की भारी तादाद मेले में आए अनेक आइटमों का लुफ्त उठाते देखे गए।।

### देशराज ने तीरंदाजी में जीता पदक



**निवाई, (निसं)।** देशराज ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में पंजाब पटियाला में पदक जीता है। देशराज ने बताया कि वह पिछले 4 साल से पैरालम्पिक तीरंदाजी की तैयारी में जुटा हुआ है। देशराज के माता-पिता किसान परिवार से हैं। इसलिए उनकी आमदनी उतनी नहीं है जिससे देशराज को आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवा सकें। देशराज ने बताया कि बचपन से ही उसके हाथ की अंगुलियां नहीं हैं लेकिन फिर भी देशराज लकडी के धनुष से अभ्यास करता है। देशराज ने कहा कि उसका सपना पैरालम्पिक मैडल लाकर देश का नाम रोशन करना है। देशराज ने बताया कि गत वर्ष 2023 में पंजाब पटियाला में तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेकर मेडल व प्रशंसा पत्र भी प्राप्त किया।

### फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र से नौकरी कर रहे दो कर्मचारी बर्खास्त

**अलवर, (निसं)।** जिला परिषद अलवर के फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर जिला परिषद जयपुर में नौकरी कर रहे दो कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया। फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर और भी लिपिकों के नौकरी करने की संभावना को देखते हुए इसकी जांच एसओजी जयपुर कर रही है। अलवर जिला परिषद ने 10 वर्षों में जारी अनुभव प्रमाण पत्रों की जानकारी एसओजी को भेजी थी। इसकी जांच पूरी होती कि पहले ही जिला परिषद जयपुर ने यह कार्रवाई कर दी। इस कार्रवाई से कर्मियों में हडकंप मचा हुआ है। इस प्रकरण को लेकर एसीबी के पास परिवाद दायर हुआ था। आरोप थे कि पंचायत समिति गोविंदगढ जयपुर में तैनात कनिष्ठ सहायक नीलम शर्मा का अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी है, जो अलवर जिला परिषद से जारी हुआ है। यही आरोप पंचायत समिति चाकसू में कनिष्ठ सहायक जगदीश प्रसाद पर लगे थे। इसकी जानकारी एसीबी ने पंचायती राज विभाग से मांगी और वहां से पत्र अलवर जिला परिषद आया। यहां से दोनों लिपिकों के अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं होने की बात कही गई। इसी पर पंचायती राज विभाग ने जयपुर जिला परिषद को कार्रवाई के लिए लिखा और दोनों को बर्खास्त कर दिया गया। यह कार्रवाई चाकसू बीडीओ नेतराम मीणा व गोविंदगढ़ बीडीओ हर्ष कुमार महावर की ओर से की गई है। यह दोनों लिपिक वर्ष 2013 की भर्ती के तहत चयनित हुए थे।

### गाद की आड़ में बजरी निकालने की जांच

**देवली (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध के जल भराव क्षेत्र से इन दोनों गाद निकालने के साथ साथ अवैध रूप से बजरी निकलने का मामला प्रकाश में आने के बाद संबंधित प्रशासन हरकत में आया। शुक्रवार को जहाजपुर उपखंड क्षेत्र बनास नदी पर खनन विभाग के एमई चंदन कुमार, तहसीलदार रवि कुमार मीणा, सिंचाई विभाग के अयन राम प्रसाद मीणा, फोरमैन दिनेश यादव, रावत खेडा पटवारी जमना मीणा ने एकाएक मौके पर पहुंच गए। यहां मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने गाद निकलने वाली कंपनी के डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान बनास नदी के उक्त स्थल पर तीन चार ट्रॉली गाद ही दिखाई दी। गाद की आड में बजरी निकालने के मामले की जांच करने पहुंचे प्रशासन ने मौका स्थल का जायजा लेते हुए देखा कि कंपनी के द्वारा गाद निकलने के साथ साथ बजरी को छान कर बनास नदी में भारी मात्रा में बजरी का अवैध स्टॉक भी किया हुआ है। और प्रशासनिक अधिकारियों को यह साफ तौर पर दिखाई दिया है लेकिन अधिकारियों ने इस पर कोई बात नहीं की क्यो ,? वहीं अधिकारियों को उक्त कार्य में अनियमितताओं की भरमार भी दिखाई दी लेकिन उक्त मामले के प्रति गंभीर नहीं दिखाई दिए। ऐसे में मौके पर गए सभी अधिकारियों की बैठक उपखंड कार्यालय जहाजपुर में एसडीएम सुरेंद्र बी पाटीदार ने ली।

### पौधारोपण कर सामूहिक गोठ मनाई

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के समीपवर्ती दादू सम्प्रदाय के दादू पालका धाम पर पशुपालन विभाग ने पौधारोपण रोपण कर पोधों के लालन पालन करने का संकल्प लिया। वहीं पौधारोपण के पश्चात सामूहिक गोठ का भी आयोजन किया। जबकि गोठ से पूर्व डॉ. अशोक राव की सेवानिवृत्ति व लक्ष्मण मीणा की पशुधन सहायक पद पर नियुक्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण कर किया गया। समारोह में संयुक्त निदेशक ने दादू पालका पीठाधीश्वर गोरधनदास महाराज का शॉल ओढाकर एवं स्मृति चिह्न देकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. हनुमान सहाय मीणा व उपनिदेशक डॉ. पदमचन्द कानखेडीया ने उपस्थित विभाग के कर्मचारीयो को रिकार्ड संधारण व टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी। कार्यक्रम के इस अवसर पर फुलेरा के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमावत व मूण्डवाडा, प्रभारी डॉ. धर्म सिंह, भंवर लाल, पूरणमल वर्मा, महेश चावला, चेतन वर्मा, राजेन्द्र बरडवाल, सुभाष कुडी, कमल चौधरी, रतनलाल जाट सहित अन्य विभाग के कर्मचारी व नोडल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।।

### कलेक्टर की मॉनिटरिंग से जनता को मिल रही राहत

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा लोगों की समस्याओं की नियमित मॉनिटरिंग कर उन्हें राहत प्रदान कर रही है। जिले के लोगों को बिजली, पानी, चिकित्सा, सडक, वर्षा ऋतु में जल भराव, साफ-सफाई समेत अन्य परेशानियों का सामना नहीं करना पडे इसके लिए जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं पर त्वरित राहत देने के निर्देश दिए है। अधिकारी भी लोगों की समस्याओं का शीघ्र निदान कर रहे है। जिला कलेक्टर के निर्देश एवं जिले के अधिकारियों एवं कार्मिकों की तत्परता से आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा रहा है। टोंक शहर के हाउसिंग बोर्ड एवं सरपंच कॉलोनी में फॉल्ट आने के कारण विद्युत सप्लाई बाधित होने पर विद्युत विभाग की मेंटेनेंस टीम ने पिलर बॉक्स की मरम्मत करके विद्युत सप्लाई बहाल की। तहसील टोंक के ग्राम मेहंदवास में पाइप लाइन लीकेज होने पर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता द्वारा अगले दिन लिकेज पेयजल लाइन को ठीक कर दिया गया है। वर्तमान में ग्रामीणों को सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल मिल रहा है।



बजट पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताने के लिए प्रदेश भर से किसान मु.मंत्री निवास पर इकट्ठा हुये। किसानों ने बजट के प्रति प्रसन्नता जाहिर की और मुख्यमंत्री का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

# ‘परीक्षाओं के पेपर छात्र लीक नहीं करते, कोचिंग इंस्टीट्यूट्स करते हैं’

## बायतू के विधायक हरीश चौधरी ने विधानसभा में पेपरलीक का मुद्दा उठाया

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 12 जुलाई। बाड़मेर के बायतू से कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने शुक्रवार को विधानसभा में पेपर लीक और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का मामला उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि पेपर लीक विद्यार्थी नहीं करते, बल्कि इनके पीछे कोचिंग इंस्टीट्यूट हैं। इस पर भाजपा विधायक चुटकी लेते हुए बोले- ‘कौनसा कोचिंग...यह भी बता दो’।

- **चौधरी ने एस.ओ.जी. के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के. सिंह की तारीफ की और सरकार से कहा कि इनके हाथ मत बांध देना, ये पेपरलीक का पर्दाफाश करके रहेंगे।**
- **चर्चा में कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर ने अपनी ही पार्टी की पूर्व सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग पर निशाना साधा और कहा, ‘‘प्रदीप पाराशर को पकड़ा है पर उसे लगाने वाला कौन था।’’**

इस पर हरीश चौधरी बोले- इतनी गंभीर बात को हल्के में नहीं उड़ाओ, नहीं तो इतिहास माफ नहीं करेगा। एक या दो कोचिंग संस्थान को बंद करने से इस व्यवस्था में परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि इसकी जड़ में जाना पड़ेगा।

चौधरी ने पेपर लीक की जांच में लगाए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी. के. सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने बहुत सक्षम अधिकारी लगाया है। बस ध्यान रखना, उनके हाथ बांध मत देना। ऐसे सक्षम अधिकारियों के हाथ कोई दूसरा नहीं बांधता है, बल्कि सदन में बैठे हम ही ऐसा करते हैं। नीट, रीट से लेकर सभी परीक्षाओं के लिए कह रहा हूं। पेपर लीक करने वाले दोषियों को जेल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की है।

भाजपा विधायक पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि हमने तो कहा था कि जांच सीबीआई को दे दो। आप लोगों ने ही सीबीआई में जाने से रोका। इस पर हरीश चौधरी ने कहा कि आप तो मेरे जैसे सामान्य विधायक हो, लेकिन कैबिनेट के पास तो पावर है जांच सीबीआई को देने की, आप और मैं दोनों गुजारिश कर लेते हैं।

हरीश चौधरी ने कहा कि हम सब वाहवाही लूटने के लिए युवाओं को सरकारी नौकरी के सपने दिखा रहे हैं। वाहवाही लूटने की हमने भी बहुत कोशिश की। राजस्थान का युवा बहुत जागरूक है। उन्होंने हमको हमारी जगह दिखा दी।

इसी बीच सदन में सचिन पायलट समर्थक विधायक मुकेश भाकर ने भी इशारों-इशारों में गहलोत सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री रहे सुभाष गर्ग पर निशाना साधा। बजट बहस में बोलते हुए भाकर ने कहा कि सत्ता पक्ष के सदस्य कह रहे थे कि हमने पेपरलीक को लेकर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एस.आई.टी.) गठित की है। अब तक 100 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि अभी तक आपने मछलियां पकड़ी हैं। अगर हम भी पेपरलीक में शामिल हैं तो हमें भी पकड़ो।

सिर्फ नारे और भाषणों से काम नहीं चलेगा। जिस पेपरलीक को आप मुद्दा बनाकर सत्ता में आए थे, उस पर काम भी करो। आपने प्रदीप पाराशर को पकड़ा है, लेकिन उसको वहां लगाने वाला कौन था?

उन्होंने कहा, मुझे पता है कि वहां तक आपकी जांच नहीं जाएगी, क्योंकि आर.एल.डी., केंद्र में आपके साथ सत्ता में भागीदार है। इसलिए जनता से जो वादा करके आप आए हो, उस पर काम करो। ज्ञातव्य है कि आर.एल.डी. से विधायक सुभाष गर्ग को विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने समर्थन दिया था।

# कृषक हितैषी बजट के लिए प्रदेश भर से आए किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, अन्नदाता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है

जयपुर, 12 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनके घरों में खुशहाली लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर परिवर्तित बजट-2024-25 में कृषि संबंधी ऐतिहासिक घोषणाओं के लिए किसानों द्वारा आयोजित अभिनन्दन और आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

- **शर्मा ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि देश में सर्वाधिक शासन करने वालों ने किसान की चिंता नहीं की।**
- **राज्य बजट में कृषक कल्याण के लिए 96 हजार करोड़ रूपये से अधिक का प्रावधान किए जाने पर किसानों ने खुशी जताई।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपए करने तथा गेहूं की एमएसपी बढ़ाने तथा पशुपालकों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 1 लाख रुपए तक का ऋण देने जैसे निर्णय हमारी किसान एवं पशुपालक हितैषी नीति का प्रतीक हैं।

शर्मा ने कहा कि किसान परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण का संकल्प पूरा करने के लिए राज्य के परिवर्तित बजट 2024-25 में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण के लिए 96 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक का प्रावधान किया गया है। राजस्थान इरीगेशन वाटर ग्रिड मिशन के अन्तर्गत 50 हजार करोड़ रुपये तथा रन ऑफ वाटर ग्रिड के अन्तर्गत 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्य करवाये जायेंगे। इसके साथ ही राजस्थान कृषि विकास योजना के तहत 650 करोड़ रुपए के कार्य कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में इंदिरा गांधी नहर परियोजना के द्वितीय चरण में एक हजार 430 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के कार्य करवाने, एक लाख 45 हजार कृषि विद्युत कनेक्शन जारी करने तथा ऊँटपालकों को सहायता राशि बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष करने सहित अनेक प्रावधान किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि बजट में ‘कुसुम योजना’ के माध्यम से किसान भाइयों को दिन के समय में सिंचाई हेतु बिजली दिये जाने का कार्य वर्ष 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे किसान भी दिन में खेती संबंधी कार्य निपटाकर सरकारी कर्मचारियों की तरह शाम को घर लौट सकेंगे। इस वर्ष 23 हजार करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किये जाएंगे। इसके अंतर्गत 5 लाख नये किसान भी ऋण प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही राजस्थान एग्रीकल्चर एंड हॉर्टीकल्चजर मिशन एवं ऑर्गेनिक एंड कन्वेंशनल फार्मिंग बोर्ड का गठन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उन्नत तकनीक को बढ़ावा देने तथा किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए 10 एग्रो क्लाइमेट ज़ोन्स में 2-2 कलस्टर विकसित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए पशुपालन बड़ा आर्थिक संबल है। इसको ध्यान में रखते हुए पशुपालन संवर्द्धन, संरक्षण एवं विकास के लिए 250 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन किया जाएगा।

ऐतिहासिक परिवर्तित बजट 2024-25 में किसानों के लिए दी गई अनेक सौगातों से किसान बेहद खुश नजर आए। किसानों ने ढोल-मंजीरे बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। राज्य के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुनूं, अजमेर, पाली, दौसा तथा अलवर सहित विभिन्न जिलों से आए किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में सरकार द्वारा कृषक कल्याण के लिए भारी बजट का आवंटन यह दर्शाता है कि यह किसान हितैषी सरकार है। किसानों ने मुख्यमंत्री की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और ‘किसानों को मिला पूरा सम्मान... विकसित बनता राजस्थान’... जैसे नारे भी लगाए। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रतीक स्वरूप हल, और बाजरे की फसल भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान किसानों से संवाद भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, सांसद सी.पी. जोशी, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना सहित बड़ी संख्या में किसान एवं आमजन उपस्थित थे।

## ‘हैडलाइन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समाचारों की सुर्खियां बटोरने का दूसरा प्रयास है जिन्होंने पिछले दस वर्षों से भारत की जनता पर अघोषित आपतकाल लगा रखा है, जिसने उन्हें व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय की शक्ति प्रदान की थी, मोदी की 4 जून 2024 नैतिक पराजय हुई है, जिसे इतिहास में मोदी मुक्ति दिवस के रूप में जाना जाएगा।’’

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि ‘‘ये एक ऐसे ‘नॉन-बायोलॉजिकल’ प्रधानमंत्री हैं जिनकी विचारधारा वाले परिवार ने नवम्बर 1949 में भारतीय संविधान को इसलिए अस्वीकार कर दिया था कि यह मनुस्मृति से प्रेरित नहीं था। ये एक ऐसे ‘नॉन-बायोलॉजिकल’ प्रधानमंत्री हैं जिनके लिए लोकतंत्र का मतलब केवल डेमो-कुर्सी है।’’

## 25 जून, ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सरकार ने सत्ता व्यापक रूप से ‘‘घोर दुरुपयोग किया था और भारत के लोगों को ज्यादातियों और अत्याचारों का सामना करना पड़ा था।’’

शाह ने कहा कि 25 जून, 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ‘‘तानाशाही मानसिकता का खुला प्रदर्शन करते हुए’’ देश पर आपातकाल थोप कर भारत के लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था।’’

# कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने जोधपुर की एम.बी.एम. युनिवर्सिटी बंद करने की मांग की

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 12 जुलाई। कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2021 में जोधपुर में खोली गई एम.बी.एम. युनिवर्सिटी को बंद करने की मांग शुक्रवार को विधानसभा में उठाई। हरीश चौधरी ने कहा कि वर्ष 2021 में जयनारायण युनिवर्सिटी की जमीन के दो टुकड़े करके एम.बी.एम. विश्वविद्यालय खोला गया। उसका कोई नया तुक नहीं था, इसे खोलते वक्त कुतर्क दिया गया कि इस युनिवर्सिटी को सेंटर ऑफ एक्सलैंस बनाया जाएगा। यह भी कुतर्क दिया गया कि अलुमनाई वित्तीय तौर पर सहायता करेगी, लेकिन क्या हुआ? 3 साल में क्या हालात बने हुए हैं? दोनों विश्वविद्यालय अंतिम सांस ले रहे हैं।

- **पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने वर्ष 2021 में जयनारायण व्यास युनिवर्सिटी की जमीन के टुकड़े करके यह युनिवर्सिटी बनाई थी**
- **हरीश चौधरी ने कहा कि एम.बी.एम. युनिवर्सिटी खोलने का कोई तुक नहीं था। इसे खोलते वक्त कुतर्क दिया गया कि इस युनिवर्सिटी को ‘‘सैंटर ऑफ एक्सलैंस बनाया जाएगा। लेकिन क्या हुआ? तीन साल में क्या हालात बन गए हैं, दोनों विश्वविद्यालय अंतिम सांस ले रहे हैं।’’**

चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय की कक्षाओं में सन्नाटा है, यह सन्नाटा प्रदेश के भविष्य का सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई कक्षा भी नहीं लग रही। वहां के प्रोफेसर रिटायर हो चुके, उन्हें आज पेंशन नहीं मिल रही है। रिटायर्ड प्रोफेसर को फुटपाथ पर लाकर बैठा दिया है, वो अनशन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय का मूल काम शोध है, दोनों विश्वविद्यालयों में शोध कार्य नहीं हो रहा है। दोनों विश्वविद्यालय केवल परीक्षा कराने के नाम पर चल रहे हैं।

हरीश चौधरी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने सेंटर फॉर एक्सलैंस के आधार पर युनिवर्सिटी बनाई, लेकिन तत्कालीन राजस्थान सरकार ने उसके लिए एक कदम भी नहीं उठाया। दोनों विश्वविधालयों को वापस मर्ज करने का एक्ट लाया जाए। एम.बी.एम. युनिवर्सिटी एक्ट 2021 को खत्म कर जयनारायण व्यास विश्वविधालय नाम से एक ही विश्वविधालय हो, जिससे वहां रिचर्स, नियमित शिक्षण गतिविधियां, दूसरे प्रोफेसरों की नियुक्ति समय पर हो सके।

# आर.एस.एस. मानहानि मामले में राहुल गांधी को बड़ी राहत

मुंबई, 12 जुलाई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भिवंडी कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) के कार्यकर्ता द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों को सबूत के रूप में स्वीकार करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के चव्हाण ने राहुल गांधी द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया है। राहुल गांधी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया गया था कि ट्रायल कोर्ट ने आरएसएस पदाधिकारी राजेश कुंटे को देर से कुछ दस्तावेज पेश करने की अनुमति दी थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, ठाणे में भिवंडी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 3 जून को कुंटे द्वारा प्रस्तुत कुछ दस्तावेजों को सबूत के तौर पर रिकॉर्ड में दर्ज किया था। कुंटे राहुल गांधी के खिलाफ मामले में शिकायतकर्ता हैं।

मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कथित अपमानजनक भाषण की प्रतिलिपि (ट्रांसक्रिप्ट) को सबूत के तौर पर स्वीकार किया था, जिसके आधार पर ये मानहानि का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि राहुल गांधी ने इसे इस आधार पर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी कि मजिस्ट्रेट का आदेश कुंटे द्वारा दायर एक अन्य याचिका में हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश के आदेश का उल्लंघन है, जो उसी मानहानि की शिकायत से संबंधित है।

## ‘राजनीति में हार-जीत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पारिवारिक गढ़ अमेठी से स्मृति ईरानी के खिलाफ तथा उनकी बहन प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी। ज्ञातव्य है कि रायबरेली सीट भी गांधी परिवार का एक अन्य गढ़ है तथा यह सीट सोनिया गांधी के राज्यसभा सांसद बन जाने पर खाली हो गई थी।

कांग्रेस की इच्छा राहुल गांधी को अमेठी के बजाय केरल की वायनाड सीट तथा रायबरेली सीट से चुनाव लड़ाने की थी। स्वयं राहुल गांधी भी यही चाहते थे। इसलिए अमेठी सीट पर ईरानी के विरूद्ध किशोरी लाल शर्मा खड़े कर दिये गये थे।

जब शर्मा की उम्मीदवारी की घोषणा हो गई थी, तो स्मृति ईरानी, जो उस समय महिला तथा बाल विकास की केन्द्रीय मंत्री थीं, ने उपहास करते हुये कहा था, ‘‘मेरा मानना है कि कांग्रेस के प्रत्याशी तथा पूरे गांधी परिवार का अमेठी की लड़ाई से पीछे हटना महत्व रखता है क्योंकि जहाँ तक मेरा प्रश्न है, यह अमेठी से कांग्रेस पार्टी की हार की घोषणा है।’’

स्मृति ईरानी ने मीडिया से कहा था, ‘‘यह पहला अवसर नहीं है, जब राहुल गांधी अमेठी से भागे हैं। वे 2019 में भी भाग गये थे। अन्तर केवल इतना है कि पिछली बार उन्हें वायनाड में राहत मिल गई थी लेकिन इस बार उन्होंने चुनाव न लड़ना ही उचित समझा है। इस प्रकार, यह दूसरा अवसर है, जब वे अमेठी की लड़ाई को छोड़कर चले गये हैं।

स्मृति ईरानी ने अपनी हार, जो उनके लिये, भाजपा के लिये तथा चुनाव पर नज़र रखने वालों के लिये एक आघात थी, के बाद ईरानी ने कहा था कि उनका जीवन एवं उत्साह अभी भी चरम पर है।

स्मृति ईरानी ने ‘‘एक्स’’ पर पोस्ट किया था, -‘‘(मेरा) जीवन ऐसा ही है।....... मेरे जीवन का एक दशक एक गाँव से दूसरे गाँव जाने, (लोगों के) जीवन बनाने, आशाओं और आकांक्षाओं को पोषित करने, इन्फ्रास्ट्रक्चर सड़क, नाली, खड़ंजा, बाईपास, मैडिकल कॉलेज तथा और भी बहुत कुछ- पर काम करने में गुजरा है। मैं उन लोगों के प्रति कृतज्ञ हूँ, जो हार तथा जीत में मेरे साथ खड़े हुये हैं। आज का दिन उत्सव के रूप में मनाने वालों को बधाई। और यह पूछने वालों कि ‘‘(मेरे) जोश की क्या स्थिति है?, को मेरा कहना है कि यह अब भी हाई है।’’

## लोक अदालत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बहिष्कार किया है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया कि काफी लंबे समय से वकीलों की मांग को लेकर हाईकोर्ट प्रशासन को प्रतिवेदन दिए गए हैं, लेकिन उन मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिसके चलते वकील समुदाय में रोष व्याप्त है। इसके अलावा कुछ न्यायाधीश अधिवक्ताओं को उचित सम्मान भी नहीं देते हैं और उन्हें अपमानित करते हैं। ऐसे में लोक अदालत के शुभारंभ समारोह का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

लोक अदालत को लेकर प्राधिकरण के सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि प्री-लिटिगेशन और लंबित मुकदमों में से दस लाख मुकदमे लोक अदालत के समक्ष सूचीबद्ध करने के लिए चिन्हित किए जा चुके हैं।

इन मुकदमों की सुनवाई के लिए अधीनस्थ अदालतों में कुल 512 बेंचों का गठन किया गया है। हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ में पांच बेंच और जयपुर पीठ में चार बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में राजीनामा हो सकने वाले सिविल, आपराधिक, सेवा, श्रम, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक सहित अन्य प्रकृति के प्रकरणों को सूचीबद्ध किया गया है।

# मु.मंत्री भजनलाल ने छत्तीसगढ़ के सी.एम. को धन्यवाद दिया

जयपुर, 12 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के विद्युत गृहों को कोयले की आपूर्ति के लिए हसदेव अरण्य कोलफील्ड में संचालित परसा ईस्ट एवं कांता बासन (पी.ई.के.बी.) कोल ब्लॉक की 91.21 हेक्टयर वनभूमि का उपयोग करने की अनुमति देने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य की 4340 मेगावाट क्षमता की तापीय विद्युत परियोजनाओं को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने में काफी सहायता मिलेगी।

- **छत्तीसगढ़ सरकार ने पी.के.ई.बी. कोल ब्लॉक के लिए 91.21 हैक्टेयर वन भूमि के प्रयोग की अनुमति दी है, इससे राजस्थान के बिजली घरों को कोयले की आपूर्ति हो सकेगी।**

मुख्यमंत्री भजनलाल ने छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कांता एक्सटेंशन से संबंधित पर्यावरण मंजूरी हेतु आवश्यक सार्वजनिक सुनवाई व वन मंजूरी का पंजीकरण शीघ्र करवाने की व्यवस्था कराने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि परसा कोल ब्लॉक पर खनन कार्य प्रारंभ करने हेतु भूमि पर पेड़ों की कटाई करवाकर भूमि को आर.वी.यू.एन. को सौंपने की व्यवस्था कराई जाए। पी.ई.के.बी. कोल ब्लॉक से खनन कार्य निरंतर जारी रखने तथा वित्त वर्ष 2024-25 में 18 एम.टी.पी.ए. की उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए आवश्यक 108 हेक्टेयर भूमि पेड़ों की कटाई करवाकर एवं वित्त वर्ष 2025-26 से अगले छः वर्षों के खनन कार्यों हेतु आवश्यक 411 हेक्टेयर भूमि पेड़ों की कटाई के पश्चात आर.वी.यू.एन. को सौंपने की व्यवस्था कराई जाए।

## भाजपा नेता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अक्सद पर अलवर शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में आर.एस.एस. ऑफिस के पास हमला हुआ था, जिसमें अकरम पुत्र अक्खा, वसीम पुत्र दिलावर, इरफान पुत्र दिलावर, इमरान निवासी बेलाका गांव और साजिद अक्सद के साथ भारी मार पीट की और उसके हाथ पैर तोड़ दिए।

- **जानकारों का कहना है कि यह आपसी रंजिश का मामला है। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है।**

इन आरोपियों में से किसी एक को 2 साल पहले शादी समारोह में यासीन के बड़े भाई ने किसी बात पर थप्पड़ मारा था, और डांट दिया था। लोगों का कहना है कि उसी रंजिश में पहले यासीन के भतीजे पर हमला किया और अब यासीन की हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# ई.डी. की ‘‘पिक एण्ड चूज़’’ पॉलिसी पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

## मु.मंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने वाले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ई.डी. को एकरूपता बनाए रखनी चाहिए। इसके अलावा उसका आचरण भी सुसंगत और एकरूप होना चाहिए

नई दिल्ली, 12 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने कथित शराब घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉण्डरिंग केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बैंच ने कहा, ‘‘हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अरविंद केजरीवाल निर्वाचित नेता हैं।’’ बैंच ने यह भी कहा कि केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से कारावास में हैं लेकिन यह निर्णय केजरीवाल को करना है कि वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे या नहीं। इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय ने कहा कि ई.डी. गिरफ्तार करने की शक्ति का प्रयोग करते समय उन सामग्रियों को नजरअंदाज नहीं कर सकता जो आरोपी को दोषमुक्त करती हैं।

कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने के मामले में ईडी पिक एंड चूज पॉलिसी नहीं अपना सकती है। कोर्ट ने कहा, ‘‘किसी अधिकारी को गिरफ्तार किए जाने वाले व्यक्ति को फंसाने वाली सामग्री को चुनने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्हें गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को दोषमुक्त और दोषमुक्त करने वाली अन्य सामग्रियों पर भी समान रूप से विचार करना होगा।’’ कोर्ट ने कहा कि आई.पी.सी. की धारा 19(1) के तहत गिरफ्तार करने की शक्ति का प्रयोग अधिकारी की मर्जी और पसंद के अनुसार नहीं किया जा सकता है।

कोर्ट ने इस बात पर भी चिंता जताई कि ईडी दर्ज मामलों में चुनिंदा आधार पर जांच और अन्य कार्यवाही कर रही है। अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने वाले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ई.डी. को एकरूपता बनाए रखनी चाहिए।

इसके अलावा उसका आचरण भी सुसंगत और एकरूप होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि सभी के लिए एक ही नियम के तहत कार्रवाई करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से जुड़े डेटा पर भी कई सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने पूछा कि मामलों को निपटाने के लिए ईडी के पास कोई एक समान नीति है या नहीं?

# नेपाल में पुष्प दहल कमल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार गिरी

काठमांडु, 12 जुलाई। नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई है। शुक्रवार को संसद में वह विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए जिसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले सप्ताह उनकी सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था। देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 69 वर्षीय प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े। विश्वासमत हासिल करने के लिए कम से कम 138 वोट की जरूरत थी। प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को पद संभालने के बाद चार बार विश्वासमत हासिल करने में सफल रहे, लेकिन इस बार उन्हें असफलता मिली।

पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने सदन में सबसे बड़ी पार्टी है। इसने नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पहले ही अगले प्रधानमंत्री के रूप में ओली का समर्थन कर चुके हैं। नेपाली कांग्रेस के पास प्रतिनिधि सभा में 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। इस तरह दोनों की संयुक्त संख्या 167 है, जो निचले सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 138 से कहीं अधिक है।

## लिलीपूल का...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस संपत्ति को किसी तीसरे व्यक्ति को देने के लिए आमादा हैं। जबकि देवराज और लालित्या का लिलीपूल पर कोई स्वामित्व ही नहीं है। ऐसे में जब तक मूल वाद का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक संपत्ति को किसी अन्य को अंतरित नहीं करने और इस संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने देवराज और लालित्या को आदेश दिए हैं कि वे संपत्ति के स्वामित्व के संबंध में लंबित मूल वाद के निस्तारण कर इस पर यथा स्थिति बनाए रखें।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908